


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 100, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



**आज का मौसम** — 34.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 13 | सूर्यास्त 07 :07

हल्द्वानी, रविवार, 1 जून 2025

कोलंबिया ने बयान लिया वापस, भारतीय नीति का किया समर्थन...14

## जम्मू-कश्मीर सहित छह सीमावर्ती राज्यों में मॉक ड्रिल

- हवाई हमलों से बचाव का किया गया अभ्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्र सरकार के निर्देश पर उत्तर-पश्चिमी सीमावर्ती राज्यों में 'आपरेशन शील्ड' के तहत वायु हमलों से बचाव के लिए छद्म अभ्यास (मॉक ड्रिल) किए गए।

केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अलग अलग स्थानों में हुए इस अभ्यास में सिविल डिफेन्स और विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने जनभागीदारी के साथ हवाई हमले से बचाव के प्रदर्शन किए। श्रीनगर में अमर सिंह निवास में आयोजित इस मॉक ड्रिल में विभिन्न सरकारी और सिविल एजेंसियों ने भाग लिया। जम्मू में भी जिला प्रशासन ने आपातकालीन तैयारियों और सुरक्षा प्रशिक्षण के तहत इस ड्रिल का आयोजन किया गया। उधर राजस्थान में जयपुर में मॉक ड्रिल के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और वाहनों की लाइटें बंद कर नागरिकों ने इस प्रयास में विशेष सहयोग दिया। हरियाणा के 22 जिलों में मॉक ड्रिल किया गया। उधर गुजरात के जूनागढ़ शहर और केशोद क्षेत्र में भी आपरेशन ब्लैकआउट के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

# देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य

## सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सीजेआई) भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 680 करोड़ से वकीलों के लिए बने चैंबर्स और मल्टीलेवल वाहन पार्किंग भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्र, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, यूपी के एडवोकेट जनरल अजय कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।



सीजेआई को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री योगी।

### वादकारी का भी बड़ा महत्वः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का महत्व भी उतना ही है। कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स के एक्सटेंशन के लिए भी जल्द धनराशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ से देश-विदेश के 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अभिभूत होकर गए। इसमें बड़ी भूमिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की भी थी।

### पॉवरफुल सीएम हैं योगी : गवई

सीजेआई ने कहा कि अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं ही।

### एक नजर

#### प्रख्यात वन्यजीव संरक्षक वाल्मीक थापर का निधन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रख्यात वन्यजीव संरक्षणवादियों और लेखकों में से एक वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। नई दिल्ली में 1952 में जन्मे थापर ने अपना जीवन खासकर राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 1988 में 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की जो समुदाय-आधारित संरक्षण प्रयासों पर केंद्रित एक गैर-सरकारी संगठन है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज का रणथंभौर खास तौर पर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून का प्रमाण है।

#### आय से अधिक संपत्ति में अभियंता गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एक वरिष्ठ अभियंता को उनकी सेवानिवृति के दिन आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राज्य सतर्कता विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अभियंता से जुड़े परिसरों पर तलाशी के दौरान 2.56 करोड़ रुपये की नकदी बरामद होने और कई अचल संपत्तियों की जानकारी मिलने के एक दिन बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सारंगी शनिवार को 34 वर्षों की सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी, यही उनका काल बना

## प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को फिर चेताया, अब छद्म युद्ध नहीं चलेगा

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें (आतंकवादियों को) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में मोदी ने सिंदूर को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। कहा कि आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, यही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।




कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराते प्रधान मंत्री मोदी, मप्र के सीएम मोहन यादव।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए।

### पहलगाम में हमारी संस्कृति पर हुआ था प्रहार

मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है। सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, ये चुनौती ही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।

# उत्तराखंड में अब आपदा सखी योजना, सीएम ने की घोषणा

## राज्य में आपदा मित्र की तरह काम करेंगी महिला स्वयंसेवक

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य में अब आपदा मित्र योजना की तरह आपदा सखी योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस योजना से महिला स्वयंसेवकों को आपदा से पूर्व चेतावनी, प्राथमिक चिकित्सा, राहत एवं बचाव कार्यों, मनोवैज्ञानिक सहायता आदि के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में सहायक सिद्ध होने के साथ आपदा प्रबंधन में समाज की सक्रिय सहभागिता को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाएगी।

शनिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा आयोजित मानसून-2025 तैयारी योजना कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि आपदा की दृष्टि से उत्तराखंड संवेदनशील राज्य है। हमें बीते वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं से सबक लेते हुए काम करना है। प्राकृतिक आपदाओं को टाला नहीं जा सकता, लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया, सतर्कता और समन्वित राहत एवं बचाव कार्यों से जन-धन की हानि को कम किया जा सकता है जिसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय के साथ सजगता एवं संवेदनशीलता भी बेहद जरूरी है। यह कार्यशाला आपदा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाली चुनौतियों के बेहतर प्रबंधन के लिए सहायक सिद्ध होगी।



देहरादून में मानसून प्रबंधन कार्यशाला का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### दोनों प्रकार की रणनीति जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदाओं के प्रभावी निपटारे के लिए हमें प्रोएक्टिव और रिएक्टिव दोनों प्रकार की रणनीतियों को अपनाना होगा। जैसे वर्ष 2024 में गौरीकुंड में बादल फटने की घटना के दौरान प्रोएक्टिव अप्रोच अपनाकर हजारों लोगों की जान बचाने में सफलता प्राप्त की थी। वर्ष 2024 में ही टिहरी जनपद के तोली गांव में हुए भूस्खलन से पूर्व ही प्रशासन की त्वरित कार्यवाही के कारण 200 से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकी थी। आपदा के समय प्रभावितों के साथ खड़े रहना हमारी प्राथमिकता है।

(संबंधित पेज-2)

## बारिश-भूस्खलन से पूर्वोत्तर में तबाही, 19 लोगों की मौत



असम के गुवाहाटी में एक स्कूल की चारदीवारी ढह जाने के बाद सड़क किनारे क्षतिग्रस्त कार।

- बाढ़ आने और घर गिरने से पांच राज्यों में हजारों परिवार प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं।

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जिलों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी कामेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 के बाना-सेप्पा खंड पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन के कारण एक वाहन के सड़क से बह जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि निचला सुबनसिरी जिले में एक अन्य घटना में जीरो-कामले मार्ग पर पाइन ग्रूव क्षेत्र के निकट एक खेत में भूस्खलन होने से दो मजदूरों की मौत हो गई ऊपरी सुबनसिरी में सिगिन नदी के उफान पर आने से जिला मुख्यालय दापोरिजो में अचानक आई बाढ़ से व्यापक क्षति हुई है।

वहीं, असम में पिछले 24 घंटों में हुए भूस्खलन में पांच लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण छह जिलों में बाढ़ आ गई है जिससे 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मकान ढहने से म्यांमा के तीन शरणार्थियों समेत चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मानसून में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मणिपुर में भी कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। त्रिपुरा में भी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति है।

## शादी की दावत खाने से 108 ग्रामीणों की हालत बिगड़ी, कई अस्पताल में भर्ती

- चम्पावत के ग्राम सीलिंग के तोक खीड़ी का मामला

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत में ग्राम सीलिंग के तोक खीड़ी में शादी की दावत खाकर 108 ग्रामीणों की हालत बिगड़ गई। इनमें से 100 ग्रामीणों को गांव में ही प्राथमिक उपचार दिया गया जबकि हालत गंभीर होने पर पांच लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

स्वास्थ्य, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त जांच के अनुसार, शुक्रवार को गांव के निवासी लक्ष्मण गिरी के विवाह समारोह के अवसर पर गांव में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया था, जिसमें आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से 250 लोगों को आमंत्रण दिया गया था। प्रीतिभोज में दाल, चावल, सब्जी, रायता और खीर ग्रामवासियों द्वारा ही बनाई गई थी। शुक्रवार शाम 4 बजे तक दावत खाने के बाद ग्रामीण घरों को चले गए। शुक्रवार देर रात अधिकांश ग्रामीणों को उल्टी, दस्त और बुखार की समस्या होने लगी, जिसके बाद कुछ लोग निजी वाहनों से तो कई 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाए गए।

शनिवार तड़के तक जब एक ही गांव के कई लोग अस्पताल में भर्ती हुए, तब जाकर मामला चर्चा में आया। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के निर्देश पर प्रभारी सीएमएस डॉ. सोनाली मंडल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव खीड़ी के 100 लोगों और गांव पोखरी के 3 ग्रामीणों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया, जो स्वस्थ बताए गए। पांच ग्रामीणों का उपचार उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट में किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि अंदेशा है कि भोज में परोसे गए भोजन में कोई खाद्यजनित संक्रमण हो सकता है। भोजन के सैंपल लेकर जांच की जा रही। स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव में ही तैनात किया गया है।

## अनियंत्रित कार गहरी खाई में गिरी बालक की मौत

**रामनगर।** पौड़ी गढ़वाल के सल्ट बीरोंखाल ब्लॉक के रसिया महादेव के पास शनिवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार 12 साल के बालक अभि गोसाई की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दिल्ली निवासी एक ही परिवार के सदस्य अपनी कार से रसिया महादेव जा रहे थे, जहां उन्हें विवाह समारोह में शामिल होना था। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बनी है, जिन्हें रामनगर संयुक्त चिकित्सालय से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

(विस्तृत पेज-4)

## हल्द्वानी में पत्नी के प्रेमी की पत्थर से कूंचकर हत्या

- अपने घर में ही अंजाम दी घटना हत्यारोपी पति गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र के गौजाजाली में एक युवक ने अपनी पत्नी के प्रेमी की पत्थर से कूंचकर हत्या कर दी। घटना को पति ने शुक्रवार रात अपने ही घर में पत्नी की मौजूदगी में अंजाम दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने शनिवार को बताया कि वार्ड 60 गौजाजाली निवासी अनिल साहू यहां पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। आरोप है कि राजेंद्र नगर गली नंबर-2 निवासी तरुण रावत (26) के अनिल की पत्नी से प्रेम संबंध थे। शुक्रवार रात तरुण, अनिल के घर आया तो फिर से दोनों के बीच विवाद हुआ, तरुण वहां जबरन घर में सो गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, रात करीब डेढ़ बजे अनिल ने गहरी नींद में सोये तरुण के चेहरे और सिर पर भारी पत्थर से वार कर डाले। शोर मचने पर आसपास के लोग पहुंच गए। तरुण को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में अनिल और उसकी पत्नी के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

# छह लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाकिस्तान का दावा गलत

## सीडीएस ने विमानों के क्षति की बात स्वीकार की, कहा-विमान का गिरना अहम नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे

- सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति

सिंगापुर/नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी सरासर गलत बताया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस ने नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। भारत ने कहा कि इन सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर हुआ। सीडीएस की यह टिप्पणी पड़ोसी देश के साथ चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति है।पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीडीएस ने कहा कि मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे। जनरल चौहान से पूछा गया कि क्या इस महीने पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के दौरान भारत ने लड़ाकू विमान गंवाए थे। सिंगापुर के दौरे पर गए सीडीएस ने कहा कि अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए, उन्हें सुधारा और दो दिन बाद फिर से लागू किया। हमने अपने सभी लड़ाकू विमानों को फिर से लंबी दूरी का लक्ष्य करके उड़ाया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान छह भारतीय विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती ने स्वीकार किया था कि नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय वायुसेना के सभी पायलट सुरक्षित घर लौट आए हैं।



### नुकसान का सच बताए सरकार : कांग्रेस

जनरल चौहान की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद कांग्रेस ने सरकार से कहा कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। कांग्रेस नेता उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि विशेष रूप से सीडीएस की स्वीकृति के मद्देनजर देश यह जानना चाहता है कि क्या सैन्य टकराव के दौरान कोई विमान गिराया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 1999 में तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने भारत के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रमण्यम, जिनके पुत्र अब हमारे विदेश मंत्री हैं, की अध्यक्षता में कारगिल समीक्षा समिति का गठन किया था। रमेश ने 'एक्स' पर कहा कि क्या सीडीएस के खुलासे के बाद सरकार भी वैसा ही कदम उठाएगी?

## गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को 99 गोल्फरों ने किया प्रतिभाग

# यहां गोल्फ खेलना अद्वितीय व आनंददायक

संवाददाता, नैनीताल





गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान शॉट लगाता एक खिलाड़ी और मौजूद गोल्फर्स। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजभवन गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन 9 महिला गोल्फरों सहित 99 गोल्फरों ने प्रतिभाग किया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागी न केवल इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं, बल्कि नैनीताल स्थित राजभवन गोल्फ कोर्स की सुरम्य प्राकृतिक छटा का भी आनंद उठा रहे हैं।

प्रतिभागियों ने शनिवार को अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक परिवेश में गोल्फ खेलना उनके लिए एक अद्वितीय और आनंददायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स की व्यवस्थाएं, आतिथ्य सत्कार तथा आयोजन की उत्कृष्टता उन्हें बार-बार यहां खींच लाती है।

कई गोल्फरों ने उल्लेख किया कि वे विगत कई वर्षों से इस टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रहे हैं और प्रत्येक बार उन्हें यहां खेलना एक नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करता है। राजभवन गोल्फ कोर्स, जो अपनी ऐतिहासिकता और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है, गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के माध्यम से न केवल गोल्फ को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि उत्तराखंड के पर्यटन और सांस्कृतिक आकर्षण को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कर रहा है।

## तंबाकू का सेवन न करने के प्रति किया जागरूक

**नैनीताल :** विश्व तंबाकू दिवस के मौके पर नैनीताल चेतराम शाह ठुलघरिया इंटर कॉलेज में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें तंबाकू का सेवन नहीं करने के प्रति जागरूक किया गया।

नैनीताल विधायक सरिता आर्या, नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड स्वाति भदौरिया मौजूद ने संयुक्त रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया। राज्य नोडल अधिकारी तंबाकू नियंत्रण डॉ. कुलदीप मर्तोलिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसी पंत ने व्याख्यान दिया। संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा ने किया। नितिन कार्की नगर अध्यक्ष भाजपा, डॉ. तरुण कुमार टम्टा, डॉ. एनसी तिवारी, डॉ. कुमुद पंत, प्रधानाचार्य मनोज पांडेय, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# बदलाव: मौसम सुधरने के साथ गरमा गई सरोवर नगरी

- धूप असहनीय हुई, पारा 30 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

संवाददाता, नैनीताल



शनिवार को सरोवर नगरी का मौसम कुछ इस तरह रहा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौसम सुधरते ही नैनीताल गरमाने लगा है। शनिवार को दिन के समय धूप असहनीय हो गई। तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इस पूरे माह अधिकांश समय मौसम खराब रहा, जिस कारण तापमान सामान्य के करीब बना रहा। मगर शनिवार को नगर के मौसम का बिगड़ा मिजाज सुधरा तो सूर्य की तपिश भी बढ़ गई। हालांकि हल्के बादलों का आना-जाना लगा रहा, लेकिन तापमान पर प्रभाव नहीं डाल सके। अलबत्ता दिन चढ़ने के साथ ही तापमान भी बढ़ता चला गया।

दिन के समय लोग छांव की शरण लेने को मजबूर हुए। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों मे मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हल्की व मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। साथ ही, तेज हवाएं चलने की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 30 व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 45 प्रतिशत रही।

## एक नजर

### सड़क किनारे वाहन पार्क करने पर 10 के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में सड़क किनारे वाहन पार्क कर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वाले 12 वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नैनीताल में पर्यटकों की आमद बढ़ने से यातायात भी प्रभावित रहा। पार्किंग स्थल पैक होने के बाद कई बार सड़कों पर बार वाहनों की लंबी कतार नजर आई। वहीं, सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क होने से जाम की समस्या भी पैदा हुई। कोतवाली पुलिस की ओर से सड़क किनारे पार्क वाहन करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क कर यातायात प्रभावित करने वाले 13 लोगों के खिलाफ एमवी एक्ट में कार्रवाई की गई है।

### वारंटी को गिरफ्तार किया

**नैनीताल, अमृत विचार :** पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचना के वारंटी सुरेंद्र सिंह निवासी श्याम नगर, बाबरखेड़ा, ऊधमसिंह नगर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। जिसे रविवार को गिरफ्तार किया गया है।

# आपदा प्रबंधन विभागों का सामूहिक दायित्व

## मानसून-2025 तैयारी योजना कार्यशाला में बोले सीएम धामी, जनता की सक्रिय सहभागिता को बताया आवश्यक

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा आयोजित मानसून-2025 तैयारी योजना कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन सभी विभागों का सामूहिक दायित्व है जिसमें सभी विभागों के साथ आम जनता की सक्रिय सहभागिता भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि, आपदा प्रबंधन में जनभागीदारी का होना बेहद आवश्यक है। जब तक समाज जागरूक, प्रशिक्षित और सतर्क नहीं होगा, तब तक किसी भी सरकारी प्रयास का प्रभाव सीमित ही रहेगा। आपदा के दौरान सबसे पहले स्थानीय नागरिक ही मौके पर होते हैं इसलिए ग्रामीण स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियों, महिला एवं युवा समूहों, स्वयंसेवी संगठनों तथा रेडक्रॉस जैसी संस्थाओं को प्रशिक्षित करना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वानुमान पर गंभीरता से काम करने पर आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है। राज्य सरकार आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक उपायों को अपनाने पर जोर दे रही है। राज्य में रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित करने के साथ ड्रोन सर्विलांस, जीआईएस मैपिंग और सेटेलाइट मॉनिटरिंग के माध्यम से आपदा के संभावित जोखिम क्षेत्रों की पहचान कर रही है।

आपदा के नुकसान को कम करने के लिए राज्य में आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। सिल्क्यारा रेस्क्यू अभियान के दौरान भी उन्होंने स्वयं टनल में फंसे मजदूरों से संवाद किया था, जिससे उनका हौसला बढ़ाया जा सका था।

### निरंतर रहे समन्वय और संवाद

मुख्यमंत्री धामी ने आपदा प्रबंधन के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य सैन्य बलों से अधिकारियों को निरंतर समन्वय और संवाद स्थापित करने के लिए कहा। कहा कि भूस्खलन, बाढ़ और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर जेसीबी, क्रेन एवं आवश्यक उपकरणों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही, संवेदनशील और पुराने पुलों की तकनीकी जांच कर आवश्यकतानुसार बैली ब्रिज एवं वैकल्पिक व्यवस्था हेतु भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नदियों के किनारे बसे क्षेत्रों में जलस्तर की निरंतर मॉनिटरिंग के लिए तकनीकी यंत्रों और मानव संसाधन की तैनाती करने, खाद्यान्न, ईंधन, पेयजल एवं जीवनरक्षक औषधियों की पर्याप्त आपूर्ति सभी जिलों में अभी से सुनिश्चित करने के साथ सभी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### हमें और बेहतर करना है: मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि मौसम विभाग ने मानसून के जल्द आने और सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान लगाया है। हमें मानसून से पूर्व पुख्ता इंतजाम करके आपदा के प्रभाव को कम करना है। संसाधनों का बेहतर उपयोग व तकनीकी संसाधनों का प्रयोग इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है, जिसका हमें और बेहतर प्रयोग करना है।

### राज्य को 140 करोड़ रुपये की स्वीकृति

राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के सदस्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय मौसम विभाग ने आगामी मानसून में उत्तराखंड के लिए सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान जताया है ऐसे में उत्तराखंड के लिए 15 जून से सितंबर तक आपदा की नजर में महत्वपूर्ण समय है। बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन, भूकंप की दृष्टि से राज्य बेहद संवेदनशील है। इनसे बचने के लिए बेहतर पूर्वानुमान, बुनियादी ढांचा, जनजागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष चारधाम यात्रा बेहद सुचारू रूप से चल रही है। चारधाम यात्रा का प्रबंधन बेहद अच्छा है। भूस्खलन से बचाव को उत्तराखंड को एनडीएमए ने140 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। एनडीएमए द्वारा 190 संवेदनशील झीलों के लिए उत्तराखंड को 40 करोड़ रुपये का आवंटन हो चुका है। फॉरेस्ट फायर को लेकर उत्तराखंड की तैयारियां इस वर्ष बेहद अच्छी हैं। उत्तराखंड को फॉरेस्ट फायर के लिए 16 करोड़ रुपये की स्कीम को स्वीकृति प्रदान की है। भूकंप के लिए भी उत्तराखंड को आवश्कतानुसार धनराशि दी जाएगी। एनडीएमए ने पूरे देश में आने वाली आपदाओं के लिए गाइडलाइन बनाई हैं, जिसे जिले स्तर तक पहुंचाना है।

### ग्राउंड जीरो पर रहे सीएम धामी

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबन्धन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहेला ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम से कम किया गया है। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सिल्क्यारा रेस्क्यू अभियान में हमने सफलता हासिल की। रुद्रपुर बाढ़ के दौरान भी मुख्यमंत्री ग्राउंड जीरो पर थे। घनसाली आपदा के दौरान भी मुख्यमंत्री सीधे आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचे थे, जिससे प्रभावितों का मनोबल बढ़ा था। मुख्यमंत्री ने कुशल आपदा प्रबंधन ने राज्य को विकसित प्रदेश बनाने की ओर आगे बढ़ाया है। सचिव आपदा विनोद कुमार सुमन ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया। इस दौरान प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# सेमिनार करें, विशेषज्ञ भी बुलाएं व आर्थिकी बढ़ाएं

- राज्यपाल ने केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान को दिए निर्देश
- संस्थान के निदेशक व प्रधान वैज्ञानिक ने दी राज्यपाल को जानकारी

संवाददाता, नैनीताल



राज्यपाल गुरमीत सिंह से भेंट करते सीआईसीएफआर के निदेशक।

**अमृत विचार :** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, भीमताल को निर्देश दिए कि अक्टूबर माह में विशेष सेमिनार आयोजित कर वैज्ञानिकों, किसानों, उद्यमियों और मत्स्य पालन से जुड़े विशेषज्ञों को आमंत्रित करें। आयोजन से ट्राउट पालन की तकनीकों, लाभों और संभावनाओं पर मंथन होगा और अधिकाधिक लोगों को इस व्यवसाय से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

शनिवार को राजभवन नैनीताल में राज्यपाल गुरमीत सिंह से संस्थान के निदेशक अमित पांडे एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आरएस पतियाल ने शिष्टाचार भेंट कर संस्थान के अनुसंधान, विकास एवं कार्यकलापों की विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड की जलवायु और प्राकृतिक संसाधन शीतजल मत्स्य पालन, विशेषकर ट्राउट फार्मिंग के लिए अत्यंत उपयुक्त हैं। प्रदेश के किसानों, युवाओं और उद्यमियों को इस दिशा में जागरूक एवं प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ट्राउट मछली सुपरफूड की श्रेणी में आती है। साथ ही, इसका बाजार मूल्य भी अधिक होता है, जिससे किसानों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। निदेशक ने अवगत कराया कि संस्थान देश के पर्वतीय राज्यों में शीतजल मात्स्यिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संस्थान के विस्तार एवं क्षेत्रीय गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण हेतु अवस्थापना विकास के लिए भूमि की आवश्यकता का भी अनुरोध किया, राज्यपाल ने यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# व्यवस्था: भवाली से आगे कैंची धाम तक रहेगी वाहनों की नो एंट्री

- कैंची धाम में स्थापना दिवस को लेकर बनाई गई योजना

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** नैनीताल के विश्वप्र सिद्ध कैंची धाम में आगामी 15 जून को 61वां स्थापना दिवस धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन की योजना बनाई है।

एसपी यातायात जगदीश चंद्र ने बताया स्थापना दिवस के दिन श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भवाली से आगे कैंची धाम तक सभी प्रकार के निजी और वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र में 'नो एंट्री' लागू रहेगी। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया भवाली से कैंची धाम तक शटल बस सेवाएं दिनभर उपलब्ध रहेंगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की है कि वे निजी वाहनों से कैंची धाम आने से बचें।

### वैकल्पिक रूट का होगा संचालन

प्रशासन की ओर से इस दिन के लिए विशेष वैकल्पिक रूट तैयार किया गया है, जिससे आमजन को न्यूनतम असुविधा हो। हालांकि अभी तक इसकी अंतिम रूपरेखा तैयार होनी बाकी है। जल्द ही जिला प्रशासन की ओर से विस्तृत यातायात योजना और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

### अधिकारियों और मंदिर समिति की हुई बैठक

स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर मंदिर समिति, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा सुविधाओं, पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई आदि पर चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएंगी।

# अहिल्याबाई ने संस्कृति को एक सूत्र में पिरोया

- अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया कार्यक्रम को संबोधित

मुख्य संवाददाता, देहरादून



अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, अहिल्याबाई होल्कर ने भारत में धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण कर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित कर सनातन संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। उन्होंने उस कालखंड में नारी सशक्तिकरण की ऐसी अनुपम मिसाल प्रस्तुत की, जिसकी कल्पना कर पाना भी उस समय कठिन था।

शनिवार को मुख्य सेवक सदन में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई ने करुणा, सेवा और धर्मनिष्ठा से भारतीय इतिहास में अद्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने शासन को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा, न्याय और धर्म की पुनर्स्थापना का साधन बनाया। काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ, द्वारका-रामेश्वरम्, अयोध्या-मथुरा के साथ ही हमारी देवभूमि के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हरिद्वार में मंदिरों और घाटों के जीर्णोद्वार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। वर्षों तक उपेक्षित रहे हमारे गौरवशाली इतिहास, महान राष्ट्रनायकों के योगदान और सांस्कृतिक विरासत को आज न केवल पुनर्स्थापित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय चेतना का आधार भी बनाया जा रहा है।


### संपूर्ण विश्व में लहरा रही पताका

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सनातन संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में गर्व से लहरा रही है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, बद्रीनाथ के मास्टर प्लान और केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। अहिल्याबाई होल्कर को आदर्श मानकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी, लखपति दीदी जैसी योजनाओं द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, दीप्ति रावत भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

**उत्साह** — ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में डीजे नाइट आयोजित, देर रात्रि तक विद्यार्थियों ने की मस्ती

# डीजे जैरी की प्रस्तुतियों पर झूमे छात्र-छात्राएं

संवाददाता, भीमताल



ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में आयोजित डीजे नाइट में प्रस्तुति देते डीजे जैरी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में डीजे नाइट का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध डीजे जैरी ने धमाकेदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। यह आयोजन संगीत, जोश और युवा उत्साह का उत्सव बन गया। छात्रों ने देर रात तक मस्ती की और नृत्य का आनंद लिया।

जैसे ही कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, तो पहले ही बीट्स पर माहौल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। डीजे जैरी की शानदार मिक्सिंग और लेटेस्ट चार्टबस्टर गानों के साथ-साथ सदाबहार पार्टी एंथम्स ने भीड़ को झूमने पर मजबूर कर दिया। छात्रों ने अपने बेहतरीन नृत्य मूव्स से मंच को जीवंत बना दिया। डीजे जैरी ने दर्शकों की पसंद को समझते हुए विशेष अनुरोधों को भी शामिल किया। उन्होंने दर्शकों को लगातार जोश और उत्साह से भरपूर रखा। कार्यक्रम में ग्राफिक एरा समूह के अध्यक्ष प्रो. डॉ. कमल घनशाला और उपाध्यक्ष डॉ. राखी घनशाला ने छात्रों के अनुशासन और उत्साह की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि परिसर में आपसी भाईचारे और सामुदायिक भावना को भी प्रबल करते हैं। अंतिम ट्रैक बजने तक भी ऊर्जा और उत्साह में कोई कमी नहीं आई। छात्रों की भागीदारी और जोश आयोजन की सफलता का प्रमाण बन गई। यह डीजे नाइट यूनिवर्सिटी की समृद्ध और जीवंत कैंपस संस्कृति का प्रतीक भी बना।

## डिबेट से समझाया भाषा का महत्व

**भीमताल :** पीएमश्री पतलोट में चल रहे समर कैंप के तृतीय व चतुर्थ दिवस पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक न्यूज चैनल आधारित स्वयं रोल प्ले कर छात्र-छात्राओं के सामने आदर्श ही नहीं प्रस्तुत किया, वरन भाषा के महत्व को भी न्यूज चैनल डिबेट बनाकर समझाया। बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में बोले जाने वाली भाषा के महत्व और समर कैंप की भाषा के माध्यम से संस्कृति जानने की सार्थकता के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य आशुतोष साह ने पंजाबी सरसों का साग व मक्के की रोटी आदि के बारे में बताया। सत्येंद्र नाथ तिवारी ने पूर्वांचल के पकवानों के बाबत जानकारी दी। शिक्षक संजय कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटशन के माध्यम से कुमाऊनी व गढ़वाली व्यंजनों को दिखाया। खंड शिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी आदि मौजूद रहे।

# वित्तीय साक्षरता पर दी जानकारी




माइंड पावर यूनिवर्सिटी में आयोजित शिविर में मौजूद अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

- शिविर में डिजिटल बैंकिंग के बारे में भी बताया गया

**अमृत विचार :** माइंड पावर यूनिवर्सिटी सभागार में भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। इसमें वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. योगेश कुमार ने किया। उन्होंने ने इस तरह के कार्यक्रम की वर्तमान की आवश्यकता पर बल दिया। स्वागत भाषण वाइस चांसलर डॉ. श्वेता भोसले ने दिया। भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून के अग्रणीय जिला प्रबंधक भरतराज आनंद ने वित्तीय साक्षरता से संबंधित बचत, इन्वेस्टमेंट, बीमा, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वित्तीय साक्षरता सलाहकार हल्द्वानी के सुरेश कुमार बिष्ट ने भारत सरकार और राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी दी।

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. योगेश कुमार ने स्मृति चिन्ह भेंटकर अतिथियों को सम्मनित किया। कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर ऑफ कम्युनिकेशन केडी सिंह ने किया।

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

39.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.03 | सूर्यास्त 19.07

# बीवी से हारा, शराब पीकर प्रेमी को मौत के घाट उतारा

## तरुण को तब तक पत्थर से कूंचा जब तक मर नहीं गया, पुलिस ने हत्या में प्रयोग पत्थर कब्जे में लिया

**तरुण हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तरुण हत्याकांड की पुलिस की प्रारंभिक जांच हैरान कर देने वाली है। अनिल की पत्नी के सामने तो एक न चली लेकिन करीब पांच साल से पत्नी के प्रेमी तरुण को लेकर पनप रहा नफरत का लावा शुक्रवार की आधी रात ज्वालामुखी बनकर फूट पड़ा। अनिल ने शराब के नशे में तरुण के चेहरे और सिर को भारी पत्थर से तब तक कूंचा, जब तक वह मर नहीं गया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, बनभूलपुरा थानाक्षेत्र निवासी अनिल साहू (41) 14 वर्ष पहले तक राजपुरा में रहता था। पांच साल पहले वह गौजाजाली में पत्नी गीता, 13 साल के बेटे और 9 साल की बेटी के साथ जब रहने आया तो उसे पत्नी और 26 वर्षीय तरुण साहू के बीच प्रेम संबंधों का पता चला। तरुण तिकोनिया स्थित वाइन शॉप में कैंटीन चलाता था जबकि अनिल ई-रिक्शा चालक था। अनिल शरीर से कमजोर जबकि तरुण हृष्ट-पुष्ट था। वह चाहकर भी उसका विरोध नहीं कर पाता था। एक वजह उसकी पत्नी भी थी, जो हमेशा तरुण के आगे आकर खड़ी हो जाती थी।

पुलिस ने बताया कि, शुक्रवार रात तरुण अनिल के घर पहुंचा। उस समय अनिल शराब के नशे में था। उसका तरुण से विवाद भी हुआ, लेकिन वह कुछ कर नहीं पाया जिसके बाद वह कमरे में सोने चला गया लेकिन करवटें बदलता रहा। रात करीब डेढ़ बजे वह उठा और चुपचाप कमरे से बाहर आया। बाहर बरामदे में तरुण गहरी नींद में सो रहा था। अनिल एक भारी पत्थर ले आया और सोते वक्त उसने तरुण के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर डाले। यह देख गीता चीख पड़ी और चीख सुन आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। पड़ोसियों ने ही घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची। मरणासन्न हालत में लहूलुहान पड़े तरुण को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अनिल को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि पूछताछ में हत्यारोपी अनिल ने अपना जुर्म भी कुबूल कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना स्थल पर मिले उस पत्थर के कब्जे में ले लिया गया है, जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के अनुसार तरुण के पिता की ओर से तहरीर मिलने के बाद अनिल की पत्नी गीता को भी हिरासत में ले लिया गया है।

### राजपुरा छोड़ने के बाद भी तरुण ने नहीं छोड़ा गीता का पीछा

**हल्द्वानी :** पुलिस के अनुसार, अनिल की पत्नी और तरुण के बीच करीब पांच साल से प्रेम संबंध थे। इसी वजह से अनिल ने राजपुरा छोड़ा और गौजाजाली में बस गया। उसने कई बार तरुण को पत्नी से दूर रहने के लिए भी कहा, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। उल्टा दोनों में नजदीकियां और बढ़ती गईं। गीता और तरुण के मोबाइल में दोनों की बातचीत की लंबी चैट हिस्ट्री है। इसके अलावा कई फोटो और वीडियो भी मौजूद हैं। अनिल ने अपनी पत्नी को भी समझाने की कोशिश की थी, लेकिन वह भी नहीं मानी।

**05** साल से अनिल के मन में जमा था नफरत का लावा



तरुण का फाइल फोटो।

### गीता बोली, भरण-पोषण नहीं कर पाता अनिल

**हल्द्वानी :** दो बच्चों की मां गीता ने घटना के बाद अपने ही पति पर आरोप लगाए। उसका कहना है कि उसका पति किसी काम नहीं। ई-रिक्शा से होने वाली कमाई से न तो घर खर्च चल पाता है और न ही अनिल परिवार के भरण-पोषण हो पाता था। जिसको लेकर अक्सर पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। इसके इतर, तरुण के पास पैसों की कोई कमी नहीं थी। उसका न सिर्फ गीता के घर अक्सर आना-जाना था बल्कि वह गीता की आर्थिक मदद भी करता रहता था।

### ब्यूटी पार्लर चलाती है गीता

**हल्द्वानी :** घटना को लेकर गौजाजाली से राजपुरा तक खूब चर्चा हो रही है। इस घटना को लेकर लोग गीता को भी कुसूरवार मान रहे हैं। लोगों में चर्चा है कि जब अनिल, गीता को पसंद नहीं था तो उसे छोड़ देना था। लोगों को गीता की अनिल द्वारा भरण पोषण नहीं करने वाली बात भी हजम नहीं हो रही है। लोगों के अनुसार गीता पुरानी आईटीआई बरेली रोड पर खुद एक ब्यूटी पार्लर चलाती है।

### पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने मृतक तरुण के पिता राधे श्याम की तहरीर पर अनिल और उसकी पत्नी गीता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। राधे श्याम ने पुलिस को बताया कि उनका बड़ा बेटा तरुण वर्तमान में जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में किराए के मकान में रहता था। 30 मई की रात लगमग साढ़े 11 बजे जब वह खाना खा रहा था तभी गीता साहू ने उसके मोबाइल पर फोन कर उसे बुलाया। जिसके बाद तरुण चला गया। लगभग 2 बजकर 20 मिनट पर गीता साहू ने तरुण के फोन से छोटे बेटे शिवराज सिंह को फोन किया कि अपने भाई को बचा लो। जिस पर छोटा बेटा बताए स्थान गया और राधे श्याम को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेंस से तरुण को लहूलुहान मरणासन्न हालत में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, उसके सिर से खून बह रहा था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि गीता साहू और अनिल साहू ने तरुण को धोखाधड़ी से बुलाया और उसकी हत्या कर दी। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी दंपती के खिलाफ धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## खाई में गिरे ग्रामीण की एसटीएच में मौत

**हल्द्वानी :** जंगल में लकड़ी बीनने गया ग्रामीण पैर फिसलने से खाई में गिर गया। घटना 16 मई की है।

पुलिस के अनुसार खनस्यू के डालकन्या निवासी 58 वर्षीय मोहन चंद्र भट्ट पुत्र शंकर दत्त 16 मई को जंगल में लकड़ी बीनने के लिए गए थे। इसी दौरान पहाड़ी से पैर फिसलने से वह खाई में गिर गए। परिजनों ने उन्हें खाई से निकालकर एसटीएच पहुंचाया और तभी से एसटीएच में उनका उपचार चल रहा था। शुक्रवार की रात मोहन चंद्र ने दम तोड़ दिया। शनिवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

**कालाढूंगी:** पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि पुलिस ने बाजपुर-कालाढूंगी हाईवे में गडप्पू चौकी में चेकिंग के दौरान 10 लीटर कच्ची शराब के साथ जोगिंदर सिंह निवासी चनकपुर कुकरेटा बरहैनी बाजपुर को पकड़ लिया। बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**एक नजर**

## नशीले इंजेक्शन बेचने वाले को 14 साल की सजा

**नैनीताल :** अपर जिला न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने नशे के इंजेक्शनों के साथ पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए 14 साल के कठोर कारावास व 1 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 27 नवम्बर 2021 को बनभूलपुरा क्षेत्र में सलमान कुरैशी निवासी पानी की टंकी के पास बनभूलपुरा को पुलिस ने नशे के इंजेक्शनों की बड़ी खेप के साथ पकड़ा था। इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पूजा साह के तर्कों, गवाहों के बयानों, पुलिस जांच रिपोर्ट के आधार पर सलमान कुरैशी को नशे के इंजेक्शनों का कारोबार करने का दोषी ठहराया और उसे 14 साल के कारावास व 1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

## रिश्तेदारी में हल्द्वानी आया किशोर लापता

**हल्द्वानी :** च्यूरीगाड़, मुक्तेश्वर निवासी एक किशोर दो हफ्ते पहले अपनी रिश्तेदारी में हल्द्वानी आया था और अचानक लापता हो गया है। रिश्तेदारों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। टीपीनगर मंडी बाईपास निवासी सोहन सिंह ने बताया कि उसकी मौसी का 17 वर्षीय बेटा 12 मई को उनके घर पर आया था। दो हफ्ते बाद 24 मई को वह बिना बताए कहीं चला गया। जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले में खोजबीन शुरू कर दी है।

## बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** गौलापार, प्रतापपुर निवासी यशपाल आर्या ने पुलिस को बताया कि 27 मई को शाम के समय वह किसी काम से रामलीला ग्राउंड की ओर गए थे। यहां उन्होंने अपनी बाइक पार्क कर दी। रात 11 बजे जब बाइक लेने के गए तो बाइक गायब थी। पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 793 व्यावसायिक इमारतें खंगाली लगाया 57 हजार रुपये का जुर्माना

- ऑपरेशन सैनेटाइज के तहत जिले में पुलिस का बड़ा अभियान
- होटल और ढाबे से लेकर फड़ व रेहड़ी वालों तक पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ऑपरेशन सेनेटाइज के तहत पुलिस का अभियान लगातार जारी है। जिले भर में पुलिस ने शुक्रवार को होटल और ढाबों लेकर फड़ और रेहड़ी वालों तक पहुंचकर पुलिस ने जांच की। इस दौरान पुलिस ने सत्यापन कराने वालों पर 57 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

पुलिस के मुताबिक 793 होटल, ढाबे, दुकान, कबाड़ वाले, रिपेयरिंग की दुकानों, मोबाइल की दुकानें, फड़ और रेहड़ी को चेक किया गया। इस दौरान 150 लोगों का सत्यापन किया गया और सत्यापन न कराने पर 256 लोगों का चालान करते हुए 57 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। बिना सत्यापन किरायेदार, मजदूर, कर्मी आदि रखने पर 83 पुलिस एक्ट में कुल 71 चालान किए गए। कोर्ट के 19, पुलिस एक्ट में 81 चालान किए गए।

ऑपरेशन सेनेटाइज अभियान में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ भवाली प्रमोद कुमार साह, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल के साथ सभी थाना प्रभारी शामिल हुए।



ऑपरेशन सेनेटाइज के तहत पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

## युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**रामनगरः** गौजानी स्थित विवादित कब्रिस्तान की भूमि पर हुए विवाद में एक युवक के विरुद्ध करणी सेना के कार्यकर्ताओं को पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि उक्त युवक की गतिविधियां संदिग्ध है। उसने माहौल खराब करने का प्रयास किया है। पुलिस को आरोपी युवक के सोशल मीडिया लिंक भी दिए गए। उक्त युवक ने मौके पर धार्मिक और भड़काऊ नारे भी लगाए हैं। आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामले की जांच किए जाने की बात कही है। प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी, कपिल नेगी बटिस्टा, हरीश प्रकाश, अंकित, नमन अग्रवाल, कल्पना वर्मा, विक्की ठाकुर, सागर चौधरी, विकास कुमार, दिनेश चंद्र, सार्थक सिंह, आशुतोष रावत, लखन, अंकित शर्मा, विशाल, दीपू आर्य, कुलदीप अग्रवाल, चरणजीत, अरुण, नितिन कंडारी, योगी बोरा, विनायक रहे।

# बरसात शुरू होने से पहले ही सुधरेंगी शहर की सड़कें: मेयर

- पेयजल व सीवरेज कार्य के चलते करीब 756 किमी सड़कों पर असर
- बोले मेयर, अब तक 60 वार्डों की 65 किमी. सड़कें कीं दुरुस्त

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** मेयर गजराज बिष्ट ने शहर की बदहाल सड़कों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हल्द्वानी के 60 वार्डों में पेयजल और सीवरेज लाइन बिछाने के काम के चलते करीब 756 किमी सड़कों पर असर पड़ा है, जिनमें से अब तक लगभग 65 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत पूरी की जा चुकी है। शेष कार्यों को मानसून से पहले पूरा करने के निर्देश संबंधितों को दे दिए गए हैं।

मेयर बिष्ट ने बताया कि शहर में 47 किलोमीटर सीवरेज लाइन डाली जा चुकी है। जिससे भविष्य में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कार्य के दौरान कई जगहों पर सड़कों की स्थिति बेहद खराब हो गई है, जिससे आम जनता को दिक्कतें हो रही हैं। मेयर ने कहा कि नगर निगम जनता की परेशानियों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील हैं। बताया कि मानसून को ध्यान में रखकर खराब सड़कों को लेकर यूयूएसडीए और अन्य कार्यदायी संस्थाओं को बरसात शुरू होने से पहले शहर की सभी प्रमुख और आंतरिक सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, मंडलायुक्त के आदेश पर इस मुद्दे को गंभीरता से लिया गया है। निर्देशों में बताया गया कि शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी की ओर से पेयजल और सीवर के कार्यों के लिए काफी स्थानों पर सड़कों को खोदा गया है।



सर्वोदय कॉलोनी डहरिया की बदहाल सड़क पर रिक्शे से पानी ले जाता युवक।

# सूबेदार शंकर नाथ गोस्वामी ने एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा

- भारतीय सेना के पर्वतारोही दल में शामिल हैं सूबेदार शंकर
- टीम ने 50 दिन में फतह की 8848 मीटर एवरेस्ट की चोटी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारतीय सेना के पर्वतारोही दल में शामिल हल्द्वानी निवासी सूबेदार शंकर नाथ गोस्वामी ने एवरेस्ट की चोटी फतह कर देश व यूनिट का ध्वज लहराया है। शंकर नाथ 16 कुमाऊं रेजीमेंट में हैं और वर्तमान में हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल गुलमर्ग में तैनात हैं।

दूरभाष पर हुई बात में शंकर ने बताया कि वह मूलरूप से अल्मोड़ा जिले के भनोली तहसील व हाल डहरिया पानपुर के रहने वाले हैं। उनका चयन माउंट एवरेस्ट पीक की चढ़ाई करने के लिए हुआ था। टीम ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी 8848 मीटर एवरेस्ट फतह कर साहस व शौर्य का प्रदर्शन किया है। साथ ही देश व यूनिट का झंडा लहराया। इस सफर में उन्हें 50 दिन लगे। यात्रा 11 अप्रैल को नई दिल्ली से शुरू हुई और 27 मई को एवरेस्ट की चोटी पर पहुंची। उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। शंकर नाथ इससे पहले त्रिशूल, राजरंभ, गोरीचेन, देवटिब्बा, बैसाखी की चढ़ाई चढ़ चुके हैं।



एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराते सूबेदार शंकर नाथ। ● अमृत विचार

## मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति का मोबाइल लूटा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जज फॉर्म निवासी सुनील कुमार ने मुखानी पुलिस को बताया कि 30 मई को वह रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर गए हुए थे और भतीजे से फोन पर बात कर रहे थे। इसी दौरान रूपनगर चौराहे के पास एक अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से आकर उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। काफी पीछा करने के बाद भी आरोपी हाथ नहीं लगा।

उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि 28 फरवरी को भी बाइक सवार लुटेरों ने कुसुमखेड़ा वाइन शॉप के पास एक व्यक्ति का मोबाइल छीन लिया था। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हादसे रोकने हैं तो स्पीड पर लगाएं लगाम

- खनन वाहन स्वामियों ने 15 साल पुराने वाहनों के नाम पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खनन वाहन स्वामियों ने 15 साल पुराने वाहनों की फिर से फिटनेस जांच कर निरस्तीकरण के निर्णय को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने सड़क हादसों की रोकथाम के लिए ओवरलोडिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

गौला खनन मजदूर उत्थान समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि एआरटीओ वीके सिंह ने 2010 से पुराने वाहनों की सूची मांगी है जिनकी फिटनेस जांच की जाएगी और अनफिट वाहनों का निरस्तीकरण किया जाएगा। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए यह कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौला व नंधौर नदी में 10 हजार से अधिक खनन वाहन चलते हैं जिनसे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है। इनमें अधिकांश वाहन 15 वर्ष पुराने हैं। वर्तमान में खनन इंडस्ट्री मंदी से जूझ रही है। ऐसे में नया वाहन खरीद कर लोन चुका पाना किसी भी हालत में संभव नहीं है। परिवहन विभाग की सख्ती पर वाहन स्वामी नया वाहन नहीं क्रय कर पाएगा और हजारों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि खनन वाहन नदी से स्टोन क्रशर्स तक चलते हैं ऐसे में सड़क हादसों की रोकथाम के नाम पर उनकी चेकिंग गलत है।

गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि खनन वाहनों की फिटनेस दिसंबर से फरवरी के बीच हुई जो कि परिवहन विभाग ने ही की है। ऐसे में तीन-चार माह के बाद अचानक फिर से फिटनेस की जांच करना, उनकी गलत नीयत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि खनन वाहन गौला नदी में चलते हैं जहां सड़क नहीं होती है। कोई भी वाहन स्वामी नया वाहन लाएगा तो एक ही साल में कबाड़ हो जाएगी। नदी में चलने के लिए रोड टैक्स तो लिया जाता है लेकिन सड़क नहीं बनाई जाती है। जिला खनन समिति के निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए।



### वाहनों को सरेंडर करना किया शुरू

वाहन स्वामियों ने खनन वाहन सरेंडर करने शुरू कर दिए हैं। इसके पीछे वजह से परिवहन विभाग के आदेश के प्रति नाराजगी और वन, वन विकास निगम का खनन में लापरवाह रवैया बताया जा रहा है। शनिवार को भी वाहन सरेंडर हुए। वाहन स्वामी राजेंद्र बिष्ट ने बताया कि उन्होंने भी खनन वाहन सरेंडर कर दिया है।

# करन ने बिछाया एक प्रतिशत का जाल और फंस गया रमेश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** साइबर क्रिमिनल को ठगी के लिए एक बैंक खाते की जरूरत होती है और ठगी की रकम को ठिकाने के लिए कई बैंक खाते चाहिए होते हैं। ऐसा ही एक बैंक खाता रमेश का था।

छात्र संघ के पूर्व उप सचिव करन अरोरा और उसकी गैंग ने रमेश को एक प्रतिशत का लालच दिया था। यानी रमेश के बैंक खाते में जितने भी रुपए आते, उसका एक प्रतिशत उसे मिलता। हालांकि इसमें भी करन एंड गैंग ने उसे ठग लिया। बनभूलपुरा पुलिस की जांच इस मामले में जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे नए खुलासे हो रहे हैं।

बनभूलपुरा स्थित 17 एमएस बेकरी में काम करने वाले सावित्री कालोनी मंगलपड़ाव निवासी रमेश चंद्र पुत्र स्व. देवीदत्त ने छात्र संघ के पूर्व उप सचिव करन अरोरा, साजिद पुत्र अब्दुल गनी, अनस मलिक, मो. कैफ, रमीश, सिकंदर हुसैन पुत्र जमाल हुसैन, यूसुफ पुत्र जमाल हुसैन, वासिद पुत्र साहिद हुसैन, प्रियांशु ठाकुर, मोनिस, नितिन अटवाल और रमीज खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। बकौल रमेश, वह मो. साजिद की बेकरी में काम करता था, जो करन का दोस्त है। इन्हीं लोगों ने उसे क्रिप्टो करेंसी के बारे में बताया और कहा, उसके खाते में जो पैसे आएंगे, उसे एक प्रतिशत मिलेगा। जिसके बाद रमेश के नाम से एक फर्जी फर्म बनाई और उद्यम विभाग में रजिस्ट्रेशन कराया गया। रजिस्ट्रेशन के जरिये बैंक में रमेश का करंट अकाउंट खुलवा दिया। इस करंट अकाउंट में महज 8 से 10 दिनों में विभिन्न बैंक खातों से 1 करोड़ 20 लाख रुपए पहुंच गए। अब रमेश से वादा तो एक प्रतिशत का था, जिसके तहत एक करोड़ रुपए खाते में आने के बाद उसे एक लाख देने थे, लेकिन यहां भी वो ठगा गया। 1.20 लाख के बदले उसे सिर्फ 35 हजार रुपए मिले। अभी सिर्फ एक ही बैंक खाते की बात सामने आई है, पुलिस का मानना है कि ऐसे खातों की संख्या कई हो सकती है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

# बाइक सवारों ने महिला के गले से मंगलसूत्र छीना

- कोतवाली और मुखानी थाना क्षेत्र में लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम
- तीन दिन में तीन वारदातें, दो राहगीरों से मोबाइल लूटे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में एक बार फिर से लूट का सिलसिला शुरू हो चुका है। बाइक सवार नकाबपोश लुटेरों ने तीन दिन में लूट की तीन वारदातों को अंजाम दिया। लुटेरों ने घर से टहलने निकली एक महिला के गले से जहां मंगलसूत्र छीन लिया, वहीं दो अन्य वारदातों में राहगीरों के हाथ मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामलों में मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

सीएमटी कॉलोनी डहरिया निवासी महेंद्र रावत ने पुलिस को बताया कि 25 मई को उनकी मां कॉलोनी की अन्य महिलाओं के साथ कॉलोनी में ही टहल रही थी। तभी एक काली बाइक सवार नकाबपोश कॉलोनी में घुसे और इससे पहले कि उनकी मां कुछ समझ पाती, लुटेरों ने उनके गले से मंगलसूत्र लूट लिया और फरार हो गए।

शोर सुनकर लोगों ने पीछा भी किया, लेकिन शातिर हाथ नहीं आए। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# वृद्धाश्रम की स्थापना की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की मासिक बैठक शनिवार को पं. गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन स्थित सभागार में की गई। अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे की अध्यक्षता व महामंत्री डीके पांडे के संचालन में हुई बैठक में बीते महीने की कार्यवाही की पुष्टि की गई। इसके बाद सामाजिक मुद्दों और जनकल्याण से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बरेली रोड की पुरानी कत्था फैक्ट्री में राजकीय वृद्धाश्रम की स्थापना के लिए प्रस्ताव पारित कर एक ज्ञापन दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में इंटरनेशनल सीनियर सिटीजन डे को राजकीय स्तर पर मनाने, शहर में घड़ी टावर व सायरन व्यवस्था, किन्नरों की पहचान व नेग निर्धारण, वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस थानों में प्राथमिकता और सभी फेरीवालों व चालकों के पहचान पत्र बनाने की मांग शामिल रही। कार्यक्रम में हेल्पएज इंडिया के प्रतिनिधि वैभव बिष्ट ने डिजिटल क्राइम और स्मार्टफोन सुरक्षा पर जानकारी दी। नरेंद्र चंद्र तिवारी, उमेश चंद्र पांडेय, मोहन चंद्र पलडिया का स्वागत सदस्यता ग्रहण पर कर्तव्य ध्वनि और माल्यार्पण से हुआ। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर सैनिकों की सराहना कर भारत सरकार को धन्यवाद दिया गया। अंत में अध्यक्ष ने आभार जताते हुए बैठक का समापन राष्ट्रगान से किया।



दर्जा राज्य मंत्री नवीन चंद्र वर्मा को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य।

## सार-संक्षेप



सांसद अजय भट्ट को स्मृति चिन्ह भेंट करते कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### रामलीला मंचन में श्रीराम ने तोड़ दिया शिव धनुष

**चोरगलिया :** श्री आदर्श रामलीला कमेटी चोरगलिया के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन के तीसरे दिन के मंचन के दौरान श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ दिया। धनुष टूटते ही श्रीराम के जयकारें गूंजने लगे। सांसद अजय भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम के आदर्शों पर चलनकर जीवन में बहुत बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कक्ष निर्माण के लिए रामलीला कमेटी को तीन लाख रुपए देने की घोषणा भी की। मंचन के दौरान राजा जनक के दरबार में कई देशों के राजा सीता स्वयंवर के लिए पहुंचे थे। प्रभु श्रीराम धनुष को तोड़ते हैं, तो सीता उनके गले में वरमाला डालती हैं। टूटा धनुष देखकर परशुराम क्रोधित हो जाते हैं। लक्ष्मण-परशुराम संवाद का भी हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, वर्तमान मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी, नवीन जोशी, कमेटी प्रबंधक कन्नू रूवाली, उप कोषाध्यक्ष मोहन फर्त्याल आदि मौजूद रहे।

### टेनिस प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

**कालाढूंगी :** प्रथम आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (आईटा) प्रतियोगिता शनिवार को आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान (बैलपड़ाव) में शुरू हो गई। हल्द्वानी के रजत कुमार सती ने 3 घंटे तक चले मैच में उत्तर प्रदेश (मेरठ) के दीपक कुमार को 5-7, 7-5, 12-10 से हराकर कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे मैच में उत्तर प्रदेश (मुरादाबाद) के विविध गुलाटी को सुमित ने 6-2 व 6-1 से हराया। फरहान, राजस्थान जयपुर को कुश कक्कर (उत्तर प्रदेश) ने 4-6, 6-4, 10-12 से हराया। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि यह प्रतियोगिता 7 जून तक चलेगी। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन नैनीताल के सचिव हेम कुमार पांडेय, भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक बीएनएस बिष्ट, एसबीआई के भूतपूर्व प्रबंधक ब्रिजमोहन सिंह बिष्ट, शंकर दत्त सती, एसके साता, हरपाल सिंह व अंकुर कुमार शामिल रहे।

# 100 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, बालक की मौत

**सात घायलों को रामनगर के सरकारी अस्पताल में लाया गया**

## पौड़ी गढ़वाल जनपद के बीरोंखाल ब्लॉक के रसिया महादेव के पास शनिवार को हुआ हादसा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पौड़ी गढ़वाल के सल्ट बीरोंखाल ब्लॉक के रसिया महादेव के पास शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक कार अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। वाहन दिल्ली से रसिया महादेव जा रहा था। इसमें सवार एक ही परिवार के लोग विवाह समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

हादसे में अभी गोसाई की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हादसे का कारण वाहन चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। घायलों में सभी लोग आपस में रिश्तेदार थे। कुछ लोग रसिया महादेव के मूल निवासी हैं, जबकि अन्य रुद्रपुर और दिल्ली से आए थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत रेस्क्यू कर घायलों को बाहर निकालने में मदद की। रामनगर संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. विनोद कुमार टम्टा ने बताया कि सभी घायलों का तत्काल उपचार शुरू कर दिया गया है। जिनकी स्थिति गंभीर है, उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। अन्य अस्पतालों से भी चिकित्सकों को बुलाया गया है। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मारकाना और आरटीओ संदीप वर्मा ने अस्पताल में पहुंचकर घायलों का हाल चाल जाना। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों में सफर करने वाले वाहनों की सुरक्षा व ड्राइवरों की निगरानी के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उधर, हल्द्वानी के एसटीएच में भर्ती घायलों का प्रशासन ने भी हाल-चाल जाना।






दुर्घटनाग्रस्त कार और रामनगर के अस्पताल में घायल का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार



**घायलों की सूची**

रुचि (36 वर्ष), अंशिका (21 वर्ष), मीनाक्षी (35 वर्ष), सृष्टि (13 वर्ष) रुही (6 वर्ष), देवांश (4 वर्ष), आशीष गोसाई (37 वर्ष)।

# विवाद: पालिकाध्यक्ष व सभासद आमने-सामने

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** स्लाटर हाउस मामले को लेकर नगर पालिका परिषद के पालिकाध्यक्ष और सभासद आमने-सामने आ गए हैं। नगर पालिका सभासदों ने पालिका परिसर में धरना देते हुए पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम पर आरोप लगाए। कहा कि बोर्ड बैठक में सभी प्रस्ताव सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं। सभासदों को बिना बताए कई प्रस्ताव पास कर दिए जाते हैं। सभासदों ने स्लाटर हाउस मामले में अपने ऊपर पैसे के लेनदेन की बात को निराधार बताते हुए इसे पालिका अध्यक्ष की मिलीभगत बताया। यह पूर्व में भी पालिकध्यक्ष थे और पूर्व में हुई कई अनियमितताएं अब उजागर हो रही हैं। इस दौरान सभासद शिवी अग्रवाल, राहुल रावत, खष्टी नंदन जोशी, पारस गोला, मो. नईम, विक्रम भट्ट, अजमल व करीमुद्दीन आदि शामिल रहे।

### मांग रहे हैं कमीशन



पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि नगरपालिका के कुछ सभासद स्लाटर हाउस मामले में कमीशन मांग रहे हैं, लेकिन वह कमीशन खोरी से बहुत दूर है। जनता का काम पारदर्शिता से करना चाहते हैं। कहा कि अगर सभासदों को दिक्कत है तो वह उनके कार्यकालों की भी जांच करा सकते हैं। कमीशन बाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



नगर पालिका परिसर में धरना देते सभासद। ● अमृत विचार

# समर कैंप से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास



समर कैंप में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राइंका छोई भाषीय समर कैंप में अवलोकन करने आए डायट भीमताल के प्रवक्ता मनोज चौधरी ने कहा कि समर कैंप से बच्चों का सर्वांगीण विकास होने के साथ ही उन्हें देश की विभिन्न भाषाओं को सीखने तथा उनकी संस्कृति को भी जानने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा।

संदर्भदाता अमरजीत सिंह चौधरी ने बताया कि भाषीय समर कैंप संस्कृत भाषा में संचालित किया जा रहा है। बच्चों को संस्कृत भाषा के अतिरिक्त लोक कला चित्रण, नुक्कड़ नाटक, नृत्य, संस्कृत भाषा में रेस्तरां में वार्तालाप, संस्कृत वंदना, देशभक्ति गीत, मंत्रोच्चारण, संस्कृत में मानचित्र भरना, पोस्टर बनाना आदि गतिविधियां सिखाई जा रही हैं। शिवानी जोशी, शिवानी आर्या, ममता कृष्ण, रेनू विद्यार्थी, रश्मि देवी, कंचन जोशी कैंप में संदर्भदाता के रूप में सहयोग कर रहे हैं। नोडल रमेश चंद्र सत्यवली जी ने बताया कि इस कैंप में कुल 70 बच्चें प्रतिभाग कर रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदार प्रसाद ने बताया कि अब 2 जून से बढ़ाकर 5 जून तक लगातार 10 दिनों तक कैंप चलाया जाएगा। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र जोशी, एसएमसी अध्यक्षा सरोज जोशी, पीटीए संरक्षक पवन जोशी व पीटीए अध्यक्ष भावेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# लीची भरपूर पर आम चेंपा रोग की चपेट में

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** कालाढूंगी-कोटाबाग क्षेत्र में इस बार लीची की फसल से पेड़ लकदक हैं, लेकिन आम की फसल चेंपा रोग से नष्ट हो चुकी है। कालाढूंगी, चकलुवा व कोटाबाग क्षेत्र मीठे आम व रसीली लीची के लिए जाना जाता है। इस बार लीची अच्छी पैदावार की उम्मीद है। क्षेत्र की लीची देश में ही नहीं विदेश में भी स्वाद के लिए जानी जाती है, इसलिए यहां की लीची को जीआई टैग भी मिला है। इस वर्ष अभी तक लीची की पैदावार अभी तक बंपर है। लीची के पेड़ में फल इस कदर लकदक है कि पेड़ों की टहनियां जमीन छू रही हैं। वहीं, दूसरी ओर बारिश के बाद आम के बगीचे को चेंपा रोग की चपेट में है। वर्तमान में आम के बगीचे में चेपा यानी भुगना कीट से आम की फसल में काफी क्षति हो रही है। भुनगा कीट के शिशु (निम्फ) और वयस्क दोनों ही मुलायम प्ररोहों, पत्तियों और फूलों का रस चूसते हैं। इसके प्रभाव से छोटे फल सूख कर गिर जाते हैं। यह कीट एक प्रकार का मीठा भाव उत्सर्जित करता है, जो पेड़ों की पत्तियों व प्ररोहों आदि पर लग जाता है। इस मीठे दृष्य पर काली फफूंदी (सूटी मोल्ड) पनपती है।

# पत्रकार हित में योजनाओं पर हो रहा काम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने शनिवार को मीडिया सेंटर हल्द्वानी में पत्रकारों के साथ मुलाकात में महत्वपूर्ण सुझावों को गंभीरता से सुनने के साथ ही सरकार द्वारा पत्रकारों के हित में उठाए जा रहे विभिन्न कदमों एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुसार प्रदेश सरकार पत्रकारों को स्वास्थ्य एवं बीमा संबंधी लाभ प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में पत्रकारों के लिए गोल्डन हेल्थ कार्ड और टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी जैसी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को शत-प्रतिशत चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। अब अन्य पत्रकारों को भी इन योजनाओं से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। प्रेस मान्यता नियमावली में तहसील स्तर तक मान्यता का प्रावधान किया जा रहा है। पत्रकार कल्याण कोष से संकटग्रस्त पत्रकारों को त्वरित गति से सहायता दी जा रही है।



मीडिया सेंटर हल्द्वानी में पत्रकारों संग वार्ता करते संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय।

प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने सुझाव दिया कि कुमाऊं मंडल के समाचार पत्रों की निरीक्षा हल्द्वानी स्थित मीडिया सेंटर से की जाए, क्योंकि पर्वतीय क्षेत्रों से डाक द्वारा समाचार पत्रों के समय पर न पहुंच पाने के कारण वे निदेशालय स्तर पर अनियमित माने जाते हैं। इस पर संयुक्त निदेशक ने स्पष्ट किया कि यदि कोई समाचार पत्र जिला सूचना कार्यालय में नियमित है तो उसे नियमित ही माना जाएगा। इस संबंध में पहले से ही आदेश जारी हुए हैं। पत्रकारों ने यह भी आग्रह किया कि शासन से संबंधित कई कार्यों के लिए बार-बार देहरादून जाना पड़ता है, यदि ऐसे कार्य हल्द्वानी स्थित मीडिया सेंटर से ही हो सकें तो उन्हें राहत मिलेगी। इस पर डॉ. उपाध्याय ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस विषय में उच्चाधिकारियों से बात कर कार्य योजना तैयार की जाएगी।

वार्ता के दौरान उत्तराखंड डिजिटल मीडिया एवं इन्फ्लुएंसर नियमावली 2025 के ड्राफ्ट पर भी विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें पत्रकारों ने अपने सुझाव रखे। संयुक्त निदेशक ने भरोसा दिलाया कि इन सुझावों को निदेशालय स्तर पर गंभीरता से लिया जाएगा और उपयोगी सुझावों को नियमावली में सम्मिलित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, सूचना अधिकारी, मीडिया सेंटर हल्द्वानी, प्रियंका जोशी तथा मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

# दर्जनों घरों में चस्पा किए नोटिस, हड़कंप

**लालकुआं, अमृत विचार:** रेलवे लाइन के किनारे बसे खड्डी मोहल्ले पर अब संकट के बादल छाने लगे हैं। राजस्व विभाग ने इस कॉलोनी में रहने वाले दर्जनों घरों में नोटिस चस्पा कर 15 दिन के भीतर स्वतः ही अपना सामान हटाकर झोपड़ियां तोड़ने के निर्देश दिए हैं। इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया है। राजस्व उपनिरीक्षक ने खड्डी मोहल्ले में अंतिम नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया कि वह तत्काल अपना सामान उक्त स्थान से हटाकर अपनी झोपड़ियां स्वतः ही खाली कर दें। राजस्व उप निरीक्षक ने दर्जनों घरों में नोटिस देकर 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी है, अन्यथा आपदा प्रबंधन के अधिनियमों के तहत बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की विधिक कार्रवाई की जाएगी।




# वृद्धा ने कोसी बैराज से लगाई छलांग, बचाया

संवाददाता, रामनगर

- पुलिसकर्मियों व स्थानीय लोगों की सतर्कता से टली अनहोनी
- शनिवार दोपहर हुई घटना, पुलिस ने वृद्धा को परिजनों को सौंपा

**अमृत विचार:** शनिवार को एक बुजुर्ग महिला ने कोसी बैराज से छलांग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की सतर्कता से समय रहते उन्हें बचा लिया गया।

घटना दोपहर के समय की है। रामनगर की रहने वाली 65 वर्षीय भगवती देवी कोसी बैराज पर पहुंची और अचानक पानी में कूद गईं। पुलिसकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वृद्धा को नदी से बाहर निकाल लिया। पुलिस के अनुसार वृद्धा को बचाने में स्थानीय लोगों ने भी मदद की। वृद्धा को रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि कोसी बैराज पर एक बुजुर्ग महिला का पैर फिसलने की सूचना मिली थी। हालांकि स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने बताया कि महिला ने खुद ही छलांग लगाई थी, जिससे यह आत्महत्या का प्रयास माना जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला मानसिक रूप से कमजोर बताई जा रही हैं। परिजनों को सूचना देकर वृद्धा को उनके सुपुर्द किया गया।

# नाट्य रूपांतरण से मोहा मन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कालेज ढेला में चल रही स्कूली बच्चों की थियेटर व पेंटिंग की पांच दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागी बच्चों ने वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण चंदर की कहानी जामुन का पेड़ और क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह पाश की कविता सबसे खतरनाक होता है का नाट्य रूपांतरण पेश किया।

दिल्ली से आए थियेटर एक्सपर्ट धनंजय कुमार, अंतरिक्ष, सौम्या, अर्शी के दिशा-निर्देशन में बच्चों ने जामुन का पेड़ कहानी का मंचन किया। यह कहानी राजनीतिक और प्रशासनिक लालफीता शाही व्यवस्था पर एक व्यंग्य है। एक आदमी तूफान में जामुन के पेड़ के नीचे दब जाता है। अब उसे बचाने के लिए पेड़ काटा जाए या न काटा जाए, इस पर प्रशासन और उसके कारिंदे इस की तरह की कार्यशैली अपनाते हैं कि आदेश आने तक व्यक्ति की मौत हो जाती है। कवि अवतार सिंह पाश की कविताएं मुख्य तौर पर क्रांति, प्रेम और जीवन के गीत के रूप में समाज की चेतना को जगाने का प्रयास करती हैं। प्रो. गिरीश चंद्र पंत ने कहा कि कार्यशालाएं बड़े ही सहज तरीके से प्रकार बच्चों को साहित्य, संस्कृति व इतिहास से रुबरु कराती हैं। गौरव अटवाल व खुशी जोशी ने अनुभवों को साझा किया। कोलकाता निवासी पेंटिंग एक्सपर्ट प्रोनोवेश और तुम्पा ने बच्चों को आकृतियां बनाकर उनमें रंग भरना बताया। इस मौके पर नवेंदु मठपाल, डॉ. कमलेश अटवाल, तरुण, प्रमोद कुमार, आशीष, सुमित कुमार, प्रधानाचार्य मनोज जोशी और सीपी खाती आदि मौजूद रहे।



जामुन का पेड़ कहानी का मंचन करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**महत्वपूर्ण आयोजन** 16 जून से शुरू होगी पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला, दुनिया के विभिन्न देशों के वैज्ञानिक करेंगे भागीदारी

# एरीज में होगी जलवायु परिवर्तन व वायु प्रदूषण की परख

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जलवायु परिवर्तन समेत वायु प्रदूषण की गहराई से जांच परख को लेकर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) अंतराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। कार्यशाला में कई देशों के वैज्ञानिक एकजुट होकर मंथन करेंगे। पांच दिवसीय कार्यशाला 16 जून से शुरू होगी।

एरीज के निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन दुनिया में संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। वर्तमान में दुनिया का कोई भी देश इसकी चपेट से अछूता नहीं रहा। महासागरों में भी यह अपनी छाप छोड़ने लगा है। जलवायु परिवर्तन की बड़ी वजह वायु प्रदूषण है। जलवायु परिवर्तन के चलते दुनियाभर के देशों में मौसम बदलने लगा है। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं रहा लिहाजा जलवायु परिवर्तन को लेकर सजग रहने की सख्त जरूरत है जिसे लेकर एरीज दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिकों के साथ कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है जिसमें दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की जानकारी साझा हो सकेगी। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारणों का भी पता लगाया जा सकेगा। इससे निपटने के उपाय भी तलाशे जाएंगे।

इस कार्यशाला का एक और उद्देश्य वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन की जानकारी व बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर देश को पूरी दुनिया से जोड़ना है। एरीज में अत्याधुनिक मौसम, जलवायु व वायु प्रदूषण संबंधी आधुनिक उपकरण ईजाद किया जाना है। कार्यशाला में उपकरण विकास से वैज्ञानिकों की मदद मिलेगी जिस कारण यह कार्यशाला बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।

कार्यशाला का एजेंडा निर्धारित है और वैज्ञानिक बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे। कार्यशाला में विश्व के सभी के सभी प्रमुख देशों को आमंत्रित किया गया है। कई यूरोपीय देश कार्यशाला में भागीदारी की सहमति दे चुके हैं। एशिया के भी कुछ देशों के वैज्ञानिक शामिल होने जा रहे हैं। कार्यशाला की तैयारियां जल्द पूरी करली जाएंगी।



**यह देश होंगे कार्यशाला में शामिल**

**नैनीताल :** डॉ. नाजा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन को लेकर आयोजित होने जा रही कार्यशाला में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान व फ्रांस समेत कई अन्य देशों के प्रमुख वैज्ञानिक शामिल होने जा रहे हैं। इन देशों के अलावा भारत के प्रमुख मौसम संबंधी वैज्ञानिक कार्यशाला में जुड़ेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के पूर्व चेयरमैन किरन कुमार को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया जा रहा है।

### खिलाड़ियों के अभाव में रद्द हुई हॉकी मास्टर्स कप में भागीदारी, यहां हुए ट्रायल्स में नहीं पहुंचा एक भी खिलाड़ी

# मास्टर्स कप में भाग नहीं ले सकेगी उत्तराखंड की टीम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चेन्नई में 18 से 27 जून तक होने वाले हॉकी इंडिया मास्टर्स कप में इस बार उत्तराखंड की टीम भाग नहीं ले सकेगी। राज्य की टीम की अनुपस्थिति का कारण बेहद चौंकाने वाला है।

खिलाड़ियों की पूरी तरह से गैरमौजूदगी देखने को मिली। खेल विभाग के तय कार्यक्रम के अनुसार टीम चयन के लिए दो बार ट्रायल आयोजित किए गए, लेकिन इनमें एक भी खिलाड़ी हिस्सा लेने नहीं पहुंचा। जिस वजह से न तो महिला वर्ग की टीम बन पाई और न पुरुष वर्ग की टीम बन पाई।


खिलाड़ियों का इंतजार करता वीरान पड़ा स्टेडियम। ● अमृत विचार

उत्तराखंड खेल विभाग ने मास्टर्स कप के लिए टीम गठन को लेकर 28 मई (बुधवार) और 31 मई (शनिवार) को शहर के मिनी स्टेडियम में ट्रायल्स रखे थे। विभाग को उम्मीद थी कि राज्य के विभिन्न जिलों से हॉकी खिलाड़ी ट्रायल में भाग लेंगे और टीम का चयन किया जा सकेगा। लेकिन दोनों ही तारीखों पर मैदान पूरी तरह खाली रहा। नतीजतन, विभाग के पास टीम बनाने का कोई विकल्प नहीं बचा। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 40 वर्ष और महिला वर्ग में 35 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं प्रतिभाग करती है।

#### खिलाड़ियों की बेरुखी या विभागीय लापरवाही?

टीम का चयन ही नहीं होने से राज्य में हॉकी की स्थिति पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या खिलाड़ियों में अब खेल के प्रति जुनून कम हो रहा है या फिर विभाग द्वारा जानकारी और प्रचार-प्रसार की कमी रही। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि विभाग की ओर से ट्रायल्स की सूचना व्यापक स्तर पर नहीं पहुंचाई गई, जिसके कारण खिलाड़ी नहीं पहुंचे। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मास्टर्स कप उम्रदराज खिलाड़ियों के लिए होता है, ऐसे में इस आयु वर्ग में सक्रिय खिलाड़ियों की संख्या पहले से ही सीमित है।

> ट्रायल में खिलाड़ियों के नहीं पहुंचने से उत्तराखंड की टीम हॉकी इंडिया मास्टर्स कप में हिस्सा ने ले पाएंगी ।इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 40 वर्ष और महिला वर्ग में 35 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं प्रतिभाग करती है। ज्यादातार खिलाड़ी शिक्षा विभाग से जुड़े हुए हैं और ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है जिस वजह से खिलाडी ट्रायल के नहीं पहुंचे। **-नरेंद्र बाफिला**, सचिव, उत्तराखंड हॉकी एसोसिएशन

# रानी अहिल्याबाई होल्कर के कार्य सेवा के साथ सुशासन का आधार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


भाजपा की गोष्ठी में मुख्य अतिथि को सम्मानित करतीं महिला मोर्चा की सदस्याएं।

**अमृत विचार :** भाजपा की ओर से पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर शनिवार को जगदंबा नगर में जिला स्तरीय गोष्ठी हुई। इसमें भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. नीतू डबास ने रानी अहिल्याबाई के जीवन, धार्मिक व सांस्कृतिक परायणता, सेवा भावना और उनके सुशासन के मॉडल पर रोशनी डाली।

डॉ. डबास ने कहा कि रानी ने 18वीं सदी में समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से विधवाओं और गरीबों के लिए अन्नक्षेत्र, धर्मशालाएं और मंदिरों का निर्माण करवा सामाजिक समावेशिता का उदाहरण पेश किया। दर्जा मंत्री बलराज पासी ने रानी के सेवा कार्यों को सुशासन का आधार बताया। राष्ट्र सेविका समिति की विभाग बौद्धिक प्रमुख किरन पांडे ने कहा कि रानी की समाज सेवा केवल भौतिक विकास तक सीमित नहीं थी बल्कि उन्होंने लोगों के मन में नैतिकता और संस्कृति के प्रति सम्मान भी जगाया। यहां जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कार्यक्रम संयोजक नितिन राणा, मेयर गजराज बिष्ट, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, विधायक मोहन बिष्ट एवं राम सिंह कैड़ा, दर्जा मंत्री दिनेश आर्या एवं शांति मेहरा, रंजन बर्गली एवं नवीन भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा शशांक रावत, अलका जीना, विंदेश गुप्ता रहे।

## एक नजर

### अंडर-16 क्रिकेट लीग: हिमालयन और जीएनजी ने दर्ज की शानदार जीत

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में कराई जा रही अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग का शनिवार को पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरैना में एसआरएस और हिमालयन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 17वें ओवर में 77 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए सौम्य पांडे 14 रन के साथ दहाई का अंक पर कर सके। हिमालयन के गेंदबाज वंश आर्य ने 4, भावेश ऐरी ने 3 व गर्वित अधिकारी ने 2 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमालयन क्रिकेट अकादमी की टीम ने 12वें ओवर में ही बिना विकेट खोए 78 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। ऋषभ खत्री ने 52 और आकाश आर्य ने 16 रनों का योगदान दिया। इस मैच में वंश आर्य मैन ऑफ़ द मैच रहे। वहीं दूसरा मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में जीएनजी और काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

# समर्थ पोर्टल पर 15 हजार पंजीकरण छात्र आज से चुनेंगे कॉलेज व विषय

### 30 जून तक खुला रहेगा पोर्टल, इसी दिन तक अपना पंजीकरण करा सकेंगे विद्यार्थी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए इन दिनों समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किये जा रहे हैं। पोर्टल के माध्यम से शनिवार शाम तक 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। आज (रविवार) से पंजीकरण के साथ-साथ विद्यार्थी कॉलेज और विषयों का चुनाव कर सकेंगे। कुमाऊं विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के नोडल डॉ. एसके सिंह ने बताया कि 30 जून तक समर्थ पोर्टल खुला रहेगा, जिस दौरान विद्यार्थी स्वेच्छानुसार अपने कॉलेज और विषयों का चयन कर सकते हैं।

एमबीपीजी कॉलेज कुमाऊं का सबसे बड़ा कॉलेज है। जिसमें



करीब 12 हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं। विवि की ओर से शनिवार तक पंजीकरण के लिए पोर्टल खोले जाने और 1 जून से कॉलेज और विषयों के चयन के निर्देश दिए गए थे। लेकिन विवि की ओर से बताया गया है कि विद्यार्थी 30 जून तक पंजीकरण के साथ-साथ कॉलेज और विषयों का चयन भी कर सकते हैं। जो विद्यार्थी पूर्व में पंजीकरण करा चुके हैं, वे अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड के सहयोग से समर्थ पोर्टल से कॉलेज और विषयों का चयन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि शासन ने समर्थ पोर्टल से प्रवेश की जिम्मेदारी प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों को सौंप दी है। जबकि पिछले सत्र के दौरान शासन स्वयं समर्थ पोर्टल का संचालन कर रहा था।

जिस दौरान विद्यार्थियों को पंजीकरण और प्रवेश के दौरान दिक्कत होने विवि स्तर से समाधान नहीं हो पा रहा था।

#### बीएससी द्वितीय सेमेस्टर भौतिक की प्रयोग परीक्षा कल से

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में कल (सोमवार) से बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी, जिसमें पहली पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पाली में 12 से 2 बजे तक परीक्षाएं होंगी। प्रयोगात्मक परीक्षाएं 6 जून तक चलेंगी। 6 जून को रेगुलर के साथ ही एक्स स्टूडेंट्स और बैक परीक्षा देने वाले छात्रों की भी प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। विभाग प्रभारी डॉ. एसके श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रयोगात्मक पुस्तिका लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इंटरनल (असाइनमेंट) जमा नहीं करने वालों छात्रों को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। इसलिए जिन छात्रों ने असाइनमेंट जमा नहीं किये हैं, वे परीक्षा के दिन अनिवार्य रूप से इसे जमा करें। इधर, कॉलेज में कल (सोमवार) से एमए राजनीति विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर की लघु शोध की मौखिक परीक्षा और 3 जून को एमए राजनीति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा भी होगी। विभाग प्रभारी डॉ. अलका शर्मा ने सभी परीक्षार्थियों से प्रवेश पत्र अपने साथ लेकर आने के निर्देश दिए हैं।

### आज से शुरू होगा कराटे समर कैंप

**हल्द्वानी :** कियू किशन कराटे फाउंडेशन उत्तराखंड इकाई के तत्वावधान में 31वां अखिल भारतीय कराटे समर कैंप आज से भीमताल में शुरू होगा। 6 जून तक आयोजित होने वाले कैंप में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 120 कराटे खिलाड़ी भाग लेंगे। कैंप राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत सिंह और राष्ट्रीय सचिव हरीश पांडे के नेतृत्व में संपन्न होगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर ने बताया कि समर कैंप की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि यह शिविर खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, अनुशासन और शारीरिक विकास के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। उत्तराखंड इकाई द्वारा हल्द्वानी पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### समस्याओं को लेकर उच्च शिक्षा निदेशक से मिले छात्र

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज के छात्रों ने गौलापार स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय निदेशक से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। छात्रों ने कॉलेज में सफाई कर्मचारियों की कम संख्या, कक्षा कक्षों में मधुमक्खियों के छत्ते लगे होने की जानकारी दी। बताया कि मधुमक्खियों के होने से छात्रों में हमेशा भय का माहौल रहता है। छात्र नेता यतिन पांडे के साथ पहुंचे छात्रों ने कहा कि जे ब्लॉक में छत गिरने को तैयार है, जिससे कभी भी कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। छात्रों ने इन सभी परेशानियों को लेकर और साथ ही कॉलेज के अन्य मुद्दों को लेकर निदेशक केके पांडे से वार्ता की और जल्द कार्रवाई की मांग की इस दौरान आर्यन बेलवाल, सूरज आर्य व लव गंगोला आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मचारी प्रदीप शर्मा को सम्मानित करते रोडवेज कार्मिक।

### सेवानिवृत्ति पर रोडवेज कर्मचारी नेता शर्मा को दी विदाई

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम मंडलीय कार्यालय में यातायात निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारी नेता प्रदीप शर्मा को विदाई दी गई। उन्होंने काठगोदाम डिपो में उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष, मंत्री, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सहित कई पदों में सक्रिय भूमिका निभाई। सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम राजेंद्र प्रसाद आर्या, सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पांडे, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, केंद्र प्रभारी मनोहर रावत, रघुवीर चौधरी, लाल कुमार, विनोद माहेश्वरी, किशन राम आर्या, दयाल जोशी, डीएल साह, आनंद बिष्ट, मन्निदर सिंह, एलडी पालीवाल, गिरीश तिवारी, मनोज भट्ट, शशिकांत गौतम, कैलाश कांडपाल रहे।


श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर प्रेस वार्ता करते संस्था के पदाधिकारी।

### श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन 7 को

**हल्द्वानी :** श्री श्याम युवा मित्र मंडल की ओर से आयोजित किए जाने वाले श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुवार को हुई प्रेस वार्ता में संस्था ने बताया कि 7 जून को एमबी ग्राउंड श्याम भक्ति की आलौकिक छटा से सराबोर होगा। आयोजन से पूर्व सुबह 6 बजे लटूरिया आश्रम मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। आयोजक मंडल के अध्यक्ष अंकित पाल व मीडिया प्रभारी वैभव गुप्ता ने यह जानकारी दी। बताया कि इस बार श्याम प्रेमियों को भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, विवेक शर्मा और परविंदर पलक जैसे प्रसिद्ध कलाकारों की मधुर भक्ति संध्या का अनुभव मिलेगा। संजीव कश्यप, सोनू बेलवाल, हर्षित पाल, कमल पाल, रामू गुप्ता, राहुल भट्ट, पिंकू गुप्ता, राजू प्रजापति और अनिल पाल समेत कई भक्तगण आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं।

# सेना के शौर्य का अभिनंदन है जय हिन्द सभा

- कांग्रेस की ओर से ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर आज रामलीला मैदान में शाम चार बजे की जाएगी सभा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



प्रेस वार्ता में जानकारी देते विधायक सुमित हृदयेश, साथ में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व सीएम हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

**अमृत विचार :** कांग्रेस की ओर से ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर जयहिन्द सभा आयोजित की जाएगी। इसमें पूर्व सैनिकों के सम्मान के साथ ही सेना के अदम्य साहस, शौर्य व पराक्रम का अभिनंदन किया जाएगा।

शनिवार को एक होटल में हुई प्रेस वार्ता में विधायक सुमित हृदयेश ने बताया कि ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर देश भर में 10 शहरों में जय हिन्द सभा की जाएगी। इसी क्रम में आज रविवार को हल्द्वानी रामलीला मैदान में जय हिन्द सभा होगी। इसमें कुमाऊं भर से 10 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि इस सभा में वर्ष 1965, 71, 99 की लड़ाई में हिस्सा लिए सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। कहा कि जय हिन्द उद्घोष तब भी देश विरोधियों के मन में डर पैदा करता था, आज भी करता है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन का त्रिकोण बना रहा है, यह पता चला है कि चीन अफगानिस्तान की भूमि इस्तेमाल करने के लिए वार्ता कर रहा है जो कि आने वाले बड़े खतरे का संकेत है। यह जय हिन्द सभा सुरक्षा एजेंसियों और जनता को जागृत रखने के लिए सभा है। आरोप लगाया कि जब देशवासी सपना देख रहे थे कि पीओके का मसला सुलझ जाएगा तब पता नहीं कहां से डोनाल्ड ट्रंप आए और सुखद सपना दुखद होकर टूट गया। प्रधानमंत्री बताएं कि विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को सूचना दी, यदि दी तो उन्हें हटाएं। यदि वह कहते हैं कि सूचना नहीं दी तो हम मान लेंगे लेकिन इस विषय पर उन्हें चुप्पी तोड़नी होगी।

पूर्व सीएम रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा के नाम पर सेना के शौर्य का राजनीतिकरण किया जा रहा है। सेना का साहस देश का सामूहिक गौरव है जिसका भाजपा दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने जय हिन्द सभा की घोषणा पूर्व में कर दी थी, फिर भी भाजपा ने उसी दिन उसी समय पर काठगोदाम में सभा आयोजित की जो राजनीतिक शिष्टता के खिलाफ है। सत्तारूढ़ दल का राजनीतिक शिष्ट नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि पहलगाम हमले में इंटेलीजेंस पूरी तरह विफल रही। निर्दोषों पर हमला करने वाले आतंकियों का इतने समय बाद भी पता नहीं चला। दो-तीन दिन के हमले में ही आईएमएफ ने 1 बिलियन लोन दे दिया, जो सीधे तौर पर केंद्र की विदेश नीति पर सवाल उठाता है। कहा कि इस सभा के जरिए ऐसे सवालों को उठाया जाएगा और जनता तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड वीरों की भूमि है, कुमाऊं-गढ़वाल रेजीमेंट का घर है फिर भी डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर सीज फायर कर दिया गया जो कि विदेश नीति की विफलता है। आरोप लगाया कि भाजपा शासन में सेना के स्ट्रैटजिक ठिकानों पर आतंकी हमले हुए। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि विदेश मंत्री ने बयान दिया कि पाकिस्तान को बताया कि आतंकी ठिकानों पर भारत हमला करेगा। यह तो सेना की सुरक्षा की सबसे बड़ी चूक है। प्रकाश जोशी, ललित फर्सवाण, ललित जोशी, वीरेंद्र रावत, आनंद रावत, राहुल छिमवाल, गोविंद बिष्ट, संदीप भैसोड़ा मौजूद रहे।

### बच्ची नगर, गोलापार खेड़ा में जल संकट

**हल्द्वानी :** भीषण गर्मी के बीच बच्ची नगर और गौलापर खेड़ा के लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्थित ट्यूबवेल बीते दो दिनों से बंद हैं, जिससे पूरी पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। इस संकट ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। सुबह से ही महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। कई लोग निजी टैंकर मंगा रहे हैं, गर्मी के कारण हालात और भी भयावह हो गए हैं। स्थानीय निवासी कविता देवी बताती हैं कि पानी के बिना काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन से न तो नहाने का पानी है और न ही पीने का। जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी खराबी के कारण ट्यूबवेल बंद हुआ है, जिसे जल्द ठीक करने की प्रक्रिया जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि ट्यूबवेल को तुरंत ठीक कराया जाए। इधर जल संस्थान के एई रविन्द्र कुमार का कहना है कि जिन जगहों पर पानी की समस्या है और जहां ट्यूबवेल खराब हैं, वहां जल सस्थान के टैंकर पानी की आपूर्ति कर रहे हैं।

**कवायद** — अवैध तरीके से सवारियां भरने पर होगी सख्त कार्रवाई, डिपोवार टास्क फोर्स तैयार करेगा परिवहन निगम

# डग्गामारी पर लगेगी लगाम, टास्क फोर्स का होगा गठन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अब डग्गामारी करने और लालच देकर परिवहन निगम के यात्रियों को निजी बसों व अन्य वाहनों में ले जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उत्तराखंड परिवहन निगम इसके लिए टास्क फोर्स का गठन करने जा रहा है।

जो कार्रवाई के साथ ही यात्रियों को परिवहन निगम की बसों में बैठने के लिए प्रेरित भी करेगी। परिवहन निगम के सभी बस स्टेशनों पर टास्क फोर्स गठित की जाएगी। फिलहाल एक माह के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है। जिसमें स्टेशन इंचार्ज, एसएसआई, जेएसआई, लिपिकों व कार्यालय सहायकों कोशामिल किया जाएगा। जानकारी के अनुसार प्रत्येक डिपो बस स्टेशन



पर टास्कफोर्स की ओर से एक रजिस्टर मेंटेन किया जाएगा। जिसमें बस स्टेशन पर निगम की संचालित बस का पूरा नंबर, बस का प्रकार, मार्ग का नाम और उस बस में टास्क फोर्स की ओर से बैठाए गए यात्रियों की संख्या का विवरण अंकित किया जाएगा। जिसका निरीक्षण दैनिक रूप से संबंधित डिपो के एआरएम की ओर से किया जाएगा। फोर्स का काम होगा कि डिपो बस स्टेशन पर अन्य राज्य परिवहन निगम की बसों का संचालन अनुमन्य ट्रिप्स, निर्धारित समय अंतराल पर संचालित हो ध्यान रखना है। कोई भी बस मार्ग पर खाली व अत्यंत कम यात्रियों में संचालित न हो, इसके लिए संबंधित चालक-परिचालक को निर्देशित किया जाएगा।

महाप्रबंधक (संचालन) पवन मेहरा ने फोर्स के गठन के लिए समस्त डिपो के सहायक महाप्रबंधकों को पत्र भेजकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

#### पुलिस और प्रशासन का भी लिया जाएगा सहयोग

परिवहन निगम की टास्क फोर्स जरूरत पड़ने पर पुलिस और प्रशासन का सहयोग भी लेगी। यदि बस स्टेशन के परिसर से निजी बस संचालकों कंपनियों के एजेंटों की ओर से परिवहन निगम के यात्रियों को बहला-फुसला या कोई अन्य लालच देकर बस स्टेशन से बाहर ले जाने की कोशिश की जाती है, तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जरूरत पड़ने पर पुलिस और प्रशासन से भी सहयोग लिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| 25 मई | 1716858 |
| 26 मई | 1910051 |
| 27 मई | 1660278 |
| 28 मई | 1603342 |
| 29 मई | 1515112 |
| 30 मई | 1484605 |

#### रोडवेज में पसरा सन्नाटा, आय पर असर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डग्गामारी के साथ ही पर्यटकों की घटती संख्या के कारण उत्तराखंड परिवहन निगम के हल्द्वानी डिपो की आय घटती जा रही है। हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में यात्रियों की कमी के कारण इन दिनों सन्नाटा छाया हुआ है। अधिकांश प्रमुख मार्गों पर यात्रियों की संख्या घट चुकी है। जिसका सीधा असर डिपो की आय पर पड़ा है। हल्द्वानी डिपो की एक सप्ताह की आय के आंकड़ों पर नजर डालें तो इसमें लगातार गिरावट देखने को मिली है। बीती 26 मई को जहां हल्द्वानी डिपो की आय 19 लाख से अधिक थी। वहीं, यह आय 30 मई तक आते-आते 14 लाख तक गिर चुकी है। हल्द्वानी डिपो के एआरएम संजय पांडे ने बताया कि पिछले साल की तुलना में नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटकों में काफी कमी आई है। साथ ही डग्गामारी भी आय गिरने का एक कारण है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### होर्डिंग फाड़ने का आरोप तहरीर सौंपी

**काशीपुर :** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि ढींगरा ने अपने प्रचार को लगाए होर्डिंग फाड़ने के मामले में प्रतापपुर चौकी इंचार्ज को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में रवि ढींगरा ने बताया कि वह जिला पंचायत सदस्य पद के लिए उम्मीदवार हैं। उनके द्वारा अपने प्रचार प्रसार के लिए रामनगर रोड पर कई होर्डिंग व फ्लेक्सी लगाए गये हैं। पिछले कुछ माह से अज्ञात लोगों ने द्वेषभावना के चलते उनके होर्डिंग व फ्लेक्सी फाड़ दिए। उन्होंने बताया कि इन लोगों से उन्हें अपनी जान का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने चौकी प्रभारी से इस मामले में लिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई करने के साथ ही उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### स्टेशन इंचार्ज, लिपिकों और कार्यालय सहायकों की लगेगी ड्यूटी, रुद्रपुर डिपो में सोमवार से लागू होगी व्यवस्था

# यात्रियों को बसों में बैठाने के लिए बनेगी टास्क फोर्स

पहल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम की बस में यात्रियों को बस में बैठाने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। यह फोर्स एक माह तक कार्य करेगी। महाप्रबंधक (संचालन) ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। रुद्रपुर डिपो में सोमवार से टास्क फोर्स काम करना शुरू कर देगी।

शनिवार को महाप्रबंधक का आदेश रुद्रपुर डिपो के सहायक महाप्रबंधक केएस राणा के पास पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पहलगाम घटना का प्रभाव परिवहन निगम की बसों में पड़ा है। इससे यात्रियों की संख्या भी कम हुई है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में परिवहन निगम को करीब पचास करोड़ तक का नुकसान हो रहा है। इसी तरह रुद्रपुर डिपो की आय में भी दो से तीन लाख की कमी आयी है।

एआरएम ने बताया कि बसों में यात्रियों की संख्या को बढ़ाने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है। इसमें स्टेशन इंचार्ज (एसएसआई व जेएसआई) के साथ ही लिपिकों को कार्यालय सहायकों को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यालय सहायकों की ड्यूटी सप्ताह में दो दिन लगाई जाएगी। इस दौरान टास्क फोर्स की ओर से एक रजिस्टर बनाया जाएगा। इसमें बस स्टेशन पर संचालित बस का नंबर, बस का प्रकार, मार्ग का नाम और बस में बैठाए गए यात्रियों की संख्या का विवरण अंकित किया जाएगा।

#### यात्रियों को किया जाएगा बसों में बैठने के लिए प्रेरित




**रुद्रपुर :** एआरएम ने बताया कि आदेश के अनुसार टास्क फोर्स यात्रियों को बसों में बैठने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यदि बस स्टेशन के अंदर से किसी निजी बस संचालकों के एजेंटों ने उनके चालक, परिचालकों को अथवा बस स्वामियों की ओर से निगम के मार्ग से संबंधित यात्रियों को बहला फुसलाकर बस स्टेशन से बाहर ले जाने की कोशिश की तो टास्क फोर्स तत्काल कार्रवाई करेगी। इसके संबंध में अगर पुलिस प्रशासन और प्रशासन से सहयोग की जरूरत पड़ी तो वह भी किया जाएगा।

#### राज्य के बाहर की बसें समय से होंगी संचालित

**रुद्रपुर :** एआरएम ने बताया कि बस स्टेशन पर अन्य राज्य परिवहन निगम की बसों का संचालन निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही करावाया जाएगा। अगर निर्धारित संख्या से अधिक बसें आएंगी तो उनके संचालन पर रोक लगायी जाएगी। इसके अलावा निगम की बसों को लगातार न भेजकर एक समय अंतराल में संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी मार्ग पर अगर बस खाली है या यात्रियों की संख्या कम होती तो बसों को संचालित नहीं करने के निर्देश चालक व परिचालक को दिए गये हैं।

# पीएमआरबीपी के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए दिया जाने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है। सराहनीय युवाओं को सम्मानित करने के लिए स्थापित यह पुरस्कार छह श्रेणियों में दिया जाता है। बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी।

शनिवार को जिलाधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे जिन्होंने 31 जुलाई तक इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दिया है वे नामांकित होने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि व्यापक चयन प्रक्रिया करने के लिए, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य संबंधित संस्थानों से पीएमआरबीपी के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पीएमआरबीपी के लिए नामांकन करने के लिए इस उद्देश्य के लिए बनाए गए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्राप्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएमआरबीपी के लिए नामांकन 1 अप्रैल से शुरू हो गये हैं और नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। उन्होंने बताया कि कट-ऑफ तिथि का सख्ती से पालन करें।

# गैस सिलेंडर में लीकेज से घर में लगी आग, छह ग्रामीण झुलसे

### एक गंभीर घायल, डेढ़ लाख का नुकसान, राजस्व उप निरीक्षक व आप नेता ने किया मुआयना

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** घरेलू सिलेंडर से गैस लीकेज होने पर रसोई घर व एक कमरे में आग लग गई। आग बुझाने के दौरान छह ग्रामीण झुलस गए। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।


घायल विजय अधिकारी।

शुक्रवार की देर शाम ग्राम बसंतीपुर निवासी पत्रकार प्रकाश अधिकारी की पत्नी आशा अधिकारी रसोई घर में खाना बना रही थी। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर से गैस लीकेज होने पर रसोई घर व पास के एक कमरे में आग लग गई। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों द्वारा मिट्टी व पानी डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण किया। सूचना पर पहुंचे दमकल वाहन के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से पानी की बौछार डालकर आग को शांत किया। तब तक रसोई घर व पास के एक कमरे में रखा फ्रिज, पंखा, फर्नीचर, बर्तन, राशन, कपड़े जलकर राख हो गए। इस दौरान आग बुझाने में परिवार व गांव के छह लोग झुलस गए। जिसमें विजय अधिकारी गंभीर घायल हो गए, घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर घायल विजय अधिकारी को रेफर कर दिया गया। सूचना पर तहसील प्रशासन से राजस्व उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार व आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके का मुआयना किया। लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान का आकलन किया। आप नेता सुभाष व्यापारी ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान समाजसेवी नित्यानंद मंडल, शंकर चक्रवर्ती, हरिपद मंडल, समीर राय, नारायण महाजन, चंद्रशेखर विश्वास, मनोरंजन साना, विवेक दास, बाबू मंडल, डॉ. सिमरन पांडे, कालीपद विश्वास आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के ग्राम- बसंतीपुर में सिलेंडर से गैस लीकेज होने पर लगी आग।


जला घरेलू गैस सिलेंडर।


घटना की जानकारी लेते राजस्व उप निरीक्षक व आप बंगाली मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष।

### मामूली विवाद में दबंगों ने दो युवकों पर किया हमला

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में पैसे के लेनदेन के चलते दबंगों ने दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में घायलों का गंभीर अवस्था में सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में उपचार चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 18, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी तस्लीम कुरैशी ने बताया कि उसके बहनोई जिला बरेली, थाना फरीदपुर निवासी भूरा ने सिरौली कला, पुलभट्टा निवासी अशरफ से एक भैंस खरीद थी तथा भैंस की एवज में अशरफ को 18 हजार रुपये देने थे। बताया कि इसी मामले को लेकर 28 मई को अशरफ एवं समीर उर्फ छोटा पीड़ित के घर पहुंचे और धमकाते हुए कहा कि उनके द्वारा पीड़ित के बहनोई भूरा से 18 हजार रुपये लेने हैं, अगर पैसे जल्द नहीं मिले तो वे लोग पीड़ित की भैंस खोल कर ले जाएंगे। पीड़ित के अनुसार बहनोई भूरा से फोन पर वार्ता के बाद पीड़ित ने अपने पास से अशरफ को 18 हजार रुपये नगद दे दिए और विवाद खत्म हो गया। बताया कि उसी दिन शाम को पीड़ित तस्लीम कुरैशी अपने रिश्तेदार उवेश अहमद एवं नहीम के साथ बाइक से ग्राम स्थित चार बीघा क्षेत्र की ओर जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान वार्ड नंबर 20 निवासी इस्माइल, सोहेल एवं समीर, अख्तर एवं वार्ड नंबर 15, किच्छा निवासी इमरान ने उन्हें घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने किसी धारदार हथियार से उवेश एवं नहीम के सिर में चोट मार दी। घटना में घायल दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# विकास भवन में स्टॉल लगाकर दीं योग से संबंधित जानकारियां

- जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग ने लगाए स्टॉल, सीडीओ ने किया स्टॉल का शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व जनपद में श्रृंखलावार योग संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग ने विकास भवन में स्टॉल लगाकर योग संबंधी जानकारियां एवं प्रचार साहित्य वितरण व जांच कर निशुल्क दवा वितरित की। स्टॉल का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने किया।

शनिवार को जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ल ने बताया कि 82 लोगों की जांच, परामर्श व निशुल्क दवाई वितरित की गयी। 125 लोगों को योग प्रचार साहित्य वितरण व जानकारी देकर योग के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 50 ग्राम स्तरीय योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। जिनके माध्यम से ग्रामवासियों को जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया गया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया।


विकास भवन में लगे स्टॉलों का निरीक्षण करते सीडीओ। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ अर्थात एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर विद्यालयों में भी अब तक 10 से अधिक चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए छात्रों को प्रोत्साहन के लिए प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए हैं। इसके अलावा जिले के विकास खंडों में विकासखंड स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आमंत्रित किया गया।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. शुक्ला ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और क्षेत्रवासियों को योग के आठों अंगों के बारे में बताया। सभी से जिले के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) चिकित्सालयों में आकर प्रशिक्षित योग अनुदेशकों द्वारा योग सीखने और इसे जीवन शैली का हिस्सा बनाने की अपील की गयी। इस अवसर पर मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पिंक टॉयलेट का किया लोकार्पण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महाराणा प्रताप चौक पर महिलाओं के लिए बनाए गए पिंक टॉयलेट का महापौर ने लोकार्पण किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी एवं नगर निगम के उपनगर आयुक्त अभय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

शनिवार को टॉयलेट के लोकार्पण दौरान महापौर दीपक बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से पर्यटन योजना से बने इस पिंक टॉयलेट से महिलाओं और जीजीआईसी की जो बेटियां हैं उन्हें भी काफी लाभ होगा। क्योंकि इस टॉयलेट का एक गेट जीजीआईसी के अंदर से भी खुलता है। इस टॉयलेट में एक कमरा भी है। जिसमें जरूरत पड़ने पर महिलाएं बैठ भी सकती हैं और अपने बच्चों को फीडिंग भी करा सकती हैं। यह टॉयलेट हाल ही में नगर निगम के सुपुर्द हुआ है और 22 लाख रुपये की लागत से बने इस टॉयलेट का रखरखाव स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री संजय, पार्षद गुरविंदर सिंह चंडोक, मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, रवि पाल, अमिताभ सक्सेना, राजीव अरोरा आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में पिंक टॉयलेट का फीता काटकर लोकार्पण करते मेयर व अन्य।

### युवक को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** मोटेश्वर महादेव के दर्शन करने गए एक युवक पर कुछ युवकों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद सहित अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मानपुर रोड, कचनाल गाजी निवासी सागर कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 26 मई की रात उसका भाई राजा मोटेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने के लिए गया था। बताया कि वहां से घर वापस लौटते वक्त जब वह स्टेडियम गेट के सामने पहुंचा, तो पीछे से कुमाऊं कॉलोनी, कचनालगाजी निवासी राजेश सक्सेना, उदय सक्सेना व विशाल सक्सेना अपने 3-4 अन्य साथियों के साथ बाइक से आये और धारदार हथियारों व लाठी-डंडों से उसके भाई पर हमला कर दिया। हमले में उसका भाई घायल हो गया। इस दौरान राहगीरों ने उसके भाई को बमुश्किल बचाया।

# परीक्षा प्रभारी को हटाने को लेकर तालाबंदी

आक्रोश

- प्रशासन ने बुलाई पुलिस फोर्स, आश्वासन के बाद छात्रों ने किया धरना समाप्त

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राधेहरि कॉलेज के छात्रों ने परीक्षा प्रभारी का प्रभार निरस्त करने की मांग को लेकर तालाबंदी कर दी। कॉलेज प्रशासन के समझाने के बावजूद वह नहीं माने। इस दौरान प्रशासन ने पुलिस बल बुला लिया। बाद में प्राचार्य के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

शुक्रवार की शाम राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परीक्षा समाप्त होने के बाद करीब साढ़े चार बजे छात्रों ने कॉलेज में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने उन्हें समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। सूचना पर आईटीआई थाना से भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। छात्रों ने बताया कि शुक्रवार को एक छात्र परीक्षा प्रभारी के पास पहुंचा। छात्र ने उनसे कहा कि दो बार शुल्क जमा हो गया है। वह कैसे मिलेगा। आरोप है कि इस पर उन्होंने उसके साथ ठीक से व्यवहार नहीं किया है। इस पर उन्होंने महाविद्यालय में तालाबंदी कर परीक्षा प्रभारी को हटाने की मांग की है। प्राचार्य ने परीक्षा समाप्त होने के बाद समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। इस पर छात्रों ने धरना समाप्त कर दिया गया। वहां पर अमन शर्मा, रिंकू बिष्ट, आकाश चौहान, वरुण यादव, सौरभ, अमन चौधरी आदि मौजूद रहे।


काशीपुर के राधेहरि कॉलेज में तालाबंदी करते छात्र। ● अमृत विचार

### बाइक से गिरकर घायल

**काशीपुर, अमृत विचार :** बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। मोहल्ला आर्य नगर निवासी आकाश बाइक से गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

REQUIRED
National level institution - District Team Leader/ Coordinator. Prefe- Own Vehicle/ MBA (Sales & marketing)/ MSW. whatsapp CV 7081974868. Salary 5fig
Phone numbers 8004682261/ 9792793660

अभियान — पर्यावरण संरक्षण शपथ हस्ताक्षर अभियान चलाया, 1464 मतदेय स्थलों पर रोपेंगे पौधे

# पर्यावरण दिवस से हरेला तक होगा पौधरोपण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 5 जून को पर्यावरण दिवस से 16 जुलाई हरेला पर्व तक वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान जनपद में 1464 मतदेय स्थलों में पौधरोपण किया जाएगा। वहीं शनिवार से जनपद में पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत भी हो गयी है। यह कार्यक्रम 5 जून तक चलेगा।

शनिवार को यह बात जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कही। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर 10-10 पौधे लगवाने के निर्देश दिए। पौधों की देखरेख भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए सभी उप जिलाधिकारी समस्त बूथों के बीएलओ, सुपरवाईजर एवं पटवारी व लेखपाल पौधारोपण कार्यक्रम को चलाये जाने के लिए अभी से तैयारियां कर लें। उन्होंने कहा कि 5 जून पर्यावरण दिवस तक पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


विकास भवन में अभियान के तहत हस्ताक्षर करते सीडीओ। ● अमृत विचार

इसी क्रम में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण शपथ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसका विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने हस्ताक्षर कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हम पृथ्वी को हरा-भरा और स्वच्छ बनाये रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। जलवायु और धरती के संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे। उन्होंने प्लास्टिक और प्रदूषण को कम करने के लिए वैकल्पिक व पर्यावरण मित्र तरीकों को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.आलोक शुक्ला, सहायक अभियंता सिंचाई विशाल प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### महिला को जान से मारने की धमकी दी

**सितारगंज :** वार्ड नं. 10 की रहने वाली महिला ने कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर अपने पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि उसने व उसके परिवार ने सादिक उर्फ बिट्टू निवासी वार्ड नं. 6 आजादनगर के विरुद्ध पूर्व में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। इस शिकायत के बाद से ही पड़ोसी नूर कमर निवासी वार्ड नं. 10 और उसका चचेरा भाई तनवीर अहमद निवासी वार्ड नं. 5 द्वारा उन्हें लगातार फोन पर गाली-गलौच की जा रही है तथा जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। महिला ने कहा कि इन कॉल्स की रिकॉर्डिंग भी उनके पास सुरक्षित है। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि उनका परिवार कामकाज के चलते अक्सर देर रात घर लौटता है और आरोपियों का व्यवहार शातिर व आपराधिक प्रवृत्ति का है। ऐसे में कोई अप्रिय घटना घट सकती है।


सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में समस्या सुनते एसडीएम मनीष बिष्ट।

#### सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में सुनीं समस्याएं

**रुद्रपुर :** ग्राम दानपुर में सरकार जनता के द्वार जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने प्राथमिक विद्यालय दानपुर में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 18 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने जनहित से जुड़ी कई समस्याओं का तत्काल समाधान करते हुए ग्रामीणों को राहत प्रदान की। इसके अलावा विद्यालय परिसर में लंबे समय से निष्प्रयोज्य (उपयोग में नहीं आ रहे) शौचालयों को हटाने के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी, रुद्रपुर को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गये। एसडीएम ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जनसमस्याओं का संवेदनशीलता व प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ आमजन तक सीधे पहुंचे।

## एक नजर

### पेट्रोल पंप के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**काशीपुर :** आईटीआई थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास अज्ञात शव मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। शुक्रवार की रात लगभग आठ बजे आईटीआई पुलिस को एक व्यक्ति ने सूचना दी। बताया कि बाजपुर रोड स्थित सेठी पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किये। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। आईटीआई थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 48 वर्ष होगी और उसके दाहिने हाथ पर ओपीएस कविता अंकित है। आसपास के थानों को सूचना दे दी गई है।

### वृद्ध से की मारपीट

**काशीपुर :** वृद्ध ने दो युवकों पर उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। खड़कपुर देवीपुरा निवासी चंद्रपाल ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीती 27 मई को होली चौराहे के पास पुलिया पर बैठा था। इस दौरान गांव के ही नितिन, आदित्य बाइक से आए और बिना बात के ही गाली-गलौज कर उसे 10-12 थप्पड़ मारे। आरोपियों ने उसको जान से मारने की धमकी दी। जब उसने इसकी शिकायत नितिन के परिवार वालों से की, तब उसके बड़े भाई विक्रांत ने भी उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया।

# साइबर ठगी करने वाले दो शातिर आरोपी दबोचे

## गैंग के दो सदस्य हैं फरार, 19 मई को खाते से निकाले थे 49.99 हजार रुपये, काशीपुर के निवासी हैं दोनों

खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 19 मई को एसबीआई के खाते से हुई 49.99 हजार की साइबर ठगी का पर्दाफाश करते हुए कोतवाली पुलिस ने दो शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 29 मई को शांति कॉलोनी निवासी हरबंस लाल ने मुकदमा दर्ज करवाया था। उसके अनुसार 17 मई को वह एसबीआई बैंक गया और खाते की जांच करवाई तो पता चला कि खाते से बिना किसी ओटीपी आए ही 49.99 हजार रुपये की धनराशि गायब थी। जब जांच की तो पता चला कि साइबर ठगों ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर साइबर ठगी को अंजाम दिया है।

साइबर ठगी की छोटी वारदात होने के बाद भी कोतवाली पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया। 30 मई को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने काशीपुर निवासी मनोज सैनी, अजय सैनी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि फरार मुरादाबाद निवासी पुष्पेंद्र व सतपाल की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।


साइबर ठगों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### ऑनलाइन गेमिंग का नया तरीका था शातिराना

**रुद्रपुर :** 49 .99 हजार की महज छोटी साइबर ठगी ज्यादा गंभीर विषय नहीं था, लेकिन ऑनलाइन गेमिंग का जो नया तरीका था वह बेहद ही शातिराना था। यही कारण है कि एसएसपी ने कोतवाली रुद्रपुर, काशीपुर कोतवाल सुंदरम शर्मा के अलावा सर्विलांस, साइबर सहित मैनुअल संयुक्त टीम का गठन किया। जिसमें दस अधिकारी-कार्मिक शामिल रहे और बेहतर पुलिसिंग का परिचय देते हुए पर्दाफाश कर दिया।

### फरार पुष्पेंद्र व सतपाल हैं साजिशकर्ता

**रुद्रपुर :** पूछताछ में अजय सैनी व मनोज सैनी ने बताया कि साइबर ठगी का आइडिया देने वाला और कोई नहीं, बल्कि फरार पुष्पेंद्र व सतपाल ही है। कारण इन्हीं लोगों ने साइबर ठग करने वाला वेबसाइट ऑनलाइन गेमिंग खेलों और अधिक पैसा कमाओ की कहानी लिखी थी। जिसके बाद साइबर ठगी का ऐसा लालच लगा कि कई राज्यों के लोगों को अपना शिकार बनाया।

# 15 राज्यों में ऑनलाइन गेमिंग का जाल फैला था

- गेमिंग में करोड़ों कमाने का देते थे झांसा
- आरोपियों ने जल्द अमीर बनने का देखा था सपना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 49.99 हजार की साइबर ठगी तो देखने में एक छोटी ठगी है, लेकिन पकड़े गए साइबर ठगों के इरादे काफी बड़े और घातक थे। कारण चार दोस्तों ने मिलकर जल्द अमीर बनाने का सपना देखा और उन्होंने साइबर क्राइम का रास्ता अख्तियार किया। जिसका नाम दिया ऑनलाइन गेमिंग। यही कारण है कि बहुत कम समय में ही सैनी गिरोह ने 15 राज्यों में करोड़ों की ठगी को अंजाम दे डाला, लेकिन कोतवाली पुलिस ने उनकी रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि गिरफ्तार मनोज सैनी और अजय सैनी ने पूछताछ में बताया कि पुष्पेंद्र व सतपाल से उनकी दोस्ती है। वर्ष 2023 में उन्होंने एक साथ मिलकर ऑनलाइन गेमिंग का वेबसाइट बनाकर सोशल मीडिया में डाला। जैसे ही भोले-भाले लोग उस पर क्लिक करते हैं। वैसे ही वह कॉल कर ऑनलाइन गेमिंग में निवेश कर मोटा मुनाफे का प्रलोभन देकर जाल में फंसाते थे। मकसद यही था कि कम समय में ज्यादा धनवान बनाना और पैसा कमाकर मौज मस्ती करना था।

पुलिस ने जब आरोपियों के एक खाते की पड़ताल की तो पता चला कि 49.99 ठगी उत्तराखंड में उनका पहला ट्रायल था। इससे पहले सैनी गैंग ने उत्तर प्रदेश, असम, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना सहित 15 राज्यों में भी धोखाधड़ी कर अपना जाल फैला दिया था। महज एक ही खाते से करोड़ों के लेनदेन होने के सबूत भी सामने आए हैं जो कि साइबर ठग गिरोह के विशाल नेटवर्क को दर्शाता है।

# एजीएम एचआर की पुन: बहाली का दिया आदेश

- जिरह सुनने के बाद सिविल जज ने सुनाया फैसला
- 5 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दबाव बनाकर इस्तीफा देने के प्रकरण की सुनवाई करते हुए सिविल जज सीनियर डिवीजन ने सिडकुल की एक कंपनी प्रबंधन को एजीएम एचआर की पुनः बहाल किए जाने का आदेश दिया और 5 जुलाई को अगली सुनवाई की तिथि दी।

वादी अधिवक्ता पीयूष पंत ने बताया कि कौशल किशोर उपाध्याय ने दायर याचिका ने बताया था कि 15 फरवरी 2024 को सिडकुल की टीवीएस श्रीचक्रा कंपनी में एजीएम एचआर व ईटी के पद पर नियुक्त हुआ। नियुक्ति प्रक्रिया बेहद जटिल थी और सीईओ व प्लांट हेड द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया। आरोप था कि 23 जनवरी 2025 को वरिष्ठ अधिकारी सुरेश शिवानंद ने फोन पर ही झूठे आरोप लगाकर त्यागपत्र देने का दबाव बनाया।

29 अप्रैल 2025 का वीडियो कांफ्रेंस में प्लांट हेड राजेंद्र कुमार की मौजूदगी में मानसिक प्रताड़ना दी और इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया। बताया कि वह रक्तचाप व पत्नी भी बीमार रहती है और बेटी देहरादून में शिक्षा प्राप्त कर रही है।



बावजूद वह मानसिक अवसाद से गुजरने लगा। जब 19 मई को त्याग पत्र वापस करने को प्रार्थना डाला तो कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं आया। इसके बाद पीड़ित ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में याचिका दायर की।

याचिका पर सुनवाई करते हुए सिविल जज सीनियर डिविजन हेमंत सिंह ने दोनों पक्षों की जिरह सुनी और निर्णय दिया कि वादी का पक्ष ठोस है। लिहाजा कंपनी प्रबंधन को आदेशित किया जाता है कि याचिकाकर्ता कौशल किशोर उपाध्याय से सभी दस्तावेज लेते हुए उनके मूल पद एजीएम एचआर व ईटी के पद पर तैनाती दी जाए और याचिका की अगली सुनवाई 5 जुलाई को होगी।

# सड़क किनारे घर में घुसा बेकाबू डंपर

- घर के अंदर सो रहे पति-पत्नी और डंपर चालक घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे-74 पर बेकाबू डंपर डिवाइडर से टकराने के बाद दीवार तोड़कर सड़क किनारे घर में जा घुसा। हादसे में घर के अंदर सो रहे पति-पत्नी के साथ ही डंपर चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। चालक को नींद की छपकी आना घटना का कारण बताया जा रहा है।

पुलिस चौकी दोराहा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-74 ग्राम महेशपुरा से होकर गुजर रहा है। शनिवार की तड़के करीब 6 बजे दोराहा की ओर से सुल्तानपुर पट्टी की ओर जा रहा तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद ओमप्रकाश के घर की दीवार तोड़कर अंदर जा घुसा। हादसे में घर के अंदर सो रहे ओमप्रकाश (70), पत्नी राजवती (65) एवं डंपर चालक लक्ष्मीपुर कोसी कांटा निवासी सुखपाल सिंह (33) घायल हो गए। अचानक हुई घटना से वहां चीखपुकार मच गई। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। इसी बीच सूचना पर दोराहा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने आरोपित वाहन को कब्जे में ले लिया है। ग्राम महेशपुरा में जिस घर में डंपर घुसा उसमें पति-पत्नी बाहर की तरफ के कमरे में सो रहे थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सोये हुए थे।


बाजपुर में दीवार तोड़कर घर के अंदर घुसा डंपर। ● अमृत विचार


घायल ओमप्रकाश।


घायल राजवती।


चालक सुखपाल सिंह।

# बोलेरो की टक्कर से बुलेट सवार युवक की मौत

- डॉक्टर पर लगा संवेदनहीनता का आरोप
- कार में ही देखा, जान बचाने की कोशिश तक नहीं की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष के डॉक्टर पर उस वक्त संवेदनहीनता का आरोप लगा जब सड़क हादसे में घायल युवक को कार में ही डॉक्टर ने देखा और उपचार देकर जान बचाने की कोशिश नहीं की। आरोप था कि थोड़ी देर बाद ही युवक ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद लोगों ने डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा भी काटा। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


करमजीत (फाइल फोटो)।


जिला अस्पताल में लगी भीड़। ● अमृत विचार

शुक्रवार की देर रात्रि साढ़े 11 बजे कार सवार युवक मनीष चौधरी ने कीरतपुर रोड और दानपुर कट के किनारे एक 26 वर्षीय लहूलुहान युवक को पड़ा देखा और मानवता का परिचय देते हुए अपनी कार से जिला अस्पताल पहुंचा। आरोप था कि जब आपातकालीन कक्ष में तैनात रात्रि चिकित्सक को सूचित किया और डॉक्टर ने बाहर आकर कार में खून से लथपथ पड़ा युवक का बिना कोई उपचार किए ही मृत घोषित कर दिया।

जबकि डॉक्टर को जान बचाने की एक कोशिश करनी चाहिए थी। डॉक्टर के इस संवेदनहीन रवैये के बाद भी कार सवार घायल को प्राइवेट चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली तो पता चला कि मृत युवक का नाम विजय नगर दिनेशपुर निवासी 26 वर्षीय करमजीत सिंह है।

देर रात्रि बोलेरो संख्या यूके-06 बीजे-2106 ने बुलेट संख्या यूके-06 एएफ-2597 को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने आरोपी चालक जाफरपुर निवासी देवेंद्र गुप्ता को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आधे घंटे तक तड़पता रहा युवक

**रुद्रपुर :** मददगार मनीष चौधरी का कहना था कि वह एक पार्टी से लौट रहा था कि दानपुर कट के हाईवे किनारे करमजीत सिंह खून से लथपथ तड़प रहा था। जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि घायल पिछले आधे घंटे से सड़क पर ही पड़ा हुआ था। किसी भी राहगीर का ध्यान नहीं गया। यदि समय रहते सरकारी अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर लापरवाही नहीं दिखाता या फिर राहगीर अस्पताल पहुंचा देते तो शायद युवक की जान बच सकती थी।

### वापस लौट लोगों ने काटा हंगामा

**रुद्रपुर :** शुक्रवार की देर रात्रि सड़क हादसे में घायल युवक के उपचार में संवेदनहीनता दिखाने के बाद जब प्राइवेट डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया तो कार सवार सहित मृतक के परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर हंगामा काटा। तैनात डॉक्टर पर दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। कहना था कि जिस वक्त कार में घायल बेसुध पड़ा था। उस वक्त युवक को उपचार की जरूरत थी। बावजूद कार से नीचे तक नहीं उतारा गया। बाद में पीएमएस डॉ. आरके सिन्हा ने मामले को संभाला।

> सड़क हादसे में घायल युवक के उपचार में कोई भी लापरवाही नहीं बरती गई। जिस वक्त कार में पड़े घायल को डॉक्टर ने देखा और मृत घोषित कर दिया था। उस वक्त कुछ युवक डॉक्टर पर बेवजह आरोप लगाने लगे और खुद ही जबरन घायल को प्राइवेट अस्पताल ले गए। सीसीटीवी और वायरल वीडियो में तैनात डॉक्टर की कोई भी लापरवाही सामने नहीं आई है।
>
> **-डॉ. आरके सिन्हा,** पीएमएस।

# दूधिया नगर में जिम जा रहे युवक पर कातिलाना हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 27 मई को दूधिया नगर में एक युवक पर उस वक्त कातिलाना हमला किया गया, जब वह रात्रि 8 बजे जिम जा रहा था। हमले में युवक लहूलुहान होकर नीचे गिर गया और हमलावर मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में घायल को प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां युवक के सिर पर दस टांके लगाए गए। युवक की हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वार्ड-13 दूधिया नगर निवासी आजाद खां ने बताया कि 27 मई की रात्रि उसका बेटा शबाब खान रात्रि 8 बजे जिम जा रहा था। इस दौरान घात लगाए बैठे वहीं के रहने वाले राजू, अजय, दीपक, आजम, कासिम ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला बोल दिया और लाठी डंडे, कांपा, तलवार व धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। इससे शबाब लहूलुहान होकर नीचे गिर गया और हमलावर मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में युवक को प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया।

# हादसों में महिला सहित चार घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से तीन को राहगीरों ने उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है, जबकि चौथे घायल को निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम विजय रम्पुरा निवासी धर्मेंद्र (21) पुत्र मक्खन सिंह अपनी पत्नी काजल (20) के साथ घर से बाइक पर उसकी दवाई लेने के लिए बेरिया दौलत की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच शुक्रवार की देर रात करीब आठ बजे तोता बेरिया मार्ग पर विपरीत दिशा से जा रहे ग्राम बेरिया खतौली निवासी रवि (27) पुत्र सोमल सिंह की बाइक से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें धर्मेंद्र और रवि गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि काजल के गुम चोटें आई हैं और इसे नगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में दोनों बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। वहीं दूसरी घटना भी शुक्रवार की देर रात करीब 10 बजे केशोवाला मोड़ के निकट हुई है। यहां बाइक सवार 12 वर्षीय किशोर ग्राम केशोवाला निवासी प्रभगुण सिंह पुत्र रविंद्र सिंह बाइक से कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच मोड़ के निकट बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल कर गिर गई जिसमें प्रभगुण घायल हो गया, जिसे राहगीरों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया।


सरकारी अस्पताल में भर्ती धर्मेंद्र।

सख्ती

## पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने किया सब्जी मंडी, तहसील रोड का भ्रमण, कल से हटाया जाएगा अतिक्रमण

# खटीमा में तहसील रोड पर जाम की समस्या पर मंथन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नगरपालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने शनिवार को खड़ंजा रोड, पुरानी तहसील रोड, सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। स्थानीय व्यापारियों ने तहसील रोड पर लगने वाले जाम की समस्या से नगर पालिकाध्यक्ष को अवगत कराया।

व्यापारियों ने कहा कि रोड के मध्य लगने वाले ठेलों एवं कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे लगाने वाले फड़ों की वजह से जाम की स्थिति बनती है। जिससे दुकानदारी प्रभावित होती है। इतना ही नहीं आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। सभी व्यापारियों ने मांग की कि जल्द से जल्द अतिक्रमण की समस्या का निराकरण किया जाए। अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला ने बताया कि सोमवार से अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा और तहसील रोड को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि फड़, ठेला लगाने वालों के लिए जल्द ही सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर वेंडर जोन की स्थापना की जाएगी।

भाजपा नगर मंडल पूर्व महामंत्री मनोज वाधवा, नीरज रस्तोगी के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष से शहर में पार्किंग जोन बनाने की भी मांग की। इस अवसर पर संजय रस्तोगी, सुभाष पंचोली, अमित वर्मा, दिनेश भट्ट, धीरज अग्रवाल, किशन लाल गुप्ता, अजय अग्रवाल, मनोज बत्रा, विपुल अग्रवाल, कपिल रस्तोगी, कासिम सिद्दीकी, राहुल सक्सेना, अजहर सिद्दीकी, आशीष श्रीवास्तव, विजय कुमार, अन्नी चंद, शुभम पटवा, अर्पित कॉलोनी आदि उपस्थित थे।


खटीमा में जाम की समस्या को लेकर नगर के व्यापारियों से चर्चा करते पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# इतिहास से बड़ा होता है लोक

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। वे मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई-रिक्शा चलाने वाला चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है।

भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्जागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बताकर मार दिया जाता था, लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं।

विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है कि "जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।" परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है कि "वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।" अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, "मैं साम हूं। तू ऋक् है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।" एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, "तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।" भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं।

ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, "प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात् एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीय ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री।" परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया। रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गईं थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई है।

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होल्कर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं कीं। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निःशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोलीं। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सन् 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चौंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18 वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं, लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं।

लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली, लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाएं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गई थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# ज्ञान एवं आधुनिक प्रबंधन

भारतीय ज्ञान के स्रोत वेद, पुराण, उपनिषद इत्यादि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं। ये ग्रंथ मानव व्यवहार, नेतृत्व, निर्णय-निर्माण और संगठनात्मक संस्कृति के ऐसे सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं, जो आज के कॉरपोरेट और प्रशासनिक ढांचे में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। 'धर्म' केवल व्यक्ति विशेष की धार्मिक मान्यता या पूजा पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदार और न्यायसंगत आचरण के रूप को परिभाषित करता है। एक अच्छा प्रबंधक वही है, जो फैसले लेते समय केवल लाभ नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और सभी हितधारकों की भलाई एवं कल्याण को ध्यान में रखता हो। 'सत्य' और 'आत्म-ज्ञान' की अवधारणाएं न केवल आत्मिक उन्नति के लिए, बल्कि नेतृत्व की परिपक्वता के लिए भी आवश्यक है। इसलिए जीवन में परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म को प्राथमिकता देने की प्रेरणा निष्काम कर्म के सिद्धांत द्वारा प्रदर्शित होती है।



प्रो. एच. सी. पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

"कर्म करो, फल की चिंता मत करो" का संदेश भगवद गीता का मूल मंत्र ही नहीं है, बल्कि यह तनावमुक्त और प्रभावशाली नेतृत्व का रहस्य भी है। जब कोई व्यक्ति अपने कर्म को उद्देश्य की शुद्धता के साथ निष्पादित करता है, तो उसकी टीम के सदस्यों में भी विश्वास और समर्पण की भावना जागृत होती है और कार्य स्थल पर बेहतर व स्वस्थ कार्यसंस्कृति का निर्माण होता है। यह विचार विश्व बंधुत्व को प्रेरित कर वसुधैव कुटुम्बकम् और गवर्नेंस में वैश्विक स्तर पर पारस्परिक हितों के संरक्षण के दृष्टिकोण को व्यक्त करता है।

वेदों की अवधारणा हमें सिखाती है कि संगठन केवल एक सीमित इकाई नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक परिवार का हिस्सा है और इस सोच से आधुनिक समय में कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की अवधारणा को बल मिलता है। आज वैश्विक स्तर पर सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा काफी प्रबल है। हमारे धर्मशास्त्र प्रकृति के साथ तालमेल, प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण का संदेश देते हैं। इसलिए इको-फ्रेंडली नीतियां और दीर्घकालिक भारतीय सोच ही भविष्य को टिकाऊ बना सकती हैं।

मानव संसाधन के सफल प्रबंधन के लिए योग, अनुशासन की सीख कार्यसंस्कृति, कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सर्वोत्तम क्षमता के प्रदर्शन एवं योगदान की भावना को अभिप्रेरित करता है। हमारे वेद और उपनिषद हमें कठिनाइयों में धैर्य और संकट प्रबंधन की दृष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का नियम है, जो हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता विकसित करने एवं जीवन में लचीला दृष्टिकोण अपनाने और नवाचारी निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह हमें संकट के समय आत्मनियंत्रण और संतुलित मनः स्थिति बनाए रखने में सहायक होता है। हमारे ग्रंथ हमें निरंतर ज्ञान प्राप्ति की सीख देते हैं। प्राचीन काल में 'गुरु-शिष्य परंपरा' केवल शिक्षण तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सतत् विकास और व्यक्तित्व निर्माण का प्रक्रिया भी थी। आज के समय में संगठनात्मक नेतृत्व, नवाचार और टीम प्रबंधन में सामंजस्य के साथ ज्ञान साझा करने की संस्कृति उसी परंपरा का आधुनिक रूप है। वेद और उपनिषद केवल अतीत की गाथाएं नहीं, बल्कि ये ऐसे दिशासूचक हैं, जो हमें आज के बदलते जटिल और प्रतिस्पर्धी प्रबंधन जगत में नई दिशा और स्थिरता देने के साथ ही व्यावसायिक और सामाजिक परिदृश्य में नैतिक, प्रभावी और दूरदर्शी नेतृत्व का मार्ग दिखाते हैं। जब आधुनिक प्रबंधन इन प्राचीन सिद्धांतों को अपनाता है, तो वह केवल लाभ कमाने वाला नहीं, बल्कि समाज के लिए मूल्य निर्माण करने वाला मानवीय उपक्रम बनेगा, जो संस्थान की दीर्घकालिक सफलता और संतुलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# भारत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर

भारत नक्सलवाद की समस्या से तेजी से उबर रहा है और अब इसकी उपस्थिति सिर्फ नौ राज्यों के कुछ जिलों तक सीमित रह गई है। भारत में उग्रवाद के प्रभाव क्षेत्र को लाल गलियारा या रेड गैलरी कहा जाता है। भारत के मध्य, दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में इसका विस्तार देखा जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से संसद को बताया गया है कि छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल उन नौ राज्यों में शामिल हैं, जहां नक्सलवाद का प्रभाव बचा है।



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

> भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है।



भारत ने बीते तीन दशकों में उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है, जिसने इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाया है। हालांकि इन वर्षों के दौरान कई ऐसे मुद्दे भी रहे हैं, जिन्होंने भारत की प्रगति, इसके विकास और इसकी राष्ट्रीय एकता को खतरे में डाला है। इनमें से एक प्रमुख मुद्दा नक्सलवाद भी रहा है। भारत में नक्सलवाद, जो एक समय में काफी व्यापक था, अब तेजी से कम हो रहा है और इसके समाप्ति की ओर है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह सुदूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में एक बड़ी बाधा है। शाह की इस रणनीति का परिणाम रहा कि 2024 में सबसे अधिक 290 नक्सली मारे गए, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया। इस साल तीन महीने से कम समय में ही 90 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया जा चुका है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। अबूझमाड़ नक्सल एनकाउंटर में सुरक्षा बलों के जवानों ने नक्सलियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। इस मुठभेड़ में बस्तर में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का वांटेड ईनामी सीपीआई का सेक्रेटरी बसव राजू को ढेर किया गया, जो नक्सलियों के संचालक के रूप में काम कर रहा था। इसकी सुरक्षा में लगी टीम के नक्सली भी मारे गए। नक्सलियों के लिए ये बहुत बड़ा झटका है। इससे कुछ दिन पहले 31 नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार मिले।

सरकार की कार्य प्रणाली से सुप्रीम कोर्ट भी सहमत हुआ। कोर्ट ने पीआईएल खारिज कर टिप्पणी कि छत्तीसगढ़ में शांति बहाली की प्रक्रिया चल रही है। लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ऐसे में शांति के लिए चल रहे प्रक्रिया में हम अनावश्यक रूप से दखल नहीं देंगे। इस तरह के मुकदमे शांति व्यवस्था के लिए चलाई जा रही प्रक्रिया में बाधा पैदा करते हैं। इलाके में शांति आ रही है ऐसे में इस तरह की अनावश्यक रूप से चीजों को करने का कोई औचित्य नहीं है। साफ है कि नक्सल के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब ऐसे लोगों को बहुत राहत नहीं मिलने जा रही है, जो राजनीतिक या फिर अपने फायदे की रोटी सकते थे।

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है। भारत से नक्सलवाद के समाप्त होने के कई कारण हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है सरकार द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ व्यापक और समन्वित अभियान। सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे लोगों को नक्सलवाद से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। वर्ष 2013 में आजीविका योजना के तहत 'रोशनी' नामक विशेष पहल की शुरूआत की गई थी ताकि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। वर्ष 2017 में नक्सल समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना की शुरुआत की है।

सरकार अब जनजातीय लोगों और स्थानीय लोगों को विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे नक्सलवाद से दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से आम लोगों को होने वाली हिंसा और डर से भी लोग इससे दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है, जिससे लोगों को अन्य क्षेत्रों से जुड़ने में मदद मिल रही है। सरकार नक्सलियों को समर्पण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिसमें वित्तीय सहायता, स्टार्टअप अवसर और नौकरी की व्यवस्था शामिल है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने की स्थिति, ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए विभिन्न मंडलियों पर कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षक विचार शून्य रोबोट नहीं

आज का समाज विचारधाराओं में इस कदर विभाजित है कि हर बात, हर विचार और हर व्यक्ति को किसी न किसी पक्ष में खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे समय में एक शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान का प्रसार करने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि वह समाज के उस संवेदनशील सेतु का काम करता है, जो छात्र को मूल्यबोध, विवेक और संतुलन की दिशा में ले जाता है, लेकिन जब खुद शिक्षक की विचारधारा को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगे या जब उससे यह अपेक्षा की जाए कि वह अपने निजी विचारों को या तो छुपा ले या किसी खास विचार के साथ कदम मिलाए, तो यह केवल उसकी स्वतंत्रता पर हमला नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा पर प्रहार होता है।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

> अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

एक शिक्षक की विचारधारा उसकी आंतरिक समझ, अनुभव और सामाजिक सरोकारों से उपजती है। यह जरूरी नहीं कि वह विचारधारा छात्रों पर थोपे, लेकिन यह भी उचित नहीं कि वह अपने विचारों को जीने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। शिक्षक का मूल्य इस बात में नहीं है कि वह किस विचारधारा से जुड़ा है, बल्कि इस बात में है कि वह छात्रों को समाज के शाश्वत मूल्यों-जैसे सत्य, करुणा, न्याय, सहिष्णुता और प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता से कैसे जोड़ता है।

यदि किसी शिक्षक की विचारधारा उसके शिक्षण में पूर्वाग्रह, कट्टरता या एकपक्षीय दृष्टिकोण लाती है, तो वह छात्रों के विवेक का हनन करती है। यदि वही विचारधारा शिक्षक को अधिक मानवीय, संवेदनशील और विवेकशील बनाती है, तो वह शिक्षण को सजीव बनाती है। समाज को यह समझना होगा कि शिक्षक कोई विचार शून्य रोबोट नहीं होता और न ही वह समाज की राजनीतिक लड़ाइयों का मोहरा है। उसकी भूमिका उस संतुलनकारी शक्ति की है, जो छात्रों को सोचने, समझने और आत्मनिर्भर निर्णय लेने योग्य बनाती है। अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

# वैश्विक शिक्षा का नया सूर्योदय

भारत, जो कभी नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान के दीपों से पूरे विश्व को आलोकित करता था, आज एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। इस परिवर्तन की आहट अब केवल विचारों में नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और क्रियान्वयन में स्पष्ट सुनाई दे रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांच अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को भारत में डिग्री प्रदान करने वाले परिसर खोलने की स्वीकृति देना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। यह महज एक नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि उस बौद्धिक आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति है, जिसने भारत को सदियों तक ज्ञान का केंद्र बनाए रखा। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस दृष्टिकोण की पूर्ति करता है, जिसमें शिक्षा को न केवल समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही गई है, बल्कि भारत को वैश्विक ज्ञान व्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका में लाने का संकल्प भी निहित है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

आज भारत में शैक्षिक नवाचार की गति तीव्र हो रही है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, इटली और अन्य देशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय-जैसे इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैंपटन और इस्तितूतो यूरोपियो डी डिजाइन- अब भारत के प्रमुख शहरों मुंबई, बेंगलुरु, नोएडा, गुरुग्राम और गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित करने जा रहे हैं। यह एक नई दिशा है, जो केवल अकादमिक क्षेत्र में परिवर्तन नहीं लाएगी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्तर पर भी दूरगामी प्रभाव डालेगी। यह किसी तात्कालिक प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीति की परिपक्वता का संकेत है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष जो भारी विदेशी मुद्रा छात्रों की विदेश यात्रा पर व्यय होती है, वह देश के भीतर ही निवेशित होकर न केवल अवसंरचना को सशक्त बनाएगी, बल्कि प्रतिभा पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी। जब वैश्विक स्तर की शिक्षा भारत में ही सुलभ होगी, तो यह न केवल युवा प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय विश्वविद्यालयों को भी अपनी गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को प्रेरित करेगी और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में आकर्षित कर शैक्षिक पर्यटन को नया आयाम देगी। किंतु इस उदीयमान सूरज की किरणों के साथ कुछ प्रश्नों या यूं कहें कि चिंताओं की छाया भी है। जैसे कि एक चिंता समावेशिता को लेकर है। यह आवश्यक होगा कि सरकार और संस्थान मिलकर छात्रवृत्तियां, ऋण सहायता और क्रेडिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं को प्रभावी बनाएं ताकि ग्रामीण और वंचित तबके के छात्र भी इस बदलाव का हिस्सा बन सकें।

सांस्कृतिक और भाषायी विविधता को समाहित करना भी एक बड़ी चुनौती होगी। विदेशी पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों को भारतीय संदर्भों के अनुरूप बनाना आसान नहीं होगा। यह आवश्यक है कि शिक्षा केवल वैश्विक ब्रांडिंग तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें स्थानीय भाषाओं, संदर्भों और संवेदनाओं के लिए भी पर्याप्त स्थान हो। जब तक पाठ्यक्रम भारतीय विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक यथार्थ से नहीं जुड़ेंगे, तब तक वे सार्थक नहीं बन पाएंगे। यदि यह संकल्प समावेशी, सुलभ और दूरदर्शी ढंग से क्रियान्वित हुआ, तो भारत न केवल वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि एक नए बौद्धिक पुनर्जागरण का अग्रदूत भी बनेगा।

# तंबाकू और धूम्रपान, विनाशकारी प्रवृत्ति

तंबाकू का सेवन 28 अक्टूबर, 1492 को कोलंबस ने क्यूबा के आदि निवासियों को 'टैबोकास' द्वारा धूम्रपान करते देखा गया था। 1605 में भारत में इसका प्रवेश गोवा के मार्ग से पुर्तगाली व्यापारियों द्वारा हुआ। प्रारंभ में मुगल शासकों को इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया, परंतु 1619 में बुद्धिमान जहांगीर ने धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की आशंकावश इस पर प्रतिबंध लगा दिया, फिर 13 अप्रैल 1699 में सिख गुरुओं ने इसको धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया। इसी प्रकार बौद्ध धर्म में भी तंबाकू का प्रयोग वर्जित है।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दें। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

दुर्भाग्यवश अंग्रेजों के शासन आते ही तंबाकू और धूम्रपान को राज्याश्रय मिल गया और धूम्रपान को बड़प्पन की निशानी भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में मन जाने लगा। भारतवर्ष में जो गरीब थे महंगी सिगरेट या सिगार नहीं पी सकते थे, उन्होंने तंबाकू को तेंदू के पत्ते में लपेट कर बीड़ी के रूप में पीना शुरू कर दिया, जिनके पास बीड़ी भर का भी पैसा नहीं वे तंबाकू के पत्तों को सुखा कर हथेली पर रगड़ कर उसका स्वाद और नशा उठाने लगे। तंबाकू के विभिन्न प्रकार हैः धूम्रपान-सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, ई-सिगरेट (वेपिंग), मौखिक तंबाकू-सुर्ती, खैनी, गुटखा, पान मसाला आदि है। धूम्रपान के धुएं में 7000 विषैले पदार्थ होते हैं। संक्षेप में कहें तो बीड़ी-सिगरेट की छिपी हुई आग आपके कोमल अंगों (होंठ, मुख, परानासा गह्वरों, श्वसन पथ व हृदय) को धीमे-धीमे ऑक्सीकृत प्रक्रिया द्वारा जलाती रहती है। तंबाकू के कारण होने वाले असंक्रामक महामारियां है, जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज हृदयाघात, दिल का दौरा, कैंसर, पक्षाघात, सांस-खांसी आदि है। हर दिन 3,500 की जान ले रही है। भारत में तंबाकू का सेवन तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं। इसमें 11 करोड़ लोग खैनी, 7 करोड़ लोग गुटखा तथा 5 करोड़ लोग तंबाकू के साथ सुपाड़ी का सेवन करते हैं (सोसाईटी फॉर रिसर्च ऑन निकोटीन एण्ड टोबैको जर्नल,2024)।

भारत में पिछले दस सालों में असंक्रामक रोगों जैसे बीपी, डायबिटीज, हार्ट अटैक, कैंसर, पक्षाघात (लकवा) और सांस-खांसी की बाढ़ सी आ गई है। महामारी की सी स्थिति है। इस महाविनाश के मूल में तंबाकू या धूम्रपान प्रमुख कारण होता है (लैंसेट,2016)। तंबाकू के कारण कैंसर से 10 लाख लोग हर साल जान गवां रहे हैं। हमारे देश में कम उम्र में (35 वर्ष से कम) लोगों में होने वाले मुख कैंसर या हृदयाघात के पीछे बहुधा तंबाकू या धूम्रपान का हाथ होता है। वे महिलाएं, जो धूम्रपान करती हैं, उन्हें कम उम्र में हृदयाघात की संभावना उन स्त्रियों की अपेक्षा अधिक होती है, जो धूम्रपान नहीं करती हैं।

यही नहीं कभी-कभी तो मौखिक तंबाकू और धूम्रपान दोनों करने के कारण उस व्यक्ति को मुख का कैंसर और हृदयाघात दोनों एक साथ हो सकते हैं। मुंह वाणी अन्न का घर है तंबाकूखाना नहीं, गिरा अमृत की जगह है, जहर का ठिकाना नहीं। दिन भर निरंतर बीड़ी पीने के कारण किसी किसी को एक साथ दो जगह, दो अंगों में कैंसर हो सकता है। इसे कहते हैं तंबाकू की दोहरी मार। इतनी खतरनाक हो सकती है तंबाकू और धूम्रपान। किशोरों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे हमारे देवदूत होते है, इन्हें जागरूक करना चाहिए। साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन/माता-पिता द्वारा अच्छे संस्कार देना/समाज के संभ्रांत और शीर्षस्थ लोगों द्वारा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना न कि उसका प्रचार -प्रसार करना/टेलीविजन पर विमर्श/सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध, स्वयं बच्चों द्वारा इसकी मांग। तंबाकू से पर्यावरण-प्रदूषणः छोटी-छोटी प्लास्टिक की थेलियों का निस्तारण, जगह-जगह थूक, लार और खखार का घिनौना दृश्य, उससे उत्पन्न संक्रमण का भय। एक ही हुक्के से कई लोगों द्वारा धूम्रपान से एक दूसरे को टीबी जैसे संक्रामक रोगों का आदान-प्रदान।

आप जब धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आपकी अपनी संतति विशेषतः पुत्र को अपरोक्ष रूप से इन आदतों के लिए प्रेरित करते हैं। आप कितना भी न चाहें, उन्हें मना करें 100 में से 70 प्रतिशत बच्चे आपकी इन विषमय आदतों के जाल में फंस जाते हैं और अनेक प्रकार की मारक बीमारियों का छोटी उम्र में शिकार होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दे। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

संक्षेप में तंबाकू, धूम्रपान, गुटखे और वेपिंग से उत्पन्न बहुतेरी महामारियों की विनाशलीला को देखते हुए हम सबका यह परम कर्तव्य बनता है कि हम इन समस्त हानिकारक पदार्थों से कोसों दूर रहें ताकि हमारे किशोर इसके चंगुल में न फंस सके। यह जिम्मेदारी समाज के शीर्ष और श्रीमंत कहे जाने वाले लोगों पर और अधिक बनती है कि वे ऐसे आदर्श कदापि न प्रस्तुत करें, जो किसी भी प्रकार तंबाकू-धूम्रपान की विनाशकारी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती हो। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी की हमें तंबाकू मुक्त धरा के लिए हम सबको 'हर पल हर क्षण, तंबाकू विरुद्ध रण' करना पड़ेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# विद्यार्थियों को दी तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी और जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, जनपद में किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया

संवाददाता, रुद्रपुर



रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि सीएमओ व अन्य। ● अमृत विचार



बाजपुर के सरकारी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते पराविधिक कार्यकर्ता मो .शहीद।

**अमृत विचार :** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। वहीं जनपद के जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तम्बाकू नियंत्रण के संबंध में गोष्ठी और जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

शनिवार को देवस्थली विद्यापीठ लालपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने कहा कि तम्बाकू से होने वाले कैंसर और राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनपद में किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। साथ ही तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में दी जा रही जानकारियों के बारे में बताया। एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक ने तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कोतवाल धीरेंद्र कुमार, नारकोटिक्स प्रभारी ने भी छात्रों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस अवसर पर हिमांशु, प्रदीप महर, संजय पांडे समेत देवस्थली विद्यापीठ के प्रबंधक, प्राचार्य एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### बाजपुर में तम्बाकू के दुष्प्रभावों से किया सचेत

**बाजपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में तंबाकू मुक्त देवभूमि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में सीएमएस डा .पीडी गुप्ता की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू मुक्त देवभूमि अभियान के अंतर्गत पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने तंबाकू नियंत्रण अधिनियम-2023, सुरक्षित दवा, सुरक्षित जीवन अभियान के अंतर्गत ग्राहकों को मेडिकल स्टोर से दवाई खरीदते समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए की जानकारी दी गई।

### खटीमा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**खटीमा, अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के निर्देशानुसार विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। पीएमश्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य संतोष कुमार की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रोतेला, पैनल अधिवक्ता शहाना बेगम, कमान सिंह धामी, अब्दुल मजीद, आरबी सिंह राणा, पिंकी राणा, माया देवी, मीरा देवी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू के हानिकारक दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करना है और उन्हें इस आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। तंबाकू चाहे सिगरेट बीड़ी, गुटका, पान मसाला हो। यह शरीर को धीरे-धीरे नष्ट करता है इसके सेवन से मुंह के कैंसर, फेफड़े का कैंसर, दिल की बीमारी, सांस लेने में दिक्कत और गंभीर बीमारी होती है यह न केवल आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि आपके परिवार और समाज पर बुरा असर डालता है। इसकी लत से हर साल लाखों लोगों को अपनी जन गंवानी पड़ती है। इधर तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र चकरपुर में तंबाकू से होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान फॉर्मासिस्ट अनीता, हीरा देवी, मीरा देवी आदि उपस्थित रहे।



खटीमा में विश्व तम्बाकू दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल पैनल अधिवक्ता, शिक्षक और बच्चे।

## सार-संक्षेप



जसपुर में मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर एकत्र श्रद्धालु।

### श्रृंगार के बाद श्रद्धालुओं के लिए खुला श्याम बाबा का मंदिर

**जसपुर :** श्रृंगार के बाद नवनिर्मित बाबा श्याम मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया है। इस अवसर मंदिर समिति ने संकीर्तन महोत्सव का आयोजन कर भंडारा किया। मुख्य बाजार स्थित धर्मशाला मंदिर समिति ने मंदिर परिसर में ही श्याम बाबा के मंदिर का निर्माण कराया है। इसी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तीन दिनी संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया था। शनिवार की सुबह मंदिर समिति ने प्राणप्रतिष्ठा के समापन पर आरती, भोग एवं भंडारे का आयोजन किया। शाम को बाबा का भव्य श्रृंगार कर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर को खोल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वंशिका गुप्ता एवं नागेंद्र सूर्यवंशी ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर विधायक आदेश सिंह चौहान, डॉ .शैलेंद्र मोहन सिंघल, निकेश अग्रवाल, हरीश ग्रोवर, तरुण गहलोत, राजाराम राजपूत आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में वनकर्मी की मौत, परिजनों में कोहराम

**सितारगंज :** तराई पूर्वी वन प्रभाग की बारा कोली रेंज के गढ़ी बियर गेट में ड्यूटी पर तैनात वनकर्मी परमेश्वरी सिंह राणा (पुत्र करन सिंह राणा, निवासी पहसेनी) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, वह लंबे समय से वन विभाग में समूह 'ग' के पद पर कार्यरत थे और हादसे के समय सिडकुल क्षेत्र में ड्यूटी पर थे। बताया गया है कि वे सड़क किनारे खड़े थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जिसके पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो विवाहित पुत्र रोहित सिंह राणा, सत्यम सिंह राणा और एक विवाहित बेटी को छोड़ गए हैं।

### 80 पाउच कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** बाजपुर व केलाखेड़ा पुलिस ने 80 पाउच कच्ची शराब सहित दो लोगों को अलग-अलग स्थानों से आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी संदीप शर्मा अपनी टीम के साथ गश्त पर थे कि मुख्य बाजार सुल्तानपुर पट्टी, छोई मोड़ से कोसी कांटे होते हुए बाजार घाट की तरफ को जा रहे कच्चे मार्ग पर अंधेरे में एक व्यक्ति अपने कंधे के बायी तरफ एक कट्टा लटकाए हुए मुख्य सड़क की तरफ को आता दिखाई दिया। पुलिस को देख कर वह भागने लगा जिसे हल्का बल प्रयोग कर पकड़ा गया। पकड़े गए ग्राम जगन्नाथपुर निवासी कुंवर सिंह उर्फ डंपी के पास से 52 पाउच अवैध शराब बरामद हुई। वहीं केलाखेड़ा पुलिस ने पाठक के ईंट के भट्टे से लगभग 200 मीटर पहले (ग्राम बरवाला) कच्ची सड़क से 28 पाउच लगभग 14 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित ग्राम ढोढूपुरा निवासी बचन सिंह को गिरफ्तार किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### बिजली चोरी करते दो लोग पकड़े

**बाजपुर :** विद्युत विभाग व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने दो उपभोक्ताओं को चोरी की बिजली का उपयोग करते पाया है, जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी पंजीकृत करवाई गई है। एसडीओ ललित मोहन की अगुवाई में टीम द्वारा रत्ना मडैय्या केलाखेड़ा निवासी इसरार विद्युत भार 0 .887 किलोवाट, यहीं के परवेज खान को 0 .780 किलोवाट चोरी करते पाया गया। टीम में सतर्कता इकाई कुमाऊं क्षेत्र के अवर अभियंता मोहम्मद फरहान व जाकिर, लाइन कर्मी अमित चंद्र आर्या आदि शामिल रहे।

### घरेलू कलह को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी घायल

**बाजपुर :** ग्राम हजीरा में घरेलू कलह को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी घायल हो गए। पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत ग्राम केलावाला हजीरा में शनिवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे आपसी घरेलू कलह के चलते पारिवारिक लोगों में विवाद हो गया, जिनमें मारपीट हो गई। घटना में रमेश व उसकी पत्नी मुन्नी देवी घायल हो गए। इसी बीच सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### तमंचे के साथ आरोपी दबोचा

**बाजपुर :** पुलिस ने ग्राम मंसूरपुर में आटा चक्की के पास से वार्ड-9 थाना केलाखेड़ा निवासी शाहरूख (19) को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। टीम में एसआई संजय बोरा, जाबिर हुसैन आदि शामिल रहे। बताया गया कि आरोपित ने इंटरनेट मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो अपलोड की थी। जिसके चलते पुलिस ने यह कार्रवाई की है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आपसी बात को लेकर पड़ोसियों में मारपीट

**बाजपुर :** आपसी बात को लेकर पड़ोसियों में गाली-गलौज व मारपीट हो गई जिसमें एक व्यक्ति के चोटें आई हैं जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम रजपुरा नंबर-दो में पड़ोसियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चला आ रहा है, जिसको लेकर दोनों पक्ष एक-दूसरे से रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश में शुक्रवार की देर रात करीब 9 बजे दोनों पक्षों के लोग एक बार फिर से आमने-सामने आ गए और उनमें गाली-गलौज होने लगी तथा देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। घटना में रजवंत सिंह (18) घायल हो गया जिसे बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# भूमि का मृदा परीक्षण जरूर कराएं

संवाददाता, शांतिपुरी



किसानों को संबोधित करते मुख्य जिला कृषि अधिकारी अभय सक्सेना।

**अमृत विचार :** कृषि विभाग ने ग्राम शांतिपुरी नंबर दो में कृषि महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें किसानों को सरकार की खेतीबाड़ी एवं कृषि आधारित गोपालन, मत्सय पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन आदि स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा दी गयी।

मुख्य जिला कृषि अधिकारी अभय सक्सेना ने किसानों से अपील की कि वह खेती से अधिक लाभ अर्जित करने के लिए अपनी भूमि का मृदा परीक्षण जरूर कराएं। पंतनगर कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. एसके शर्मा ने किसानों को सीमित कृषि भूमि में अधिक लाभ कमाने के लिए मछली पालन को अपनाने की अपील की। ब्लाक कृषि अधिकारी शिव दत्त पाण्डे, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अनिल सैनी, डॉ. निर्मला भट्ट, पीडीओ नितिन नौटियाल आदि ने संबोधित किया। इसके अलावा ग्राम जवाहरनगर, शांतिपुरी नंबर एक व शांतिपुरी नंबर चार में भी कृषि गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, हयात सिंह कोरंगा, प्रधान विमला जोशी, कैलाश चंद्र जोशी, हरीश पंत, राजकिरन तिवारी, मोहन प्रसाद, महिला समूह की अध्यक्ष कविता तिवारी, अनिल सैनी, शम्भू कुमार, पशु चिकित्साधिकारी आलोक जोशी, दुग्ध विकास से किरन माजिला, किसान समिति शांतिपुरी के प्रबंधक प्रकाश तिवारी, रोशन लाल, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद जोशी, केशव पाखवाल, हेम चंद्र, राहुल सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर शरबत बांटा

**काशीपुर :** पाल महासभा की ओर से महाराणा प्रताप चौक पर अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर एक छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को शरबत पिलाया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। इस मौके पर पाल सभा संरक्षक ब्रह्मपाल, महापौर दीपक वाली, मनोज जोशी एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, अरुण चौहान, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, अलका पाल, प्रदीप जोशी, शुभम उपाध्याय, मुशर्रफ हुसैन, संदीप चतुर्वेदी, निश्चित गुड़िया, सुभाष पाल मौजूद रहे।



काशीपुर में नवनिर्वाचित पार्षद दीपा पाठक को सम्मानित करते अतिथि।

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन

**काशीपुर, अमृत विचार :** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर काशीपुर मीडिया सेंटर द्वारा 'एक शाम पत्रकारों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुंडेश्वरी रोड स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया सेंटर के अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सेठी ने की। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से वरिष्ठ पत्रकार आरडी खान व रफी खान ने किया। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, महापौर दीपक बाली, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एसपी अभय सिंह, भाजपा नेता व पार्षद गुरविंदर सिंह चंडोक, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण शर्मा आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने मंच से पत्रकारिता के महत्व, उसकी चुनौतियों और समाज में उसके दायित्वों पर अपने विचार साझा किए। इससे पूर्व वरिष्ठ पत्रकार दीप पाठक की पत्नी दीपा पाठक का नवनिर्वाचित पार्षद होने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मीडिया सेंटर से जुड़े सभी पत्रकार मौजूद रहे।



काशीपुर में किसानों को जानकारी देते गन्ना अधिकारी। ● अमृत विचार

### नवीनतम तकनीक के आधार पर करें गन्ने की खेती

**काशीपुर, अमृत विचार :** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार की मौजूदगी में बाजपुर परिक्षेत्र के ग्राम रामपुर सकर में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मुंडिया कला, रामपुर सकर और बाजपुर ग्राम में प्राथमिक पौधशाला का निरीक्षण एवं सर्वे कार्य की जांच भी की। शनिवार को कृषक गोष्ठी के दौरान निलेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ने की खेती करनी चाहिए। साथ ही अपनी भूमि की जांच भी करानी चाहिए। इससे भूमि में 16 प्रकार के पाए जाने वाले सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी के बारे में जानकारी मिलेगी। उसकी पूर्ति करने से जमीन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इस गोष्ठी का उद्देश्य गन्ना कृषकों को उन्नत प्रजाति के गन्ना बीज की जानकारी, गन्ने की फसल में लगने वाली बीमारियों और उसमें प्रयोग की जाने वाली दवाइयां व वैज्ञानिक विधि से कृषि करने के बारे में जानकारी देना था।

### लेन-देन को लेकर दो भाइयों में मारपीट

**बाजपुर :** पैसों के आपसी लेन-देन को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया जिसमें देखते ही देखते मारपीट हो गई। घटना में एक भाई घायल हो गया जिसे पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वार्ड-11 मोहल्ला पहाड़ी कालोनी निवासी दो भाइयों में शुक्रवार की देर रात आपसी लेन-देन को लेकर कहासुनी हो गई। जिसमें बात बढ़ी तो हाथापाई होने लगी और जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक भाई ने हमला कर दिया जिसमें सुनील पुत्र गंगा सिंह घायल हो गया। घटना में आइसक्रीम का ठेला भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं खबर लिखे जाने तक किसी की भी ओर से लिखित तहरीर नहीं दी गई थी।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 4 घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** आपसी बात को लेकर चली आ रही रंजिशन में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे चल गए, जिसमें दो महिलाओं समेत दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। वहीं दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीरें दी हैं।


ग्राम हरिपुरा हरसान निवसी जसविंदर कौर पत्नी इकबाल सिंह व हरसान सेमल निवासी गुरदीप सिंह के परिवारों के बीच में किसी बात को लेकर रंजिश चली आ रही है। शुक्रवार की देर रात दोनों पक्षों के लोग एक बार फिर से आमने-सामने आ गए और उनमें बात बढ़ी तो लाठी-डंडे, धारदार हथियार इत्यादि चल निकले जिसमें एक पक्ष की ओर से जसविंदर कौर, उसका बेटा राजविंदर सिंह एवं खुशिया बाई पत्नी निहाल सिंह तथा दूसरे पक्ष की ओर से गुरदीप सिंह के चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीरें दे दी हैं, जिसमें खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी पंजीकृत नहीं हुई थी।



घटना की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे एक पक्ष के लोग। ● अमृत विचार



गुरदीप सिंह।



राजविंदर सिंह।

### महिला को गौवंशीय पशु ने टक्कर मारकर किया घायल

**बाजपुर :** मानसिक रूप से कमजोर 50 वर्षीय महिला को गौवंशीय मवेशी ने टक्कर मारकर गिरा दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना बेरिया दौलत पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम महोली जंगल में 50 वर्षीय संतो मानसिक रूप से कुछ कमजोर है। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह करीब 11 बजे वह गांव के नजदीक सड़क पर घूम रही थी। इसी बीच आवारा घूम रहे बैल ने संतो को टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। वहीं उधर से गुजर रहे लोगों ने शोर करके उसे किसी तरह उसे बचाया। वहीं घटना में घायल हुई संतो को गांव की ही परमजीत कौर ने तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

उत्साह

विकासखंड सितारगंज के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बिज्टी में किया आयोजन, चंद वंश के राजा कल्याण चंद की वीरगाथा सुनाई

# समर कैंप में बच्चों ने सीखी कुमाउनी भाषा, कैडेट्स ने निकाली रैली

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** विकासखंड सितारगंज के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बिज्टी में 27 मई से 2 जून तक उत्तराखंड शिक्षा विभाग की पहल पर आयोजित समर कैंप में बच्चों को कुमाउनी भाषा, बोली और लोक संस्कृति से रूबरू कराया जा रहा है।

इस कैंप में कुमाउनी भाषाविद् उमेश चंद्र पांडे द्वारा लोकगीत, लोकनृत्य (झोड़ा, चांचरी, भगनौला, न्योली), कुमाउनी वाद्ययंत्र, कहानियां, मुहावरे, ऐपण कला और गीत-संगीत के माध्यम से स्थानीय भाषा की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। पांचवें दिन की शुरुआत चंद वंश के राजा कल्याण चंद की वीरगाथा से हुई, इसके बाद बालगीत "काले कौआ काले, घुघुति मंगल खाले" के समवेत गायन ने माहौल में लोकभावना भर दी। मकर संक्रांति से जुड़ी घुघुती माला बनाना, होलिया नृत्य की उत्पत्ति पर वीडियो प्रदर्शन, जसवंत सिंह और गौरा देवी की कहानियों के माध्यम से बच्चों को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया गया।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर पोस्टर प्रदर्शन और नाट्य मंचन किया, वहीं "उत्तराखण्ड मेरी मातृभूमि" कविता के गायन ने सभी को भावविभोर कर दिया।

नोडल अधिकारी उमेश पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. देवेश गंगवार, बदरुद्दीन सिद्दीकी, प्रमोद जोशी, अमरीश गुप्ता, जसवीर सिंह सहित कई शिक्षकों और छात्रों ने सहभागिता निभाई।



अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बिज्टी में उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक।

### समर कैंप में छात्राओं को मेहंदी लगाना सिखाया

**काशीपुर, अमृत विचार :** पीएमश्री जीजीआईसी काशीपुर में प्रधानाचार्य गीता जायसवाल की अध्यक्षता में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस दौरान छात्राओं को मेहंदी लगाना सिखाया गया। कुमाऊंनी लोक परिधान में छात्राओं ने पोशाक, नृत्य, गाना, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। वहां पर प्रमिला भारती, चंद्रकला, रश्मि दुम्का, आभा पाठक, भावना सक्सेना मौजूद रहे। राउप्रावि सुदामालाल में अनुदेशक जसविंदर कौर ने पंजाब दे पकवान मक्के दी रोटी सरसों दा साग, पिन्नियां, दही भल्ले, छोले कुलचे, राजमा चावल, लस्सी आदि व्यंजन बनाना सिखाए गए।



काशीपुर में समर कैंप में शिक्षकों के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

### जीआईसी के समर कैंप में बच्चों को दिया भाषाई ज्ञान

**खटीमा, अमृत विचार :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप के पांचवें दिन थारू भाषा के अंतर्गत आज कैंप में भाग ले रहे बच्चों को अंगूरी देवी और लता देवी ने थारू जनजाति की संस्कृति उनके रहन-सहन के बारे में जानकारी दी गई। मंजू राणा और नरेंद्र सिंह रौतेला ने कहानी के माध्यम से हिंदी व थारू भाषा में बच्चों को भाषाई ज्ञान दिया गया।


जागेश तिवारी व डॉ. बीडी पंत ने गीत के माध्यम से भाषा को समझाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय पंत, भैरव दत्त भट्ट, युवराज, नरेश चंद्र तिवारी, शेखर कोठारी, हरीश सिंह, नवीन चंद्र जोशी आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


खटीमा में पीड़ित को सहायता मुहैया करते एनआरआई के पुत्र और अन्य।

### एनआरआई ने पीड़ित को दी 30 हजार की सहायता

**खटीमा** : कनाडा के एनआरआई ने कंचनपुरी निवासी राशिद शाह को 30 हजार की आर्थिक सहायता दी है। राशिद के घर में 10 अप्रैल की रात अचानक आग लगने से परिवार का सब कुछ जलकर राख हो गया था। कनाडा एनआरआई संदीप ग्रेवाल के बेटे बलदीप सिंह ग्रेवाल ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 30 हजार रुपये और सीमेंट की चादरें दीं। वहीं कैंसर रोग से पीड़ित यूपी मझोला नगर पंचायत निवासी अजय कश्यप को इलाज के रूप में नगद आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान मौके पर पूर्व कंचनपुरी समिति अध्यक्ष जसविंदर सिंह पप्पू बलिंदर सिंह ग्रेवाल प्रिंस गोपी ग्राम प्रतिनिधि ताहिर अंसारी आदि मौजूद रहे।


उपजिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौपते चारुबेटा की पूर्व प्रधान और अन्य।

### चारुबेटा की पूर्व प्रधान ने लगाया खुली बैठक न होने का आरोप

**खटीमा** : ग्रामसभा चारुबेटा की पूर्व ग्राम प्रधान रेखा सोनकर ने उप जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत की गतिविधियों का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने वर्षों से खुली बैठक न होने का आरोप लगाते हुए जांच कराने और खुली बैठक आयोजित कर जनता की समस्याओं के समाधान की मांग की है। एसडीएम बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में पूर्व प्रधान सोनकर ने कहा कि कई वर्षों से ग्राम पंचायत की खुली बैठक नहीं होने से विधवा, विकलांग एवं वृद्धावस्था पेंशन से वंचित चल रहे हैं। उन्होंने खुली बैठक नहीं होने से राशन कार्डों को वैधता एवं खुली बैठक में होने वाले विकास कार्य को लंबित बताया है। ग्राम की सरकार में तय होने वाली लाभकारी योजनाओं के लाभ से ग्रामीण वंचित चल रहे हैं। इधर चारुबेटा के कुछ राशन कार्ड धारकों ने एसडीम रविन्द्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर पुरानी सस्ता गल्ला की दुकान से राशन दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में उषा देवी, अंबा दत्त जोशी, कमला पंत, सरजू देवी, गुड्डी, सुशील देवी, सिद्धि प्रसाद, रेशमा देवी, जयंती देवी, शारदा, सावित्री देवी, हेमराज सिंह, रीना देवी, कमलावती देवी, भारती, मंजू, ललिता राणा, कमला यादव के हस्ताक्षर हैं।


खटीमा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नवनियुक्त राज्यमंत्री हेमराज बिष्ट।

### भाजपाइयों ने दर्जा राज्य मंत्री का स्वागत किया

**खटीमा** : भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त दर्जा राज्य मंत्री हेमराज बिष्ट उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद का खटीमा में प्रथम बार आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लोनिवि में नगर मण्डल अध्यक्ष जीवन धामी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर महामंत्री भुवन चंद्र भट्ट ने कहा कि हम सहज सरल व्यक्तित्व के धनी साधरण परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को धामी सरकार में स्थान देना हम सब के लिए गर्व का विषय है। कार्यकर्ताओं में इससे नया उत्साह आया है। इस अवसर पर हरिश्चंद्र जोशी, भैरव दत्त पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, जिला महामंत्री सतीश गोयल, किशन सिंह बिष्ट, संतोष अग्रवाल, रोहित गुप्ता, राहुल सक्सेना, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विमला मुडेला, सावित्री कन्याल, अंजू देवी, अनीता ज्याला, अनुपम शर्मा, इंदिरा चंद, भावना चंद, तारा बिष्ट संगीता राणा बीना कनौजिया ओम प्रकाश ठाकुर सतीश भट्ट अमित जोशी मोहित जोशी, राहुल चौहान, मोहित पोखरिया, ईश्वरी दत्त पांडे, झनकट मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह, जावेद रजा, सूरज धामी राशिद मिर्जा रमेश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

### समीक्षा बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा

**काशीपुर** : जिला निर्माण निगरानी समिति के तत्वावधान में मंडी गेस्ट हाउस में संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश कुमार और उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह मौजूद रहे। शनिवार को आयोजित बैठक में भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि पुष्कर सिंह धामी की सरकार सरलीकरण समाधान और संतुष्टि के मंत्र के साथ काम कर रही है। जन सेवा को समर्पित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे यही केंद्र सरकार का लक्ष्य है। बैठक में जल संस्थान, खाद्य पूर्ति विभाग, विद्युत विकास कार्यालय, सिंचाई विभाग और पीडब्ल्यूडी, तहसीलदार सहित अन्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। यहां बिजली, पेयजल, बीपीएल कार्डों के सत्यापन सहित अन्य समस्याओं से लोगों को निजात दिलाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान राज्य मत्स्य आयोग से अंबिक चौधरी, ओबीसी आयोग के सदस्य कमलेश कुमार, मंडल अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, धर्मपाल सिंह जाटव, एसडीओ पंकज कनौजिया, शिवम द्विवेदी, तहसीलदार पंकज चंदोला आदि मौजूद रहे।

# लोगों को स्वच्छ, सुलभ व विश्वसनीय ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करें विभाग

## सीएस ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, एजेंसियों से बनाया जाए समन्वय

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने उत्तराखंड जल विद्युत निगम सभागार में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में यूजेवीएनएल, पिटकुल और यूपीसीएल के तीनों कॉरपोरेशन के गतिमान कार्यों, उनकी वर्तमान स्थिति, उनकी प्रगति, भविष्य की रणनीतियों तथा लोगों को स्वच्छ, सुलभ और विश्वसनीय ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में व्यापक विचार विमर्श किया।


ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन। ● अमृत विचार

मुख्य सचिव (सीएस) ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रोजेक्ट को बनाते समय उसके तकनीकी, आर्थिकी और व्यावसायिक सभी पहलुओं को ध्यान में रखें। साथ ही, प्रशासनिक, पर्यावरणीय, वित्तीय और तकनीकी सभी तरह की महत्वपूर्ण स्वीकृतियां प्राप्त होने के पश्चात ही निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करें ताकि बाद में परियोजनाओं को पूरा करने में किसी भी अवरोध का सामना न करना पड़े। सभी प्रोजेक्ट को निर्धारित समयावधि में पूरा करें। केंद्र और राज्य के संबंधित मंत्रालयों तथा विभागों और एजेंसियों से समन्वय स्थापित करते हुए बाधक बिंदुओं का समाधान तलाशें। तीनों कॉरपोरेशन अपने-अपने महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की शुरुआती लागत, प्रोजेक्ट के विलंब की दशा में उसकी बढ़ी हुई लागत तथा ऊर्जा दक्षता में होने वाली हानि को रोकने के लिए व्यावहारिक उपायों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि ऊर्जा विभाग के तीनों कॉरपोरेशन अपने-अपने प्रोजेक्ट का इस संदर्भ में विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें कि प्रोजेक्ट की शुरुआती लागत क्या थी और किसी तरह के विलंब के चलते उसकी अंतिम लागत कितनी बढ़ी तथा उसके पीछे क्या कारण रहे। साथ ही ऊर्जा दक्षता में होने वाली हानि का क्या कारण है और उसको कैसे रोका जा सकता है।

ऊर्जा विभाग से जुड़े हुए तीनों कॉरपोरेशन आगामी मध्यकालिक और दीर्घकालिक अवधि का दूरगामी एजेंडा भी प्रस्तुत करें। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि तीनों कॉरपोरेशन आगामी 5,10,15 और 25- 30 वर्षों का विस्तृत एजेंडा आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

इस एजेंडा में भविष्य में ऊर्जा जरूरत को ध्यान में रखते हुए कारपोरेशन के क्या-क्या प्लान हैं, क्या टारगेट रहेंगे और उनको कैसे अचीव किया जा सकता है इनका विस्तृत विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# सूचना विभाग ने गोवर्धन दास को दी भावभीनी विदाई


कार्मिक गोवर्धन दास को सम्मानित करते अपर निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी।

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में कार्यरत गोवर्धन दास को अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर वाहन चालक के पद से सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विदाई दी गई।

सूचना विभाग में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि अपर निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। अपर निदेशक त्रिपाठी ने कहा कि गोवर्धन दास ने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया गया। उनकी सेवाएं अन्य कार्मिकों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम में व्यवस्थाधिकारी रामपाल सिंह रावत, फोटो फिल्म अधिकारी शेखर चन्द्र जोशी ने विचार रखे। सूचना कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश रावत, महामंत्री अंकित कुमार, उपाध्यक्ष संजय कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश धीवान, संयुक्त मंत्री पारूल चौधरी, संगठन मंत्री सतेन्द्र बिजिल्वाण, संयोजक अरुण कुमार ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला, रणजीत सिंह बुदियाल, जगदीश पटवाल, संघ के पूर्व महामंत्री सुरेश चन्द्र भट्ट सहित सूचना विभाग के सभी कार्मिक उपस्थित रहे। संचालन प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार द्वारा किया गया।

# कनकपुर में सड़क किनारे मिला युवक का शव

**संवाददाता, किच्छा**

**अमृत विचारः** कोतवाली अंतर्गत कनकपुर क्षेत्र में सड़क किनारे युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। करीब आठ माह पूर्व कनकपुर क्षेत्र में मृतक के पिता की हत्या के मामले में मृतक द्वारा वादी के रूप में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने से कुछ लोग मृतक की मौत को उस घटना से भी जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

किच्छा कोतवाली अंतर्गत कनकपुर क्षेत्र में अमृत योजना के तहत निर्मित की गई पानी की टंकी के निकट सड़क किनारे शनिवार की शाम करीब 7 बजे एक युवक का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना पर वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश कुमार शर्मा एवं लालपुर चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान ग्राम राघव नगर, कोतवाली किच्छा निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रामकिशन के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मृतक की पहचान जितेंद्र के रूप में की। ग्रामीणों के अनुसार मृतक जितेंद्र के पिता रामकिशन की लगभग आठ माह पूर्व उनकी गौशाला में बनी झोपड़ी में कुछ लोगों द्वारा हत्या कर दी गई थी। रामकिशन की हत्या के बाद पुत्र जितेंद्र ने कुछ लोगों पर पिता की हत्या का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ग्रामीणों द्वारा जितेंद्र की मौत को उस घटना से जोड़कर भी देखा जा रहा है, जिसके चलते जितेंद्र की मौत संदिग्ध बनती नजर आ रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतक जितेंद्र शराब का आदी था और संभवतः शराब का सेवन करने के चलते उसकी मौत हो गई।

### हाईवे पर खराब ट्रक की मरम्मत करना पड़ा महंगा

**किच्छा** : बरा चौकी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर खराब ट्रक की सड़क पर मरम्मत करना दो मिस्त्रियों सहित एक अन्य युवक को महंगा पड़ गया। इसी दौरान अनियंत्रित कंटेनर वाहन ने खराब खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान ट्रक के नीचे काम कर रहे दोनों मिस्त्री सहित निकट खड़ा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 18, सिरौली कला, पुलभट्टा निवासी हासिम हुसैन ने कहा कि वार्ड नंबर 12, किच्छा निवासी पीड़ित के भाई आसिफ हुसैन तथा इंतजार अहमद थाना अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक की वर्कशॉप में ट्रक रिपेयरिंग का कार्य करते हैं। पीड़ित के अनुसार 26 मई की शाम करीब 4 बजे छोटी कॉलोनी, निकट रेलवे गोदाम, रुद्रपुर निवासी रिंकू उसके भाई आसिफ एवं इंतजार को ट्रक रिपेयरिंग के लिए सितारगंज मार्ग पर बरा चौकी के निकट बुलाकर ले गए। बताया कि हाईवे पर गलत दिशा में ट्रक खड़े होने का हवाला देते हुए आसिफ एवं इंतजार ने ट्रक रिपेयरिंग करने से मना कर दिया। रिंकू द्वारा जबरदस्ती करते हुए आसिफ एवं इंतजार को रिपेयरिंग के लिए ट्रक के नीचे भेज दिया गया तथा ट्रक में मक्का भरा हुआ था।

# उत्तराखंड में सीडीएससीओ के दिशा निर्देश लागू होंगे

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

● **दवाओं के वैज्ञानिक, सुरक्षित और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से जिम्मेदार निस्तारण के लिए बड़ा कदम**

**अमृत विचारः** उत्तराखंड राज्य सरकार दवाओं के वैज्ञानिक, सुरक्षित और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से जिम्मेदार निस्तारण के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार ने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओके), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लागू करने की दिशा में कार्य आरंभ कर दिया है। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उत्तराखंड को देशभर में 'हरित स्वास्थ्य प्रणाली' का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल है।

स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त, एफडीए, डॉ. आर राजेश कुमार ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशा निर्देशों के बाद, हम इसे राज्य में लागू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक्सपायर्ड और अप्रयुक्त दवाओं के निस्तारण को लेकर अब तक एक स्पष्ट और सुसंगत प्रणाली का अभाव रहा है। उत्तराखंड जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील राज्य में यह चुनौती और गंभीर हो जाती है। अब हम इसे एक सुनियोजित प्रणाली के तहत नियंत्रित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन दिशा-निर्देशों में दवाओं के जीवनचक्र निर्माण से लेकर उपभोग तक और फिर उचित निस्तारण तक के हर चरण को ध्यान में रखकर प्रक्रिया तय की गई है।

डॉ. कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 'स्वस्थ नागरिक, स्वच्छ उत्तराखंड' मिशन के तहत यह पहल राज्य को एक हरित और सतत स्वास्थ्य सेवा मॉडल की ओर ले जाएगी। इस निर्णय से प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरणीय जिम्मेदारी और स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की संभावनाएं भी प्रबल हो गई हैं।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की योजना के अनुसार, राज्य के शहरी, अर्ध-शहरी और पर्वतीय इलाकों में चरणबद्ध ढंग से 'ड्रग टेक-बैक साइट्स' स्थापित की जाएंगी। यहां आम नागरिक अपने घरों में पड़ी अप्रयुक्त, एक्सपायर्ड या खराब हो चुकी दवाएं जमा करा सकेंगे। इन केंद्रों से दवाओं को वैज्ञानिक ढंग से संग्रह कर विशेष रूप से अनुमोदित प्रोसेसिंग यूनिट्स में निस्तारित किया जाएगा।

# दूसरे के कागजात पर लोन देने का आरोप

**काशीपुरः** एक महिला के कागजात पर दूसरी महिला को लोन देने के मामले में न्यायालय ने अप मनी शाखा लिमिटेड के शाखा प्रबंधक व कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिये हैं।

ढकिया नंबर एक काशीपुर निवासी अनीता देवी पत्नी मुकेश कुमार ने अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से काशीपुर अदालत में 175(3) बीएनएसएस का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि वह अपनी आवश्यकता के लिए अप मनी लिमिटेड शाखा काशीपुर में गई थी। जहां उसकी मुलाकात शाखा प्रबंधक राहुल राणा व कर्मचारी अमित से हुई थी। उन्होंने बताया था कि आपका लोन हमारी शाखा से हो जाएगा, जिस पर बैंक अधिकारियों के कहने पर अनीता देवी ने अपना आधार कार्ड, पहचान पत्र अपने पति मुकेश कुमार के बैंक एसबीआई के चार ब्लेंक चेक आदि प्रपत्र प्रबंधक राहुल राणा व अमित को दे दिए थे। तब उन्होंने कुछ समय बाद आने को कहा था। कुछ समय बाद अनीता वहां गई, तो उन्होंने बताया कि तुम्हारा लोन नहीं होगा। तुम्हारे आधार कार्ड पर 40 हजार का लोन पहले से चल रहा है। जिसमें प्रार्थनी ने बताया कि उसके नाम पर कोई लोन नहीं है। जब जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि शाखा प्रबंधक राहुल राणा व कर्मचारी अमित ने अनमोल देवी से हमसाज होकर अनीता देवी के आधार कार्ड व अन्य कागजातों पर फर्जी तरीके से अनमोल देवी को लोन दे दिया। इसकी शिकायत प्रार्थिनी ने थाना आईटीआई व एसएसपी रुद्रपुर से की, लेकिन कार्रवाई न होने पर प्रार्थना पत्र अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से काशीपुर अदालत में दायर किया। न्यायालय ने थाना आईटीआई से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए।

## वर्ग पहेली- 448

**बाएं से दाएं**

3. 1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4. 1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।


6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7. 1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।

8. 1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।
2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।
5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



### वर्ग पहेली -447 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | | 2 घ | | |
| | | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | | घ | | ली |
| ल | | | ड़ा | | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | | |
| री | | | 7 ट | कु | ली |
| | 8 ज | ड़ी | | | |

## सुडोकू -172

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 2 | | | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | | | | 8 | | | | |
| | | 7 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |

### सुडोकू - 171 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 20.59 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्लेशा 21.36 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष**: आज जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। त्वचा में किसी तरह का संक्रमण हो सकता है। परिजनों की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है।

**वृष**: आज पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बिक्री होने की संभावना बन रही है। गंभीर विषयों के अध्ययन का प्रयास करेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन**: आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क**: आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे। स्वादिष्ट भोजन व व्यञ्जनों का आनंद उठायेंगे। जीवनसाथी के प्रति मन में गर्व की भावना उत्पन्न होगी। किसी जरूरी काम को कल पर टालना आपके लिए उचित होगा।

**सिंह**: आज नई परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने संबंध अच्छे बनाए रखें। व्यर्थ के प्रेम संबंधों के कारण आपका मन व्यथित हो सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।

**कन्या**: आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको पहले की गई मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहने वाला है।

**तुला**: आज आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ भरपूर मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। नया भवन या वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक**: आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करना उत्तम होगा। विचारों में लचीलापन हमेशा बनाकर रखें।

**धनु**: आज दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। धन को लेकर असंतोष की भावना रहेगी। पुराना रुका हुआ काम आपको तनाव का अनुभव करायेगा।

**मकर**: आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे। दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ**: आज अपने करियर को लेकर थोड़ा असंतुष्ट हो सकते हैं। घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा। असामाजिक तत्वों से भय रहेगा। परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। लेकिन फिर भी आप अपने सभी कार्य निष्ठापूर्वक करेंगे।

**मीन**: आज पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ परिणामकारी है। विरोधियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।



सल्ट में शनिवार को तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार



टनकपुर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली। ● अमृत विचार

# स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है तम्बाकूः डॉ. दुर्गापाल

## जिले भर में मनाया गया तम्बाकू निषेध दिवस, विविध कार्यक्रमों में लोगों को जागरूक कर तम्बाकू का सेवन नहीं करने की अपील की गई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में शनिवार को तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में लोगों से तम्बाकू का सेवन नहीं करने की अपील की गई। तम्बाकू का सेवन सेहत के लिए हानिकारक होने की भी बात कही।

नगर निगम सभागार में आयोजित गोष्ठी के मौके पर विशेषज्ञों ने तम्बाकू पर व्याख्यान दिए। पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. जेसी दुर्गापाल ने कहा कि तम्बाकू के घातक परिणाम होते हैं। इसका सेवन छोड़कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की जरूरत है। कहा कि तम्बाकू के सेवन से व्यक्ति से लोगों की उम्र कम होती है। इसके अलावा अनेकों बीमारियां इससे पनपती हैं। यहां सुंदर सिंह, भुवन, मनोज सनवाल, राघव पंत, डॉ. हर्षवर्धन पंत, देवेश पंत, श्याम बिष्ट, आशीष वर्मा, शंकर दत्त भट्ट, हेम जोशी, गोकुल रावत, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, एमसी कांडपाल, चन्द्रमणि भट्ट, आनंद बगडवाल, पार्षद अमित साह आदि मौजूद रहे। उधर, सल्ट में भी तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस मौके पर तंबाकू खाने से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में लोगों को जानकारी दी गई इसके अलावा तंबाकू और नशा छोड़ने के लिए स्वास्थ विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। यहां एसीएमओ डॉ. दीपांकर डेनियल, डॉ. अफजल खान, डॉ. कमलेश जोशी, डॉ. अक्षय, डॉ. फैजान, नवीन ध्यानी, उमेश सनवाल आदि मौजूद रहे।



पिथौरागढ़ में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी एवं अधिकारी। ● अमृत विचार

### तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएस नबियाल एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. ललित भट्ट के निर्देशानुसार राजकीय नर्सिंग कॉलेज पिथौरागढ़ में गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें तम्बाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कार्की, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. यशपाल माहरा, चिकित्सा अधिकारी कमल गहतोड़ी, डॉ. प्रशांत धानिक, राजकीय नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष, मुख्य अतिथि बाल साहित्य कलाकार ललित सौर्य राठौड़, समाजसेवक विक्की मेहता आदि ने तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही पुलिस विभाग के अधिकारियों को कोटपा एक्ट में अधिक अर्थदंड वसूलने के लिए सराहनीय कार्य को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। ओली फाउंडेशन एनजीओ को भी प्रशस्ति-पत्र मिला। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों मे तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। ब्लॉक स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से सलाह दी गई कि क्षेत्र में तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दें। कार्यक्रम में जिला सलाहकार हिमानी जोशी, जिला समन्वयक प्रदीप भट्ट, योगेश भट्ट, ,दीपक बडोला, पंकज आदि उपस्थित थे।

## तम्बाकू से दूरी बनाएं अपना जीवन बचाएं

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** जिला विधिक सेवा साक्षरता एवं विधिक जागरूकता अभियान के तहत पालिका सभागार में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया।

अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत व संचालन पीएलवी अर्जुन सिंह व बिजेंद्र अग्रवाल ने किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने लोगों को तम्बाकू एवं नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए सभी को नशा न करने एवं इसका विरोध करने की शपथ दिलाई। उप निरीक्षक रवि जोशी ने नशे का सेवन करने वाले लोगों से दूर रहने एवं उनके दुष्परिणामों के बारे में बताया। सीएमओ डॉ. घनश्याम तिवारी द्वारा तम्बाकू उपयोग के दुष्परिणाम ओर उससे होने वाली बीमारी से लोगों को जागरूक किया।

जीबी पंत फाउंडेशन के नवीन चंद्र पंत, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नवल किशोर तिवारी, एडवोकेट सुनीता भट्ट, पालिका ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी, सोनी सिंह,अपार संस्था की काउंसलर शांति विष्ट ने लोगों से नशे से दूर रहने के प्रति उन्हें जागरूक किया।

### चेकिंग अभियान चलाया

**बनबसा :** पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर बनबसा पुलिस द्वारा थाना बनबसा क्षेत्रान्तर्गत विशेष जन जागरुकता अभियान संचालित कर स्थानीय नागरिकों को तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार के रोकथाम और तम्बाकू सेवन के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों व तम्बाकू निषेध के संदर्भ में प्रचलित कानूनी प्रावधानों के विषय में विशेष जानकारी से अवगत कराया।

## सार-संक्षेप

### शिलापट्ट में भाजपा पदाधिकारी के नाम से गरमाई सियासत



**अल्मोड़ा :** सरकारी योजनाओं में भाजपा पदाधिकारी के शिलापट्ट में नाम पर कांग्रेस ने सवाल उठाए है। मामले को लेकर कांग्रेस ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने ब्लॉक हवालबाग की योजना के उद्घघाटन पर शिलापट्ट पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष के नाम होने पर आश्चर्य जताया। कहा कि, जिले के अधिकारियों से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

### तिरंगा रैली निकाली

**लोहाघाट :** आपरेशन सिंदूर की सफलता पर बाराकोट मंडल के विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। मंडल अध्यक्ष राकेश बोहरा के नेतृत्व में हुए इस आयोजन मंडल महामंत्री दरबरन सिंह मेहता, महामंत्री सुनील वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष दीपेंद्र अधिकारी, मंडल मंत्री दीपक बिष्ट सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता राम सिंह सामंत, नारायण सिंह सामंत, भूपाल सिंह, जोगा सिंह, कल्याण सिंह, प्रकाश राम मौजूद रहे।

### देसी शराब संग गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** मुखानी पुलिस ने दो पेटी देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने गैस गोदाम रोड के पास से गुजर रहे एक व्यक्ति को रोका। आरोपी की पहचान बसंत आर्या निवासी प्रेमपुर लोसज्ञानी के रुप में हुई। आरोपी ने बताया कि वह ठेके से देशी शराब की पेटी लाया था और अपना खर्चा चलाने के लिए अधिक दाम में शराब बेचने की फिराक में था।



कथक नृत्य कार्यशाला समापन अवसर पर मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### पारंपरिक बोलों पर कथक नृत्य की दी जानकारी

**पिथौरागढ़ :** स्वरांजलि नृत्य वाटिका पिथौरागढ़ संचालिका उमा पांडेय की ओर से आयोजित चार दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का समापन हो गया। इसमें वृंदावन से पधारे कथक नर्तक और कोरियोग्राफर आशीष सिंह (नृत्य मंजरी दास) ने बच्चों को कथक नृत्य के पारंपरिक बोलों पर नृत्य की तालीम दी। कथक के ताल तीनताल में रचित बंदिशें तोड़ा, टुकड़ा तिहाई, परण, हस्तक नमस्कार, कवित्त लय के प्रकार, कौन सी बंदिश किस लय में की जाती हैं आदि की विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। उमा पांडेय ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ही यही है कि पिथौरागढ़ के बच्चों को कथक नृत्य में आगे बढ़ाने का अवसर मिलता रहे।

### परिजनों को बिना बताए चार बच्चे घूमने पहुंचे हरिद्वार

**किच्छा :** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में घर से ट्यूशन के लिए निकले चार बच्चों के अचानक लापता होने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। करीब 36 घंटे बाद चारों बच्चों के सकुशल बरामद होने के बाद पुलिस एवं परिजनों ने राहत की सांस ली। चारों बच्चे परिजनों को बिना बताए घूमने के लिए हरिद्वार चले गए थे। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि चारों बच्चे परिजनों को बिना बताए हरिद्वार चले गए थे। परिजनों ने बरामदगी पर पुलिस का आभार जताया है।

## मानसून की तैयारियों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं



चम्पावत में बैठक लेते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने जिला सभागार चम्पावत में बैठक कर विभागीय अधिकारियों को मानसून से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

प्रशासनिक अधिकारियों को एसएसबी, आइटीबीपी, एनएचपीसी जैसी एजेंसियों से समन्वय बनाए रखने को कहा। सम्बन्धित विभागों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने एवं नदियों में जल स्तर की दैनिक मानिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून की तैयारियों में ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शनिवार को आयोजित बैठक में डीएम ने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में जेसीबी मशीनों की रणनीतिक तैनाती करने और निरंतर निरीक्षण व कार्यशीलता की रिपोर्टिंग रखने को कहा। खतरनाक एवं जोखिम वाले स्थलों पर चेतावनी संबंधी साइनबोर्ड तत्काल लगाने के निर्देश दिए। मानसून के दौरान खाद्यान्न, ईंधन, औषधि आदि की उपलब्धता सुनिश्चितता करने, संभावित राहत शिविर स्थलों का चिन्हीकरण कर वहां समस्त आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था करने, पशुओं की सुरक्षा हेतु उपयुक्त शेल्टर चिन्हित करने, सभी पशुओं की टैगिंग पूरी करने और सुरक्षित गोशालाएं स्थापित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि सभी ड्रेनेज की सफाई कर संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि सड़कों के किनारे स्थित कलवर्ट अवरुद्ध न हों। सफाई के उपरांत मलबे को निर्धारित और सुरक्षित स्थान पर ही डंप किया जाए। जल निकासी एवं प्रवाह को ध्यान में रखते हुए प्रभावी जल प्रबंधन किया जाए।

## पुण्य तिथि पर फल वितरण किया

**रानीखेत, अमृत विचार :** पूर्व विधायक एवं नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. पूरन सिंह माहरा की 10वीं पुण्यतिथि पर उनके परिजन व रानीखेत कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गोविंद सिंह माहरा नागरिक चिकित्सालय, रानीखेत में श्रद्धांजलि व फल वितरण कार्यक्रम का किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे, प्रशासक हीरा सिंह रावत, विश्वविजय सिंह माहरा, उदिता नयाल, दीक्षा संधू, दलेर संधू, गीता माहरा, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी आदि मौजूद रहे।

## छात्रों ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** एसएसजे में अराजकता के माहौल पर नियंत्रण एवं शैक्षिक वातावरण पर सुधार को लेकर उत्तराखंड छात्र संगठन मुखर हो गया है। शनिवार को संगठन से जुड़े छात्रों ने विवि कुलसचिव को ज्ञापन सौंप उचित कार्रवाई की मांग उठाई।

ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय बनने के बाद विश्वविद्यालय अराजकता व गुंडागर्दी का केंद्र बनता जा रहा है। विश्वविद्यालय में कतिपय संगठनों के बीच टकराव से छात्र समुदाय और अल्मोड़ा शहर में चिंता की लहर है। ये घटनाएं ने केवल विश्वविद्यालय परिसर की मर्यादा को ठेस पहुंचा रही हैं, बल्कि इससे परिसर का शैक्षणिक वातावरण भी अत्यंत प्रभावित हो रहा है।

उछास की संयोजक भावना पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को इस तरह की घटनाओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और शिक्षा के क्षेत्र को अराजकता का केंद्र बनने से रोकना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में उछास के कोषाध्यक्ष भारतेंदु भाकुनी, मीडिया प्रभारी मयंक, आशा साह, पंकज समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रही।



कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते उत्तराखंड छात्र संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## बिंता में दो पक्षों में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** द्वाराहाट के बिंता में दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बग्वालीपोखर के नायल गांव के बगड़गांव तोक निवासी किशन चंद्र तिवारी ने तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह बालेश्वर महादेव मंदिर समिति का अध्यक्ष है। बैंक लेनदेन के काम से वह शुक्रवार सुबह मैनेजर से मिलने बिंता शाखा गए थे। वापस लौटते समय कार बैक करने के दौरान पिछला हिस्सा एक बाइक के टायर को छू गया। इतने में भवन स्वामी महेन्द्र सिंह नेगी निवासी नौलाकोट आग बबूला हो गया और गाली गलौज पर उतर आया।

विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से जान से मारने की धमकी दी। इधर, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खाई में गिरी कार, दो की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** भिकियासैंण-कड़ाकोट मार्ग के गुनसर गांव के पास आल्टो कार शनिवार शाम अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार आमखेत निवासी दीवान सिंह अपनी कार से पुत्री लता पत्नी विजय सिंह, निवासी कड़ाकोट को छोड़ने कड़ाकोट गांव गए थे। लौटते समय गुनसर गांव से दो किमी पहले अचानक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरी। ग्रामीणों और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरु किया। काफी मशक्कत के बाद घायल भगत सिंह पुत्र धन सिंह को खाई से निकालकर सीएचसी भिकियासैंण भेजा गया। वाहन में सवार 72 वर्षीय दीवान सिंह और 57 वर्षीय महिपाल सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। एसआई संजय जोशी ने बताया वाहन में सवार सभी लोग आमखेत स्याल्दे ब्लाक तहसील भिकियासैण निवासी थे।



## युवक ने फंदा लगाकर जान दी

- **दिल्ली के होटल में करता था नौकरी, दो माह से था गांव में**

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** कोतवाली अंतर्गत द्वारसों गांव निवासी एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह दिल्ली के होटल में नौकरी करता था और दो महीने से गांव आया हुआ था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सौरभ मेहरा (26) पुत्र पूरन सिंह मेहरा होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के बाद दिल्ली जॉब करने चला गया था। करीब दो महीने पहले वह घर आया था और तब से घर पर ही रह रहाथा। एक महीने पहले ही उसने बुलेट खरीदी थी। शनिवार सुबह वह ठीक था। इसी दौरान वह अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक जब वह वहां नहीं दिखाई दिखा तो उसका चचेरा भाई ढूंढते हुए रसोई में पहुंचा। अंदर का मंजर देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। सौरभ फंदे पर लटका था। आनन-फानन में परिजन उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। परिजनों के अनुसार सौरभ के पिता का भी छह साल पहले निधन हो गया था। वह अपनी मां के साथ रह रहा था। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है। मां बेसुध पड़ी है। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

## नैनीताल में निकला नगर कीर्तन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा प्रबंधन कमेटी की ओर से शनिवार को पांचवें गुरु अर्जुन देव जी के शहादत दिवस पर नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्रीन सिटी नैनीताल को हरा-भरा रखने को प्लांट लंगर (पौधरोपण) और एजुकेशन लंगर (गरीबों में पुस्तक वितरण) किया गया। कमेटी ने मल्लीताल गुरुद्वारा से तल्लीताल तक झांकी निकाली। कमेटी के जगजीत सिंह ने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी के शहादत दिवस पर शहर में शोभा यात्रा और नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्री अकाल तख्त साहिब, तख्त श्री पटना साहिब, चार साहिबजादों के साथ ही कई झाकियां भी शहर में निकाली गई। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के महासचिव अमरप्रीत सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन में विगुल बैंड अमृतसर से बुलाया गया। रंजीत का अखाड़ा, रुद्रपुर, बाजपुर, हल्द्वानी आदि की संगत आई। इस साल गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा ने एक नई पहल शुरू की है जिसमें प्लांट लंगर (पौधरोपण) और एजुकेशन लंगर किया गया। गुरुद्वारा परिसर से तल्लीताल डांठ तक जगह-जगह लंगर लगाया गया। इस दौरान अमरप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, अमनप्रीत सिंह, जगजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।



नैनीताल में नगर कीर्तन के दौरान सफाई की सेवा करती संगत। ● अमृत विचार

पहल

### क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर, चारा साइलेज पर देंगे प्रशिक्षण, अल्मोड़ा विकास भवन में सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक

## जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने को देंगे प्रशिक्षण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर एवं चारा-साइलेज विषय पर अब महिला सहकारिताओं के सदस्यों और कृषकों को प्रशिक्षण मिलेगा। इसको लेकर सीडीओ दिवेश शाशनी की पहल पर प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

शनिवार को सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीडीओ ने संबंधितों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रुपरेखा यथाशीघ्र तैयार की जाए तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप इन्हें क्रियान्वित किया जाए। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत कृषकों द्वारा प्रक्षेत्र में किए जाने वाले जलवायु अनुकूल कृषि प्रयासों की सतत निगरानी और तकनीकी सहायता भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि महिला स्वायत्त सहकारिताओं से जुड़े प्रगतिशील कृषकों के लिए आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में 'क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर' एवं चारा व साइलेज जैसे अत्यंत प्रासंगिक विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। बदलते जलवायु परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए इन प्रशिक्षणों के माध्यम से कृषकों को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल एवं लाभकारी कृषि विधियों से सशक्त किया जाएगा।



अल्मोड़ा विकास भवन में अधिकारियों की बैठक लेते सीडीओ। ● अमृत विचार

# देश में कोरोना के 3,395 मरीज, 4 की मौत

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, संक्रमण से जान गंवाने वालों में यूपी का भी एक व्यक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित हैं। मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कुल चार रोगियों की मौत हुई है। दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार पहुंची हैद्ध

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत में कोविड-19 की स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है, ज्यादातर मरीजों की घर पर ही देखभाल की जा रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। देश में 22 मई को रोगियों की संख्या 257 थी। 26 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 1,010 हो गया और शनिवार को 3,395 पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 685 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों में कहा गया है कि केरल में 1,336, महाराष्ट्र में 467, दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 और उत्तर प्रदेश में 117 लोग संक्रमित हैं। वहीं, ओडिशा में दो और लोगों के कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद राज्य में कुल मामलों की संख्या सात हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अश्वथी एस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा स्वरूप में गंभीर लक्षण नहीं दिखते और ज्यादातर मामले हल्के हैं। साथ ही, केंद्र ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन सभी को बदलते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार आवश्यक सावधानी बरत रही है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सोमवार को कहा था कि पश्चिम और दक्षिण भारत में नमूनों की जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि नये स्वरूप गंभीर नहीं हैं और ये ओमीक्रॉन के उप-स्वरूप हैं। उन्होंने कहा था कि पहले तीन स्वरूप के मामले ज्यादा हैं। डॉ. बहल ने कहा था, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। इस समय, कुल मिलाकर, हमें निगरानी रखनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है।


एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार, केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित

### हमें और होशियार रहने की जरूरत

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने मुताबिक हम स्थिति पर नजदीकी निगाह रखे हुए हैं। इस स्थिति में हमें और होशियार रहने की जरूरत है। लेकिन बहुत ज्यादा डरना नहीं है। अब तक ओमिक्रॉन के 4 सबवैरिएंट मिले हैं- एलउफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी.1.8.1 मिले हैं। इनमें पहले तीन ज्यादा तेजी से फैलते हैं।

# राहुल को नहीं दी जाएगी सावरकर के पोते के मातृवंश की जानकारी, याचिका खारिज

पुणे, एजेंसी



**मानहानि मामला**
- कांग्रेस नेता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कराई गई थी शिकायत दर्ज
- राहुल ने अदालत में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था

पुणे की एक कोर्ट ने शनिवार को विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की मातृवंश की जानकारी मांगने वाली राहुल गांधी की अर्जी खारिज कर दी। कांग्रेस नेता द्वारा सावरकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सत्यकी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है और राहुल ने कोर्ट में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिए गए कथित अपमानजनक भाषण से संबंधित है, न कि सत्यकी सावरकर की मां दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के मायके से। हिमानी सावरकर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के छोटे भाई गोपाल विनायक गोडसे की बेटी थीं। गांधी ने अपने वकील के जरिये दलील दी थी कि शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज करते समय अपने पिता के परिवार का विवरण तो दिया था, लेकिन अपनी मां के मायके की जानकारी नहीं दी है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि यह जानकारी सुनवाई के लिए महत्वपूर्ण थी। कोर्ट कहा, यह मामला दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के वंश से संबंधित या विवाद को लेकर नहीं है। इसलिए, आरोपी के आवेदन में कोई गुण नहीं दिखती। मामले को आगे जांच के लिए भेजने की भी कोई जरूरत नहीं है। इस बीच, अदालत ने गांधी की जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली सत्यकी सावरकर की याचिका को भी खारिज करते हुए कहा कि दिए गए आधार ऐसी कार्रवाई के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

## एक नजर

### नामपट्टिका पर पेशाब करने के आरोपी पर मामला दर्ज

**पुणे।** अम्बेगांव बुद्रुक में स्थित शिवाजी महाराज को समर्पित शिवसृष्टि थीम पार्क के गेट पर लगी नामपट्टिका पर शनिवार तड़के पेशाब करने के आरोप में 59 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवनाथ अमराले की शिकायत के आधार पर भारती विद्यापीठ पुलिस ने अमोल अरुण कुलकर्णी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता दोस्त के साथ घर लौट रहा था, जब तड़के तीन बजे उसने एक व्यक्ति को शिवसृष्टि के गेट पर लगी नामपट्टिका पर पेशाब करते देखा।

### आय से अधिक संपत्ति में घिरे अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेलागवी।** कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य भर में उन सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जिन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। बेलगावी, बागलकोट, बल्लारी, उडुपी, दावणगेरे, धारवाड़ और गदग सहित सात जिलों में छापेमारी की गई। जिन स्थानों पर छापे मारे गए वे बेलगावी में डी देवराज उर्स पिछड़ा अभिवृद्धि निगम के जिला प्रबंधक सिद्धलिंगप्पा, बागलकोट में ग्रामीण अभिवृद्धि और पंचयात राज विभाग के प्रथम श्रेणी सहायक शैला सुभाष तत्राणी तथा बल्लारी में पीडब्ल्यूडी से जुड़े हैं।

# भारतीय सेना ने किया अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकी का परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना लक्ष्य

भारतीय सेना कई अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है, ताकि उनके प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परीक्षणों का उद्देश्य सेना की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे सैन्य साजो सामान में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन, रनवे इंडिपेंडेंट, रिमोटली पायलटेड एरियल सिस्टम और काउंटर-यूएएस समाधान शामिल हैं। इन मूल्यांकनों के माध्यम से, भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त को विस्तार देना, परिचालन तत्परता को बढ़ाना और रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार व आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करना है। भारतीय सेना वर्तमान में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देश भर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक क्षमता विकास प्रदर्शन कर रही है।

**जागरूकता अभियान**


कोलकाता में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते स्वयंसेवक। इस दौरान तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों बताया गया। एजेंसी

# वायुसेना प्रमुख का हालिया बयान चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय है और ऐसे में सरकार को जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

- कहा- परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय सरकार उठाए सुधारात्मक कदम

सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय विजय करार दिया था और विभिन्न रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता जताई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। कांग्रेस नेता और तेलंगाना सरकार के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, पार्टी भारत-पाकिस्तान संघर्ष में एक बहुत ही निर्णायक जीत में वायु सेना की भूमिका की सराहना करती है।

# प्रधानमंत्री ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली : नड्डा

जयपुर, एजेंसी



- कहा- पहले नेता आते थे एक दूसरे के दोषारोपण में समय गुजारते थे, लेकिन आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली और आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही है। नड्डा यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश की तस्वीर बदली है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का देश दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बात को हम लोगों ने देखा है। हम अगर आपके पास आते हैं तो या तो कोई योजना देकर जाते हैं, बटन दबाकर आपके खाते में कुछ देकर जाते हैं और आपका सशक्तीकरण करने का काम करते हैं, यह हमारे काम करने का तरीका है।

## एनआईए ने तीन नक्सलियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में तीन नक्सलियों के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली में कथित रूप से शामिल होने के लिए आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के रांची में एक विशेष अदालत के समक्ष शुक्रवार को दाखिल पूरक आरोपपत्र में एनआईए ने कृष्णा हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरा उर्फ मतला कोरा उर्फ सुनील कोरा और रामदयाल महतो उर्फ नीलेश दा उर्फ बच्चन दा पर 2023 के भाकपा (माओवादी) साजिश मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है।

- प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली का मामला

# जयपुर में दो प्रमुख होटलों को बम से उड़ाने की धमकी, कार्यक्रम में तीन मंत्री भी थे मौजूद

जयपुर, एजेंसी

- धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद होटलों को खाली करवाया

जयपुर के दो प्रमुख होटलों में शनिवार को विस्फोटक होने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और इन होटलों को खाली करवाया गया। शनिवार को जब यह धमकी भरा ईमेल मिला उस समय राज्य सरकार के तीन मंत्री एक होटल में कार्यक्रम में भाग ले रहे थे।

हालांकि, होटल की गहन तलाशी ली गई लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। शहर में स्थित हॉलिडे इन होटल को शनिवार सुबह ईमेल के माध्यम से परिसर में बम होने की धमकी मिली। उस समय वहां एक कार्यक्रम चल रहा था। इसके मेहमानों में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, उद्यमिता मंत्री के.के. बिश्नोई और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक शामिल थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मंत्री बेढम को कार्यक्रम के दौरान धमकी के बारे में बताया गया। उन्होंने कार्यक्रम में होटल को खाली करने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद तीनों मंत्री वहां से चले गए।

अतिरिक्त उपायुक्त (दक्षिण) ललित शर्मा ने बताया कि बम और स्वान दस्ते ने होटल की गहन तलाशी ली लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इसके कुछ ही देर बाद, दिल्ली रोड पर स्थित रैफल्स होटल को ईमेल के जरिए ऐसी ही धमकी मिली। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और बम निरोधक दस्ते की टीम दोनों जगहों पर पहुंच गईं।

## कारोबार/कृषि

# इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना कर 50 प्रतिशत करेंगे ट्रंप

## भारत में आवास, वाहन और अन्य सामान की बढ़ सकती हैं कीमतें

पेन्सिल्वेनिया, एजेंसी

- एल्युमीनियम शुल्क में भी बढ़ोतरी बुधवार से होंगी लागू

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ये निर्यात अब तेजी से बढ़ते अमेरिकी शुल्क से प्रभावित होंगे, जिससे भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों की लाभप्रदता को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, ट्रंप द्वारा शुल्क को दोगुना करने के बाद, यह देखना बाकी है कि क्या भारत एक महीने के भीतर कुछ अमेरिकी निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले ही डब्ल्यूटीओ में एक औपचारिक नोटिस दिया है, जिसमें उसने इस्पात पर पहले लगाए गए शुल्क के जवाब में अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाने के अपने इरादे का संकेत दिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा, और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिर्माता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिर्माता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा 'आंशिक स्वामित्व' के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा। यूएस स्टील के एक गोदाम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ट्रंप ने कहा, हम आज यहां एक ब्लॉकबस्टर समझौते का जश्न मनाने के लिए आए हैं, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी एक अमेरिकी कंपनी बनी रहे।

उन्होंने कहा, आप एक अमेरिकी कंपनी बने रहेंगे, आप यह जानते हैं, है न? शुल्क के बारे में, ट्रंप ने कहा कि आयातित इस्पात पर शुल्क दोगुना करने से 'अमेरिका में इस्पात उद्योग और भी सुरक्षित हो जाएगा। लेकिन इतनी नाटकीय वृद्धि कीमतों को और भी अधिक बढ़ा सकती है। सरकार के उत्पादक मूल्य सूचकांक के अनुसार, जनवरी के मध्य में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से इस्पात की कीमतों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



### स्टील, एल्युमीनियम पर ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है। निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पार्ट्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं।

**सरकार से निर्यात की सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह**

# कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क में 10% की कमी

- शुल्क बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना

नई दिल्ली, एजेंसी



खाद्य तेल की कीमतों को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि रिफाइंड ऑयल पर शुद्ध सीमा शुल्क अभी 35.25 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय द्वारा कल देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार यह कमी शुक्रवार से प्रभावी हो गया है। इसके बाद कच्चे खाद्य तेल पर शुद्ध सीमा शुल्क 16.5 प्रतिशत हो गया है।

शुल्क में बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना है।सरकार ने यह कदम खाद्य तेल कीमतों में उछाल के बीच उठाया है। भारत में इस साल सरसों की बंपर फसल के प्रभाव को नकारते हुए खाद्य तेलों की कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ गई हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरसों तेल की कीमतें औसतन 25 प्रतिशत बढ़कर 170 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। एक साल पहले की तुलना में 28 मई को पाम ऑयल की औसत खुदरा कीमत 34 प्रतिशत बढ़कर 134 रुपये प्रति लीटर हो गई जबकि सूरजमुखी की कीमतें 30 प्रतिशत अधिक थीं। सोया तेल में सबसे कम 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और घरेलू बाजार में इसकी कीमत करीब 147 रुपये प्रति लीटर है।

# नैतिक तरीकों से अर्जित लाभ से राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमियों को संपत्ति सृजनकर्ता कहती है। उन्होंने कहा कि नैतिक तरीकों से उनके द्वारा अर्जित लाभ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्मारक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, "भारत में संपत्ति सृजन कभी भी वर्जित नहीं रहा है। हमने संपत्ति सृजन को बढ़ावा दिया है। हम संपत्ति सृजन चाहते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में उद्यमियों को हम संपत्ति सृजनकर्ता कहते हैं। वे चोर नहीं हैं। पंडित उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। यह पार्टी ही अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वास्तविक नैतिक प्रथाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाए। इससे ही राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन होगा। एक बार जब आपके पास संपत्ति होगी, तो आप श्रम को गरिमा देंगे, आप शिक्षा देंगे, आप कौशल देंगे, और आप राष्ट्र की गति और भावना को बढ़ावा देंगे। भारत के लिए दीनदयाल उपाध्याय के विचार को याद करते हुए, सीतारमण ने कहा कि योजना बनाते समय, हमें व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति को ध्यान में रखना चाहिए ताकि उसकी गरिमा को बरकरार रखते हुए उसका उत्थान किया जा सके।

## 8,450 करोड़ की तीन संपत्तियां इनविट फंड में स्थानांतरण को मंजूर

**नई दिल्ली।** देश के पहले सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने अपनी तीन राजमार्ग संपत्तियों को आईआरबी इनविट फंड में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

इन संपत्तियों का कुल उद्यम मूल्य लगभग 8,450 करोड़ रुपये के करीब है। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स की सहायक कंपनियों के बीच शेयर खरीद समझौता शुक्रवार को हुआ। यह लेन-देन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

# जीएसटी पंजीकरण में देरी के सोशल मीडिया के दावे खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआईसी ने शनिवार को जीएसटी पंजीकरण देने में देरी और भ्रष्टाचार के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक दावे को खारिज करते हुए कहा कि आवेदक ने अभी तक दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा मांगे गए विवरण पेश नहीं किए हैं।

एक व्यक्ति ने पेशेवरों के लिए सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर बताया कि कैसे 20 दिन पहले आवेदन करने के बाद भी उसे जीएसटी पंजीकरण नहीं दिया गया है। इस पोस्ट को 'एक्स' पर एक अन्य उपयोगकर्ता ने साझा किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि जीएसटी पंजीकरण देने में भ्रष्टाचार है।

एक्स पर ही सीबीआईसी ने मामले के तथ्य दिए और कहा कि आवेदन इस सप्ताह 26 मई, 2025 को दायर किया गया था, जिसे दिल्ली राज्य जीएसटी को सौंपा गया था। सीबीआईसी ने कहा कि इस मामले में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं थी। मामले को तुरंत संसाधित किया गया था और कंपनी की ओर से किराया समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पदनाम नहीं होने के बारे में सवाल किया गया था।

## खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती से रिफाइनरों को संरक्षण मिलेगा: उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए और आईवीपीए ने कच्चे तेलों पर मूल सीमा शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा है कि इस कदम से तैयार उत्पादों के आयात को हतोत्साहित किया जाएगा और घरेलू तेल परिशोधक कंपनियों (रिफाइनरों) के हितों की रक्षा होगी। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा, जबकि पहले यह 27.5 प्रतिशत था। पिछले छह महीनों में रिफाइंड पामोलीन के आयात में तेज वृद्धि होने के बाद, दोनों उद्योग निकाय, सरकार से कच्चे खाद्य तेलों और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच शुल्क अंतर को बढ़ाने का आग्रह करते आ रहे हैं। सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का सरकार का निर्णय एक साहसिक और समय पर उठाया गया कदम है।

## जान बचाने की जद्दोजहद



मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में मूसलधार बारिश के बाद जलजमाव की स्थिति बन गई है। इस दौरान पानी से घिरे इलाकों में फंसे लोगों की मदद के लिए रस्सी के सहारे कमर तक भरे कीचड़युक्त पानी में बचावकर्मी संघर्ष कर रहे। मणिपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जबकि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बारिश के कारण ऊपरी इलाके लोग घरों में कैद हो गए है और नीचले क्षेत्र में पानी भर जाने से तबाही सा मंजर बना हुआ है। एजेंसी

# भारतीय रुपया विदेश में कितना ताकतवर

रुपया (आईएनआर) भारत की आधिकारिक मुद्रा है, लेकिन इसकी स्वीकार्यता सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। भारत के कुछ पड़ोसी देशों और अन्य देशों में भी यह मुद्रा या तो अनौपचारिक रूप से उपयोग की जाती है या कानूनी मान्यता प्राप्त है। भारत का आर्थिक प्रभाव, पर्यटकों की संख्या, और पड़ोसी देशों के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध इसके प्रमुख कारण हैं। कुछ देशों में भारतीय मुद्रा को सीमित सीमा तक स्थानीय दुकानों या बाजारों में स्वीकार किया जाता है, जबकि जिंबाब्वे जैसे देश में इसे कानूनी मुद्रा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हालांकि, विदेश यात्रा करते समय भारतीय रुपये की सीमित मात्रा ले जाने की अनुमति होती है, और हर देश की अपनी विनिमय नीतिया होती हैं।

### रुपया कहां-कहां मान्य

**भारतीय रुपया मुख्यत:** भारत की मुद्रा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ देशों में यह मुद्रा स्वीकार की जाती है। इन देशों में इसका उपयोग दो श्रेणियों में होता है- अनौपचारिक रूप से स्वीकार किया गया और कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त।

### अनौपचारिक रूप से स्वीकार करने वाले देश

**नेपाल में रुपया की मान्यता :** भारत और नेपाल के बीच सामाजिक संबंध हैं। भारतीयों की संख्या अधिक होने से 100 रुपये तक के नोट स्वीकार हैं।

**भूटान में रुपये की उपयोगिता :** भूटान की मुद्रा नगुलत्रुम भारतीय रुपये के बराबर है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक साझेदारी से 100 रुपये तक के नोट उपयोग हैं। भूटान में रुपया पर्यटन और व्यापार में सहायक है।

**बांग्लादेश में रुपये का सीमित प्रयोग :** भारत से सटे बांग्लादेशी सीमावर्ती इलाकों में व्यापार और चिकित्सा कारणों से भारतीय मुद्रा का अनौपचारिक प्रयोग होता है। स्थानीय दुकानों में 50 और 100 रुपये के नोटों को स्वीकार किया जा सकता है।



### मालदीव में पर्यटक करते हैं उपयोग

मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक है। होटल, रिसॉर्ट और कुछ स्थानीय दुकानों में भारतीय रुपया स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह कानूनी नहीं है। विदेशी मुद्रा में भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

संबंधित देश की मुद्रा नीति की जानकारी लें।

आईबीआई की वेबसाइट या वित्तीय सलाहकार से मार्गदर्शन लें।

कुछ देशों में केवल छोटे मूल्य के नोट ही मान्य होते हैं।

मुद्रा विनिमय दरों की जांच करें।

### कितनी राशि ले जाने की अनुमति

भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, नेपाल और भूटान को छोड़कर आप विदेश यात्रा में अधिकतम 25,000 रुपये ही साथ ले जा सकते हैं। इससे अधिक राशि ले जाना अवैध माना जाता है। वहीं नेपाल में अब 4.25 लाख रुपये लेकर भारतीय पर्यटक जा सकते हैं। नेपाल सरकार ने अपने आर्थिक बजट में इसे शामिल किया है। नेपाल के अर्थ मंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल ने यह प्रावधान रखा, जिसमें अब भारतीय पर्यटक 4.25 लाख नकद लेकर नेपाल में प्रवेश कर सकेंगे।

### रुपया यहां कानूनी मुद्रा

जिंबाब्वे में 2009 से अपनी अस्थिर मुद्रा के स्थान पर कई विदेशी मुद्राओं को कानूनी दर्जा दिया गया। अमेरिकी डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड के साथ भारतीय रुपया भी कानूनी रूप से मान्य है। इसका उपयोग व्यापार और रोजमर्रा की खरीदारी में होता है।

## एक नजर

### सेना प्रमुख ने सीमा पर की तैयारियों की समीक्षा

**जम्मू।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू के परगवाल सेक्टर के दौरे के दौरान परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और ऑपरेशन सिंदूर में पूर्व सैनिकों की भूमिका की सराहना की। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, सीओएएस जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के परगवाल सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और टाइगर डिवीजन का दौरा किया, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सैनिकों की सराहना की। उन्होंने उभरती सुरक्षा गतिशीलता के जवाब में चुस्त और सतर्क रहने के महत्व पर जोर दिया।

### मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के तीन काडर और प्रतिबंधित कंगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।

### इंडोनेशिया में खदान ढहने से अब तक 14 की मौत

**सिरेबोन (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शुक्रवार को खदान के धंस जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढहने से दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में फंस गए थे। शुरुआत में बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक दर्जन घायल लोगों और 10 शवों को निकाला था। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार देर रात को तीन और शव बरामद किए गए तथा एक अन्य कर्मचारी की अस्पताल में मौत हो गई जिससे मरने वालों की संख्या 14 हो गई।

### बलूच हमले में पाकिस्तानी अधिकारी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में बलूच चरमपंथियों के हमले में पाकिस्तान सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के चरमपंथियों ने शुक्रवार देर रात खुजदार जिले के सोराब शहर पर हमला कर उस पर कुछ समय के लिए कब्जा कर लिया और कई संपत्तियों को आग के हवाले किया तथा एक बैंक को लूट लिया।

# चीन के आसन्न खतरे के खिलाफ हिंद प्रशांत सहयोगियों के साथ अमेरिका

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- चीन के बढ़ते दबाव को झेल रहे देशों को अकेला नहीं छोड़ेंगे

- पीट हेगसेथ बोले- अमेरिका के सहयोगी देशों को भी बढ़ाना चाहिए अपना रक्षा खर्च
- अमेरिका सुरक्षा व्यवस्था करेगा मजबूत ताकि ताइवान के प्रति चीन के रुख का कर सके मुकाबला

सिंगापुर, एजेंसी





अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा, लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है।

सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है।

### वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में हेगसेथ ने रखे विचार

हेगसेथ ने 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज' की ओर से आयोजित वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में कहा कि चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह ''इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है।'' हेगसेथ ने लैटिन अमेरिका में चीन की महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर पनामा नहर पर प्रभाव बढ़ाने के उसके प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने क्षेत्र के देशों से आग्रह किया कि वे रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के बराबर स्तर तक बढ़ाएं।

### सभी को देना होगा योगदान, अमेरिका अकेले आगे बढ़ने की रूचि नहीं रखाता

हेगसेथ ने कहा कि हम सभी को अपना योगदान देना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुछ महीने पहले पैट्रियट मिसाइल रक्षा बटालियन को पश्चिम एशिया में भेजने के लिए इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र से हटा दिया। हेगसेथ ने गया कि अगर हिंद-प्रशांत अमेरिका के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है तो अमेरिका ने उन संसाधनों को वहां से क्यों हटाया। हेगसेथ ने इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि यमन से किए गए हूती मिसाइल हमलों से बचाव और अमेरिका में अवैध आव्रजन के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संसाधनों का स्थानांतरण आवश्यक था। उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों और साझेदारों द्वारा अपने रक्षा खर्च और तैयारियों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अमेरिका अकेले आगे बढ़ने में रुचि नहीं रखता।

# कोलंबिया ने बयान लिया वापस भारतीय नीति का किया समर्थन

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई क्षति पर व्यक्त की थी संवेदना

बोगोटा, एजेंसी

कोलंबिया ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के सैन्य हमलों के बाद हुए जान-माल के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला अपना बयान वापस ले लिया है। भारत के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने की बात कोलंबिया के सामने रखी जिसके बाद कोलंबिया ने अपना बयान वापस ले लिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो से मुलाकात के बाद बोगोटा द्वारा विवादास्पद बयान वापस लेने की पुष्टि की। थरूर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए हैं। कोलंबिया से प्रतिनिधिमंडल ब्राजील जाएगा। यह पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका जाएगा।



बोगोटा में कोलंबिया की विदेश उप मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेन्सियो के साथ शशि थरूर और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ इथोपिया

**अदीस अबाबा।** इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा गए प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। फराह ने आतंकवाद से निपटने में भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राकंपा (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अदीस अबाबा पहुंचा था। इथोपिया में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, इथोपिया में प्रतिनिधिमंडल ने प्रॉस्पेरिटी पार्टी के उपाध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की।

### लातविया ने आतंकवाद के प्रति विरोध जताया

**रीगा।** लातविया पहुंचे भारतीय दल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन से मुलाकात की। विलम्सन ने आतंकवाद के सभी प्रकारों के प्रति लातविया के स्पष्ट विरोध को दोहराया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक संपर्क के हिस्से के रूप में लातविया की राजधानी का दौरा कर रहा है। रीगा में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सीमा पार आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने पर भारत के एकजुट रुख को पेश करते हुए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन और राजदूत एंड्रेज पिल्डेगोविक्स से मुलाकात की।

# परमाणु के लिए यूरेनियम के भंडार में वृद्धि कर रहा ईरान

- आईएईए ने ईरान से अपने रुख में बदलाव और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा

वियना, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है। आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है।

आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है।

## रूसी हमले में एक बच्ची की मौत, एक व्यक्ति घायल

**कीव।** यूक्रेन के अग्रिम क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले में एक बच्चे की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शनिवार यूक्रेन में 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं। वायु रक्षा प्रणाली ने तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को नष्ट किया जबकि 30 अन्य ड्रोन बिना नुकसान पहुंचाए अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे।

जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया क्षेत्र के डोलिंका में अग्रिम पंक्ति के एर गांव पर हमले में नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और 16 वर्षीय एक नाबालिग घायल हुआ है। फेडोरोव ने टेलीग्राम पर लिखा, एक घर नष्ट हो गया। विस्फोट से उत्पन्न कंपन ने कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया। मॉस्को ने हालिया हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन ने बताया कि शनिवार को रूस के रिल्स्क शहर और पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के आर्टाकोवो गांव में इमारतों पर यूक्रेनी ड्रोन से किये गये हमले में 14 लोग घायल हो गए।

# हार्वर्ड आने वाले आवेदकों की जांच करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी संघीय अधिकारी हार्वर्ड विवि में पढ़ने, काम करने या वहां जाने की योजना बनाने वाले वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की जांच करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उनका रुख यहूदी विरोधी तो नहीं है।

शुक्रवार को भेजे गए विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित संदेश में विश्वविद्यालय पर हिंसा और परिसर में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया गया है। यह पत्र 'एसोसिएटेड प्रेस' के पास उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि इस कदम से वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को उन आवेदनों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनका रिकॉर्ड संबंधित अपराधों में संलिप्त होने का रहा हो और अमेरिकी



आव्रजन कानून के तहत उनकी वीजा पात्रता पर उचित विचार किया जा सकेगा। यह जांच तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है और अमेरिकी दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों को पत्र भेज दिया गया है।

गोपनीय पत्र के अनुसार, इसे प्रायोगिक व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा जिसे और अधिक व्यापक रूप से विस्तारित किया जा सकता है। इस पर हार्वर्ड की प्रतिक्रिया के लिए ईमेल किया गया लेकिन फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।

### कर्मियों को नौकरी से निकालने के ट्रंप के आदेश पर रोक कायम

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कैलिफोर्निया के न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को मना कर दिया, जिसमें संघीय कार्यबल में कटौती के राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के आदेश पर रोक लगी थी। इसका मलतब है कि सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) की सिफारिश वाली श्रमबल कटौती फिलहाल स्थगित रहेगी। रिपब्लिकन प्रशासन ने सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित कई शहरों एवं श्रमिक संघों द्वारा दायर मुकदमे में सैन फ्रांसिस्को के न्यायाधीश सुसान इलस्टन द्वारा जारी आदेश पर तुरंत रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने अपने आदेश में सवाल उठाया कि क्या ट्रंप प्रशासन द्वारा संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का प्रयास वैधानिक रूप से सही है।

# भारत-पाकिस्तान में संभावित परमाणु युद्ध को व्यापार के जरिए रोकना गर्व की बात

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जिस 'सौदे' पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार से रोकने में सफल रहे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा।

भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं में व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई। भारत ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव से संघर्ष रोकने पर सहमति बनी। ट्रंप ने शुक्रवार को



- भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को किया है खारिज

कहा कि मुझे लगता है कि जिस सौदे पर मुझे सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि हम भारत के साथ काम कर रहे हैं, हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं और हम गोलियों के बजाय व्यापार के माध्यम से संभावित परमाणु युद्ध को रोकने में सफल रहे।

ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर वे गोलियों के माध्यम से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के माध्यम से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह बहुत बुरा होता जा रहा था। यह बहुत खराब होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधि अगले सप्ताह अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' से निकलने के बाद 'जॉइंट बेस एंड्रयूज' में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत के साथ सौदा करने के बहुत करीब हैं। अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करते हैं तो मुझे उनमें से किसी के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा। यह एक दिन में दूसरी बार है जब ट्रंप ने अपना यह दावा दोहराया है।

## अंतरिक्ष की यात्रा

### गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाएंगे भारतीय, नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर

# चांद के साथ अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए यह नवीनतम जानकारी साक्षा की। एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों





का सटीक प्रक्षेपण है। इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी कक्षा में पेलोड को प्रक्षेपित किया। अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। टीएसएटी-1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात् चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 2O) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा में काम करना जारी रखा।

### पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में है मौजूद

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी -सी 3 का ऊपरी चरण 2001 में टूट गया था, जिससे 371 टुकड़े हुए थे और वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। 2024 के अंत तक पीएसएलवी - सी 3 का मलबा कक्षा में ही है। 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुन:प्रवेश हुए। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया- मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी -एफ 12 और जीएसएलवी- एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं।